**जबलपुर**

शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
- चैत्र मास कृष्ण पक्ष-11
- वर्ष : 18 अंक : 330
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

**मौसम**
अधि. 39
न्यून.22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 उत्तर-दक्षिण विभाजन की झूठी कहानी — The Economist

मैट्रो
14 हवाई अड्डों पर भी रखी जायेगी नजर...


## कांग्रेस से भोपाल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# भोपाल में लंबे समय से भाजपा के सांसद रहे, लेकिन वे यहां की आवाज को संसद में उठाने में नाकामयाब रहे

**भोपाल ।** कांग्रेस पार्टी ने भोपाल संसदीय क्षेत्र के चुनावी रण को जीतने के लिए हर बार की तरह इस बार भी नया प्रयोग किया और कायस्थ समाज के अरुण श्रीवास्तव को मैदान में उतार दिया है। वे ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष रहे हैं। उनका मानना है कि कांग्रेस का कार्यकर्ता इसलिए उत्साहित है क्योंकि जमीनी कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया है। दूसरा, कार्यकर्ता न केवल मत के लिए काम करेगा, बल्कि चुनाव के लिए संसाधन भी जुटाएगा। उनका यह भी मानना है कि भोपाल में लंबे समय से भाजपा के सांसद रहे हैं, लेकिन वे यहां की आवाज को संसद में उठाने में नाकामयाब रहे हैं। अगर जनता ने अरुण को मौका दिया तो संसद में भोपाल की आवाज सुनाई देगी। अगर आवाज नहीं उठा पाए तो वह सांसद नहीं रहेंगे। तीसरा, उनका मानना है कि देश जिस प्रक्रिया से गुजर रहा है, ऐसे में कांग्रेस का जीतना बेहद जरूरी है। इस दृष्टि से उनको वोट मिलना चाहिए। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

inh न्यूज विशेष

### ये भी बोले श्रीवास्तव?

- *भाजपा की सांसद प्रज्ञा ठाकुर 5 साल कहीं दिखाई नहीं दीं, ना ही उन्होंने जनता के लिए कोई लड़ाई लड़ी*
- *अगर जनता ने मुझे मौका दिया तो संसद में भोपाल की आवाज सुनाई देगी*
- *देश जिस प्रक्रिया से गुजर रहा है, ऐसे में कांग्रेस का जीतना बेहद जरूरी है*



**सवाल:** आपको कांग्रेस पार्टी ने चुनाव में उतार दिया, लोगों ने बधाई दी होगी, इसका आगे क्या असर दिखेगा?

**जवाब:** भोपाल राजधानी के अंदर हमारे पास कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज है। कार्यकर्ता ही हमें पूरे तन-मन-धन से सपोर्ट कर रहे हैं। हमने एक अभियान शुरू किया है एक रुपया और एक वोट। मैं 40 साल से पार्टी से जुड़ा हूं। हमने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा के लिए काम किया है। मैं डॉ. शर्मा, इंदिरा गांधी और पूर्व रक्षामंत्री जगजीवन राम के कार्यों से प्रभावित हूं। इन सभी को नजदीकी से देखा और यही लोग मेरे आदर्श हैं। हमारी माता जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। मुझे दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का साथ मिला है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे साहब से मैंने कहा कि मैं इंदिरा गांधी के सिद्धांतों पर चलकर चुनाव लड़ना चाहता हूं, उन्होंने तुरंत हां कर दी।

**सवाल:** सुरेश पचौरी आलोक शर्मा को अपना आशीर्वाद दे रहे हैं, आपका क्या कहना है?

**जवाब:** हमको नहीं पता कि इस तरह से विचारधारा बदली जाती है। उन्होंने 10 मिनट में अपनी विचारधारा बदल ली। पचौरी को कांग्रेस पार्टी ने बिना चुनाव लड़े इतना सबकुछ दिया है। 4 बार राज्यसभा भेजा और दो बार केंद्रीय मंत्री बनाया, वे देश के रक्षामंत्री बने। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने। जो खुद नहीं चुनाव जीत सकते, वह दूसरों को आशीर्वाद दे रहे हैं, तो मैं क्या कहूं। ऐसे पचौरी ने जो कुछ भी किया उससे कांग्रेस पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। यह चुनाव लोगों के हित सुरक्षित रखने का है। जिस पर कुठाराघात हो रहा है। हम जवाहर लाल नेहरू, बाबू जगजीवन राम, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी की विचारधारा वाले लोग हैं। सुरेश पचौरी जैसे नेता इनकी विचारधारा को नहीं मानते तो उनको बहुत पहले चला जाना चाहिए था।


**सवाल:** कांग्रेसियों में भाजपाई गमछा पहनने की होड़ मची हुई है, इस पर आपकी क्या राय है?

**जवाब:** जिनके पास अपना कोई पॉलिटिकल विजन नहीं है। जिनके सिद्धांत नहीं और जो पॉलिटिकल तथा नीतियों को नहीं समझते वह गमछा बदलते हैं। कांग्रेस के गमछे में सेकुलरिज्म छिपा हुआ है। इसमें सामाजिक समरसता भरी हुई है। भाजपा की छोटी सोच है। वह देश को धर्म के नाम पर लड़ा रही है। हम तो जानते हैं कि जो देश का हेड होता है, उसकी सोच देश को आगे रखने की होना चाहिए, लेकिन वह अपने एजेंडे पर चल रहे हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सोना पहली बार 70 हजार के करीब पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोना गुरुवार को एक बार फिर अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 572 रुपए महंगा होकर 69,936 रुपए का हो गया। इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 6,634 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था।

### अतिथि शिक्षकों की नहीं लगेगी चुनाव में ड्यूटी



**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में नहीं लगाई जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिलों के कलेक्टरों को आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि अतिथि शिक्षकों की सेवाएं स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 30 अप्रैल तक मान्य की गई हैं।

### मेटा खोल सकता है भारत में अपना डेटा सेंटर



**नई दिल्ली।** फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा (मेटा) चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। हाल ही में मेटा के को फाउंडर मार्क जुकरबर्ग जामनगर में हुए अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था।

## जमुई में पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर बोला जमकर हमला

# देश की बढ़ती ताकत का अंदाजा लगा लें...आज का भारत दुश्मन देश को घर में घुसकर मारता है



*पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जमुई के खैरा में सभा को 28 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लालू के जंगलराज, भ्रष्टाचार और इंडी अलायंस पर निशाना साधा। साथ ही भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए पीएम ने साफ लफ्जों में कहा कि अब भारत शिकायत लेकर किसी देश के पास नहीं जाता, बल्कि दुश्मन देश को घर में घुसकर मारता है।*

### बिहार की धरती पूरे देश को दिशा दिखाने वाली रही है

एजेंसी ▶▶ जमुई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के जमुई स्थित खैरा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने देश की आजादी में बिहार के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि यही वो धरती है जो पूरे देश को दिशा दिखाने में आगे रही है,लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद बिहार के सामर्थ्य के साथ न्याय नहीं नहीं हो पाया। यहां सत्ता जिनके हाथों में रही उन्होंने समृध्द राज्य बनाने की दिशा में कोई ध्यान ही नहीं दिया। परिणाम ये हुआ है बिहार में जंगलराज स्थापित हो गया। अब एनडीए अपने अथक प्रयासों के साथ राज्य की छवि बदलने में लगी है। बिहार के साथ पूरे देश की मजबूती के लिए तेज गति से काम हो रहा है। स्थिति ये है कि एक समय था जब भारत के साथ कोई अन्याय होता था जो दूसरे देशों से शिकायतें की जाती थीं।

पीएम ने कहा- जंगलराज और खुलेआम अपहरण जैसे अपराधों ने बिहार को पीछे धकेल दिया था। एनडीए ने इसे दल दल से बाहर निकाला



### नीतीश फिर बोले: अब इधर उधर नहीं होंगे



सभा को संबोधित करते हुए बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने लालू सरकार के जंगलराज की याद दिलाई। कहा- पहले हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। अब सब कंट्रोल में है। इन लोगों को ले आएंगे तो ये फिर से यही सब करवाएंगे। इस दौरान नीतीश ने फिर से ये बात दोहराई कि प्रधानमंत्री जी मैं कहीं नहीं जाऊंगा। आपके साथ ही रहूंगा। पीएम मोदी और सीएम नीतीश 32 दिन बाद फिर एक साथ एक मंच पर हैं। इससे पहले औरंगाबाद में दोनों एक मंच पर नजर आए थे।

### नीतीश के बयान के बाद हंस पड़े प्रधानमंत्री

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जमुई पधारने के लिए प्रधानमंत्री जी आपको खूब धन्यवाद है। आपने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिया है। इसके लिए आपका खूब सारा शुक्रिया। भाषण के आखिर में नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री की तरफ इशारा करते हुए जनता का हाथ उठावाकर चुनाव में जीत दिलवाने का समर्थन लिया। नीतीश के इस अंदाज पर प्रधानमंत्री मोदी मुस्कुराते हुए दिखे। नीतीश कुमार ने हिंदी और मगही मिक्स भाषा में कहा- 'आप लोग इस उम्मीदवार को जिताइगा ना जी, हाथ उठाकर बतावा, हाथ उठाकर बोला कि जिताएंगे। चलिए ई बीच वाले भी हाथ उठाअव, कुल लोग हाथ उठाअव, चलिए धन्यवाद।

## कांग्रेस आलाकमान पर साधा निशाना

# संजय निरुपम ने निष्कासन पर कहा बेवजह ए-4 साइज पेपर बर्बाद किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई



पूर्व सांसद संजय निरुपम ने गुरुवार को पार्टी से निकाले जाने को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर कटाक्ष किया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी ने ऐसा उनकी ओर से अपना इस्तीफा भेजने के बाद किया गया। पार्टी को कार्रवाई के लिए ए-4 साइज का पेपर बर्बाद करने की जरूरत नहीं थी। इससे पहले अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों की शिकायतों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार देर शाम निरुपम को तत्काल प्रभाव से छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने का फैसला किया था। गुरुवार सुबह मुंबई कांग्रेस के पूर्व प्रमुख निरुपम ने एक्स पर कहा, ऐसा लगता है कि कल रात मेरा इस्तीफा पत्र मिलने के तुरंत बाद उन्होंने मेरा निष्कासन जारी करने का फैसला किया।

## गौरव वल्लभ भाजपा में हुए शामिल, बोले

# श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में कांग्रेस पार्टी के स्टैंड से मैं क्षुब्ध हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इधर, कांग्रेस नेता गौरव वल्लभ ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसके थोड़ी देर बाद ही वे दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पहुंचे और भाजपा का दामन थाम लिया। इससे पहले उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज जिस प्रकार से दिशाहीन होकर आगे बढ़ रही है,उसमें मैं खुद को सहज महसूस नहीं कर पा रहा। मैं न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकता हूं और न ही सुबह-शाम देश के वेल्थ क्रिएटर्स को गाली दे सकता। इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखे पत्र में वल्लभ ने लिखा, 'नमस्कार! भावुक हूं। मन व्यथित है। काफी कुछ कहना चाहता हूं।

## इंदौर में एकतरफा प्यार में गई तीन की जान

# आरोपी ने युवती और उसके दोस्त को साथ देखा तो मारी गोली, फिर खुद को भी उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर में गुरुवार को डबल मर्डर और सुसाइड की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक युवक ने युवती और उसके साथ आए रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। उसके बाद कुछ दूर जाकर खुद को भी गोली मार ली। यह घटना इंदौर के भंवरकुंआ इलाके की है। स्वामी नारायण मंदिर परिसर में घटना हुई है।

*स्वामी नारायण मंदिर परिसर में घटना हुई, आरोपी अभिषेक के पास पिस्टल कहां से आई पुलिस कर रही जांच।*



### लड़की का किसी और से बात करना आरोपी को पसंद नहीं आया

पुलिस के मुताबिक अभिषेक को स्नेहा और दीपक जाट की दोस्ती पसंद नहीं थी। वह स्नेहा से प्यार करता था, लेकिन स्नेहा ने उसे मना कर दिया था। इसके कारण अभिषेक ने पूर्व में भी दोनों को हत्या की धमकी भी दी थी। पुलिस पता कर रही है कि अभिषेक के पास पिस्टल कहां से आई।

### ईडी ने कुर्क की 2.36 करोड़ की प्रॉपर्टी



**भोपाल।** ईडी ने गुरुवार को एक प्रकाशन संस्थान की सतना, सीहोर की 2.36 करोड़ कीमत की 10 प्रॉपर्टी कुर्क की हैं। उक्त मामले में ईडी ने 30 मार्च 2024 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) 2002 के तहत प्रकाशन संस्थान के मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। इसके बाद से ही जांच की जा रही थी और गुरुवार को कार्रवाई की गई।

## आपस में गाली देने वाले आज मंच साझा कर रहे



### सीएम ने ली चुनावी तीन जनसभाएं

**भोपाल।** डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को बैतूल, नर्मदापुरम और दमोह में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के अंदर विरोधी दलों के बीच में क्या मिला हुआ है...देखो तो सही एक से बढ़कर एक मिलते हैं घमंडिया गठबंधन बनाते हैं। वो कहने के लिए लोकतंत्र की बात करते हैं,लेकिन चुनाव लोकतंत्र के लिए नहींलड़ रहे हैं।

## देश की पहली घरेलू जीन थेरेपी का राष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

### सुलभ और सस्ती थेरेपी मरीजों को नया जीवन देने में होगी सफल

# 'कैंसर' के खिलाफ हमारी लड़ाई में बड़ी सफलता: मुर्मू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को आईआईटी बॉम्बे में कैंसर के लिए भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी लॉन्च की। इस अवसर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की पहली जीन थेरेपी की शुरुआत कैंसर के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। राष्ट्रपति ने आगे कहा, सीएआर-टी सेल थेरेपी नामक उपचार की यह श्रृंखला सुलभ और सस्ती है, यह संपूर्ण मानव जाति के लिए एक नई आशा प्रदान करती है।



### भारत को तकनीकी क्रांति से होगा बहुत फायदा

यह पिछले तीन दशकों में आईआईटी, मुंबई द्वारा अनुसंधान और विकास पर दिए गए फोकस से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि आईआईटी बॉम्बे और इसके जैसे अन्य संस्थानों के संकाय और छात्रों के ज्ञान आधार और कौशल के कारण, समग्र रूप से चल रही तकनीकी क्रांति से भारत को बहुत फायदा होगा।

## *द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि क्रोनिक श्वसन बीमारियां, स्ट्रोक, श्वसन संक्रमण और कैंसर से मौतों में कमी आई*

अध्ययन में कहा गया कि यदि कोविड-19 का आगमन नहीं होता तो आंकड़ा कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता

# कोविड के बावजूद वैश्विक जीवन प्रत्याशा में 6.2 वर्ष की वृद्धि, तीन दशकों में भारत में लगभग 8 साल बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

तमाम वैश्विक बदलाव के बीच एक अध्ययन में सामने आया है कि दुनियाभर में लोग 1990 की तुलना में 2021 में औसतन छह साल से अधिक समय तक जीवित रह रहे हैं। इससे यह भी स्पष्ट हुआ है कि पिछले तीन दशकों में भारत में जीवन प्रत्याशा लगभग आठ साल बढ़ गई है। द लैंसेट में प्रकाशित एक नए अध्ययन में पाया गया है कि यह प्रगति डायरिया, निचले श्वसन संक्रमण, स्ट्रोक और इस्केमिक हार्ट रोग जैसे प्रमुख बीमारियों से होने वाली मौतों में कमी के कारण हुई है।

### भूटान में सबसे ज्यादा 13.6 वर्ष की वृद्धि



भारत के अलावा अन्य दक्षिण एशिया क्षेत्र में भूटान में जीवन प्रत्याशा (13.6 वर्ष) में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, इसके बाद बांग्लादेश (13.3), नेपाल (10.4), और पाकिस्तान (2.5 वर्ष) का स्थान है। महामारी की वजह से आई चुनौतियों के बावजूद शोधकर्ताओं ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी एशिया और ओशिनिया के सुपर क्षेत्र में 1990 और 2021 (8.3 वर्ष) के बीच जीवन प्रत्याशा में सबसे बड़ा लाभ हुआ।

### *दुनियाभर में मौतों के प्रमुख कारणों में एक बड़ा फेरबदल*

*शोधकर्ताओं ने नोट किया कि दशकों में पहली बार दुनियाभर में मौतों के प्रमुख कारणों में एक बड़ा फेरबदल हुआ है। महामारी के कारण रैंकिंग में भारी बदलाव आया है। स्टडी के को-फर्स्ट ऑथर और इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई) के प्रमुख शोध वैज्ञानिक डॉ. लियान ओंग ने एक बयान में कहा कि हमारा अध्ययन दुनिया के स्वास्थ्य की एक सूक्ष्म तस्वीर प्रस्तुत करता है।*






# आमी बोली भ्रष्टाचार हटाओ, ओरा बोले भ्रष्टाचारी बचाओ, टीएमसी सरकार ने गुनाहगारों को बचाने पूरी ताकत झोंक दी थी, इनको सजा दिलाना मोदी की गारंटी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बंगाल के कूच बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में भाजपा ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पीएम ने कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी।

बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर पीएम मोदी ने ममता सरकार पर हमला बोला है। बंगाल के कूच बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में भाजपा ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पीएम ने कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी।

उन्होंने कहा कि संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचार की पराकाष्ठा है। पीएम ने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश में सात दशक तक लोगों ने केंद्र सरकार में सिर्फ कांग्रेस का मॉडल देखा। अब पहली बार देश ने बीते 10 साल में पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार का विकास मॉडल देखा है।आज दुनिया कहती है कि मोदी मजबूत नेता है, मोदी कड़े और बड़े फैसले लेने वाला नेता है।

**संदेशखाली को लेकर ममता पर बरसे पीएम**

## 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर, आप सभी लोग मेरा परिवार

**कूच बिहार में बोले- ममता सरकार ने अत्याचार को नहीं रोका**

**यह राज्य की महिलाओं पर अत्याचार की पराकाष्ठा थी**



कूचबिहार के रासमेलार मैदान में पीएम ने बांग्ला में कहा कि आमी बोली भ्रष्टाचार हाटाओ, ओरा बोले भ्रष्टाचारी बाचाओ (मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ)।पीएम ने कहा कि पिछले 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर है। अभी तो मुझे बहुत काम करना है। हिंदुस्तान के हर इलाके में विकास हुआ। हर परिवार तक उसका लाभ पहुंचा। बंगाल के लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा, क्योंकि मोदी ने इसकी गारंटी दी थी। यहां के 40 लाख लोगों को पक्का मकान मिला, क्योंकि यह मोदी की गारंटी थी। दस साल में जो विकास हुआ, उसकी लंबी लिस्ट है। मेरे विरोधी कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। अरे, मोदी के लिए तो मेरा भारत मेरा परिवार है। आप मुझे बताइए कि आप मेरा परिवार हैं कि नहीं। मोदी ने बांग्ला में कहा कि आमार भारत आमार परिवार।

**आज ममता ने रैली नहीं रोकी**

पीएम ने इस बीच ममता बेनर्जी पर कटाक्ष भी किया। पीएम ने कहा कि मैं ममता दीदी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि 2019 में जब मैं यहां आया तो उन्होंने मेरी रैली में बाधा उत्पन्न की। मैंने उनसे कहा था कि जनता मेरा बदला लेगी, लेकिन आज उन्होंने ऐसा कुछ करने की कोशिश नहीं की और मुझे आप लोगों से मिलने दिया। मैं आज कोई परेशानी पैदा नहीं करने के लिए बंगाल सरकार को धन्यवाद देता हूं।

**राहुल का भाजपा पर निशाना**

### देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर चुनाव को लेकर कांग्रेस के वादों से जुड़ी एक पोस्ट की है। राहुल ने एक्स पर लिखा




कि कांग्रेस और 'इंडिया' का मतलब युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रुपए प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे, सुरक्षित संविधान और नागरिक के अधिकार होगी। भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ,असुरक्षा।

**पूर्णिया से पप्पू यादव ने ठोंकी ताल**

### हमारा लक्ष्य है कोसी और सीमांचल की आजादी

आजादी... आजादी...! यह नारा एक समय जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय में खूब चर्चित रहा था। अब कांग्रेस नेता



और पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कुछ ऐसी ही बात कह दी है। उन्होंने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य कोसी और सीमांचल की आजादी है। उन्होंने इस 'आजादी' पर आगे बात नहीं की और कहा कि वह कांग्रेस को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

**बिहार कांग्रेस में मची भगदड़**

### अनिल शर्मा भाजपा में शामिल सोनिया- खरगे को बताया सांप्रदायिक

बिहार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे अनिल शर्मा गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। इस दौरान उन्होंने कहा कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी है और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी सबसे ज्यादा सांप्रदायिक लोगों की कैटेगरी में आते हैं।

**उपेंद्र भी भाजपा में शामिल**

### लालू यादव भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ा रहे




राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व लोकसभा उम्मीदवार उपेंद्र प्रसाद ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और संजय मयूख के समक्ष अनिल शर्मा और उपेंद्र प्रसाद ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**भाजपाध्यक्ष नड्डा ने देहरादून में कांग्रेस को जमकर कोसा**

## कांग्रेस ने तीनों लोक में किया भ्रष्टाचार, यही उनका इतिहास

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवभूमि और वीरभूमि से कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न जल छोड़ा, न नभ छोड़ा, न थल छोड़ा, न पाताल छोड़ा है। उसने तीनों लोक में भ्रष्टाचार किया है। पाताल में कोयला घोटाला, आकाश में अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, जमीन पर बोफोर्स घोटाला और थल में पनडुब्बी घोटाला किया है। ये कांग्रेस पार्टी का इतिहास है।पिथौरागढ़ में नड्डा ने जनता की याददाश्त को ताजा किया। उन्होंने कहा कि क्या यह सच्चाई नहीं है कि कांग्रेस सरकार में कोयला का घोटाला हुआ था, पनडुब्बी का घोटाला हुआ था, 2जी और 3जी का घोटाला हुआ था, कामन वेल्थ गेम का घोटाला हुआ था।



**मोदी ने उत्तराखंड में बहाई विकास की गंगा**

पीएम प्रधानमंत्री ने कहा है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा। आज वह धरातल पर उतरता हुआ दिख रहा है और विकास की गंगा बह रही है। दशकों तक जनता के साथ धोखा किया, घोटाले किए और विनाश की तरफ ढकेला। नड्डा ने लोगों से कहा कि 19 अप्रैल को चुनाव में आपको उन लोगों का चयन करना है, जिन्होंने उत्तराखंड के दर्द को समझा है। उत्तराखंड को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, युवाओं की आकांक्षाओं को पंख लगाने का काम किया। महिलाओं का सशक्तीकरण किया, उत्तराखंड को मुख्यधारा में लाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी और दूसरी तरफ वो लोग हैं, जिन्होंने दशकों तक जनता के साथ धोखा किया, घोटाले किए। विकास का नारा देकर विनाश की तरफ ढकेला और घोटालों की सरकार एक नहीं अनेक सरकार चलाईं।

**शाह की गुवाहाटी में बड़ी रैली**

### 8 अप्रैल को शाह की रैली में एक लाख लोग शामिल होंगे

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 8 अप्रैल से असम में चुनाव प्रचार शुरू करने जा रहे हैं। पार्टी



की प्रदेश इकाई असम में रैली के दौरान अपनी ताकत दिखाने की भी कोशिश करेगी।विधायक और सोनितपुर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रंजीत दत्ता ने गुरुवार को कहा कि शाह की चुनावी जनसभा की पूरी तैयारी हो चुकी है। तीन विधानसभा सीटों से करीब 1 लाख लोग इस सभा में शामिल होंगे। शाह की सभा का आयोजन बिश्वनाथ जिले के गोहपुर शहर में किया जाएगा। दत्ता ने कहा कि कांग्रेस ने असम में अपना आधार खो दिया है।मैं पिछले कई दिनों से चुनावी कैंपन में जुटा हुआ हूं।

**ईरानी का राहुल पर करारा वार**

### आईएमएलयू से अब आ रही शर्म, झंडे छिपा रहे

**वायनाड।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर हमला बोला है। राहुल पर निशाना साधते हुए ईरानी ने आरोप लगाया कि वे अपने पार्टी के ही सहयोगी



दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) से शर्मिंदा हैं। उनके रोड शो के दौरान उसका झंडा नहीं दिखाया गया था। स्मृति ने कहा कि अगर उन्हें आईयूएमएल से शर्म आती है, तो उन्हें उनका समर्थन अस्वीकार कर देना चाहिए।

**राहुल ने संविधान की शपथ का उल्लंघन किया**

भाजपा के राज्य प्रमुख के सुरेंद्रन के नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए स्मृति ने कहा कि एसडीपीआई का समर्थन स्वीकार करके राहुल ने नामांकन दाखिल करते समय ली गई संविधान की शपथ का भी उल्लंघन किया है।

**इंडी गठबंधन की 'नीयत' केवल लूटने की**

ईरानी ने कहा कि इंडी गठबंधन एक ऐसा गठबंधन है जिसमें कोई 'नेता' नहीं है, कोई 'नीति' नहीं है और इसकी 'नीयत' केवल लूटने की है, जिसे भारत का हर नागरिक जानता है। गठबंधन बिखरा हुआ है। कांग्रेस और वामपंथी, वायनाड के साथ राज्य में एक-दूसरे के साथ लड़ रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### 16 फीट गहरे बोरवेल में फंसे बच्चे को निकाला

**विजयापुर।** कर्नाटक के विजयापुर के इंडी तालुका में बोरवेल में गिरे 2 साल के बच्चे को तकरीबन 20 घंटे के बचाव अभियान के सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बोरवेल के अंदर 16 फीट की गहराई में फंसे बच्चे सात्विक सतीश मुजागोंड को सुरक्षित बाहर निकालते ही खुशी की लहर दौड़ गई। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने बचाव अभियान को अंजाम दिया।



### हेमंत पर चार्जशीट 3 और अरेस्ट होंगे

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। ईडी की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने गुरुवार को आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ समन जारी किया है। इसके साथ ही इन तीनों की गिरफ्तारी की आशंका बढ़ गई है। इनकी भी मामले में संलिप्तता पाई गई है।



### चंद्रशेखर को मिली जान से मारने की धमकी

**नगीना।** उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भीम आर्मी प्रमुख एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर को गोली मारने की धमकी दी गई है। मामले की शिकायत लेकर जिला अध्यक्ष करणवीर सिंहशाहिद के दर्शन कार्यकर्ता एसपी से मिलने पहुंचे। सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जो पार्टी तक भी पहुंचा है।



**केजरीवाल को एक मामले में राहत**

## सीएम पद से हटाने की याचिका खारिज, 'सरकार' करे फैसला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्हें सीएम पद से हटाने की मांग की थी।

हाईकोर्ट ने कहा कि कभी-कभी, व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन करना पड़ता है। हिंदू सेना नामक संगठन के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से दायर याचिका में उन्हें सीएम पद से हटाने की मांग की थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि यह केजरीवाल का निजी फैसला होगा। इस मुद्दे पर निर्णय लेना दिल्ली के उपराज्यपाल या भारत के राष्ट्रपति पर निर्भर है।

**वकीलों से मुलाकात का वक्त बढ़ाया जाए**

शराब घोटाले के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल ने एक बार फिर कोर्ट का रुख किया है। सीएम के वकील ने कोर्ट में एक याचिका लगाई है। इसमें गुहार लगाई गई है कि जेल प्रशासन को यह आदेश दिया जाए कि वो अपने वकीलों से अतिरिक्त मुलाकात का वक्त दें।

**कविता की नई याचिका**

### 1 माह बेटे के साथ रहने से आसमान नहीं टूटेगा

तिहाड़ जेल में बंद बीआरएस नेता के. कविता के वकील एएम सिंघवी ने उनके अंतरिम जमानत पर बहस की। सिंघवी ने कहा आरोपी महिला का 16 साल का बच्चा है, जिसकी परीक्षाएं अप्रैल में होने वाली हैं। एक माह तक बेटे के साथ रहने की इजाजत देते हैं। कोई आसमान नहीं गिर जाएगा?



**संदेशखाली मामले में ममता सरकार पर भड़का कलकत्ता हाईकोर्ट**

# अत्याचार रोकने की संपूर्ण जिम्मेदारी सत्ताधारी दल की, जो हुआ शर्मनाक

**पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले में सुनवाई**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले में सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने ममता सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा है कि यदि किसी नागरिक की सुरक्षा को खतरा है तो फिर सौ फीसदी जिम्मेदारी सत्ताधारी दल की है। संदेशखाली मामले की सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा कि अगर एक फीसदी भी सच है तो यह पूरी तरह से शर्मनाक है। वहां जो कुछ भी हुआ उसकी नैतिक जिम्मेदारी जिला प्रशासन और सत्ताधारी दल की है। कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा कि अगर किसी नागरिक की सुरक्षा खतरे में है तो पूरी जिम्मेदारी सत्तारूढ़ दल की है।

**आप एक आरोपी की ओर से सवाल पूछ रहे**



सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस ने सख्त लहजे में शाहजहां के वकील से सवाल भी किए। उन्होंने कहा कि आप एक आरोपी शख्स की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। पहले अपने आसपास के साए से छुटकारा पाएं। उसके बाद दूसरे के बारे में बात करें। 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली इलाके की कई महिलाओं ने दो महीने पहले टीएमसी के तत्कालीन नेता शाहजहां शेख समेत अन्य पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। कई महीनों तक भाजपा टीएमसी पर हमलावर रही। इसके बाद शेख को गिरफ्तार कर लिया गया।

**यहां से रेखा पात्रा भाजपा उम्मीदवार**

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने संदेशखाली मामले की पीड़िता रेखा पात्रा को बशीरहाट सीट से उम्मीदवार भी बनाया है। पीएम ने संदेशखाली पीड़िता रेखा पात्रा से फोन पर बातचीत भी की थी। उन्होंने उनसे चुनावी तैयारियों, लोगों के बीच भाजपा के प्रति समर्थन और अन्य मुद्दों की जानकारी ली। रेखा ने संदेशखाली में महिलाओं की ओर से सामना की जाने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। इस दौरान पीएम मोदी ने रेखा को शक्ति स्वरूपा बताया था।

**ममता के बिगड़े बोल**

### भाजपा को बताया जहरीले सांप से भी बुरा...

लोकसभा चुनाव में नेताओं की ओर से अमर्यादित टिप्पणियों का दौर भी शुरू हो गया है। अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कूचबिहार में



विरोधी दल भाजपा को अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। ममता ने ये तक कह दिया कि जहरीले सांप पर विश्वास कीजिए, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूच बिहार में ममता ने भाजपा पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि शीतलकुची में जिसने गोली मारकर हत्या किया वो अभी बीरभूम में भाजपा प्रार्थी बन गया। ममता ने आरोप लगाया कि 3 सालों से आवास योजना का पैसा नहीं दिया जा रहा है। सड़क के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री को बताया कलंक**

ममता ने कूच बिहार से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रामाणिक का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुम मंत्री के नाम पर कलंक हो। राज्य सरकार के अधिकारियों का ट्रांसफर हो रहा है।

**बंगाल में कोई अलाएंस नहीं**

ममता ने कहा कि बंगाल में कोई इंडिया एलाइंस नहीं हुआ है। इंडिया नाम भी मैंने दिया था। दिल्ली में अलायंस हुआ है। ममता ने अपशब्दों का भी प्रयोग किया। बाद में उन्होंने उन शब्दों को सुधारने की कोशिश की।

**सुरजेवाला की हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी से मचा बवाल**

## विज ने सुरजेवाला को बताया भेड़िया, महिला आयोग ने थमाया नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद और अदाकारा हेमामालिनी पर दिया बयान अब सियासी रूप से नया विवाद खड़ा कर रहा है। महिला आयोग ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुरजेवाला को नोटिस थमाया है।

हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने सुरजेवाला को भेड़िया तक कह दिया। विज ने कहा कि सुरजेवाला का हेमामालिनी के बारे में बयान देना, कोई नई बात नहीं हैं, ये कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया ने भी कंगना रनौत के बारे में भी ऐसी ही टिप्पणी की थी। विज ने कहा कि इनके (कांग्रेस) पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने एक पुस्तक दी इनसाइडर लिखी थी, उस पुस्तक में इनका (कांग्रेस) महिलाओं के प्रति क्या विचार व दृष्टिकोण है, के 767 नंबर पेज पर साफ-साफ लिखा हुआ है।

**विवादित बयान पर पंचकूला में देना होगा स्पष्टीकरण**







**महिला आयोग ने जांच शुरू की**



**मुझे लगा कि सुरजेवाला एक सभ्य व्यक्ति हैं, मगर ऐसी बात की**

दूसरी तरफ एक मामले की जांच करने अंबाला पहुंची महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला को हमने नोटिस दिया है। नोटिस की एक कॉपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को भी भेजी गई है। इस नोटिस के माध्यम से सुरजेवाला को 9 अप्रैल को सुबह साढ़े 10 बजे पंचकूला स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है।

**भाजपा ने कांग्रेस को घेरा**

### सुरजेवाला ने महिला जाति का अपमान किया




भाजपा आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने ट्वीट कर कांग्रेस को घेरा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने हेमा मालिनी पर एक घृणित टिप्पणी की है। उनकी यह टिप्पणी न केवल हेमा मालिनी के लिए है, बल्कि ये बात सामान्य रूप से महिलाओं के लिए भी अपमानजनक है।

**आईएमडी ने दी सलाह**

## अप्रैल में ही पड़ेंगे लू के थपेड़े पांच दिन हीटवेव का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी ने ट्रेलर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अप्रैल में ही राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात समेत कई राज्यों में 20 दिन लू चलेगी। अहमदाबाद में भीषण गर्मी के बाद 100 ट्रैफिक सिग्नलों को 12 बजे से 4 बजे तक बंद करने का ऐलान किया है।

राज्य के कई स्थानों में स्कूलों के समय पर बदलाव हुआ है। बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में अगले 5 दिन हीट वेव की चेतावनी जारी की है। उत्तरी राज्यों दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड में मौसम बदलने वाला है। कई राज्यों को भयानक हीटवेव का सामना करना पड़ रहा है। जून तक पूरे देश का करीब 85 फीसदी हिस्सा आग में झुलसेगा। पिछली साल यह आंकड़ा 60 था। कर्नाटक में हीट वेव की स्थिति अल नीनो प्रभाव में वृद्धि के कारण है। राजधानी बेंगलुरु के लोगों को पानी के संकट के बीच भीषण गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। यहां बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री पहुंच गया।

### आसमान से धरती पर निशाना साधेगी नई पीढ़ी की 'अग्नि-प्राइम'



यह अग्नि सीरीज की मीडियम रेंज की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ एसएफसी और सशस्त्र बलों को बधाई दी

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप

# 2000 किमी की एरिया में नहीं बचेंगे दुश्मन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्ट्रेटिजिक फोर्स कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर नई पीढ़ी की 'अग्नि-प्राइम' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। उड़ान परीक्षण 3 अप्रैल को शाम करीब सात बजे ओडिशा तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया था। इस मिसाइल का टारगेट दायरा 1000 से 2000 किलोमीटर है। परीक्षण से पहले चीन का जासूसी शीप भी इस क्षेत्र से गुजरा था।

*यह परमाणु मिसाइल एक साथ दुश्मन के कई टारगेट को तबाह करने में सक्षम*

*मिसाइल ने अधिकतम सीमा तक जाकर अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया*

**उड़ान परीक्षण के प्रयासों की सराहना**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मिसाइल के सफल विकास और सशस्त्र बलों में इसके शामिल होने से सेना की शक्ति कई गुना बढ़ जाएगी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने सफल उड़ान परीक्षण के प्रयासों की सराहना की।

- डीआरडीओ ने डॉ. द्वीप से मिसाइल का किया परीक्षण
- परीक्षण ने अपने सभी लक्ष्यों को किया हासिल
- परीक्षण के दौरान पास से गुजरा जासूसी शीप
- इस मिसाइल से सेना की कई गुना बढ़ जाएगी शक्ति

## खबर संक्षेप

### सीजेआई नरीमन की भूमिका का किया जिक्र



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को दिवंगत दिग्गज वकील फली एस नरीमन को लेकर बताया कि वे कई वकीलों और न्यायाधीशों के गुरु थे। जब वह फैसलों की आलोचना भी करते थे तब भी उन्होंने कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। जब मुश्किल समय में कई आवाजें चुप हो गईं तो उनकी आवाज देश की आवाज बनी रही।

### फिर सुलगा पूर्वी ईरान 13 की हुई मौत



**दुबई।** दक्षिण पूर्वी ईरान में दो अलग-अलग घटनाओं में 8 बंदूकधारियों और ईरानी सुरक्षाबलों के 5 सदस्यों की मौत हो गई है। सुरक्षाबलों के 10 अन्य सदस्य जख्मी हुए हैं। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में रात के समय लड़ाई तब शुरू हुई जब बंदूकधारियों ने रस्क शहर में रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक चौकी और चाहबहार शहर में एक तट रक्षक स्टेशन पर गोलीबारी की।

### पीएम मोदी 12, तो शाह 9 अप्रैल को जाएंगे जम्मू



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य बड़े नेताओं के चुनावी सभाओं की तिथियां जारी कर दी गई हैं। पहले और दूसरे चरण में उधमपुर तथा जम्मू संसदीय सीट के लिए होने वाले मतदान के लिए पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे। 12 अप्रैल को उधमपुर के मोदी मैदान में पीएम नरेंद्र मोदी की रैली होगी।

### ब्रिटेन के कठिन क्विज में भारतीय ने बनाई जगह



**लंदन।** कम्प्यूटेशनल विज्ञान में स्नातक, कोलकाता के एक युवक की टीम ने ब्रिटेन में टेलीविजन के सबसे कठिन माने जाने वाले क्विज टूर्नामेंट के अंतिम चरण में जगह बनाई है। सौरजीत देबनाथ (31) इंपीरियल कॉलेज लंदन की चार सदस्यीय टीम में शामिल होंगे। 'यूनिवर्सिटी चैलेंज' ग्रैंड फाइनल में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के साथ इस टीम का आमना सामना होगा।

### ताइवान रेड लाइन है... पार न करे अमेरिका



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने मंगलवार को अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से फोन पर बातचीत की। जिनपिंग ने बाइडेन से कहा कि ताइवान रेड लाइन है, जिसे अमेरिका को पार नहीं करना चाहिए। जिनपिंग ने बाइडेन को चेतावनी दी कि चीन शांत नहीं बैठेगा। पिछले साल नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत थी।

## यात्रियों ने ऐसा कदम उठाया कि दुनिया में बन गया एक नजीर

# थाईलैंड के जहाज में आग लगने के बाद जान बचाने समुद्र में कूदे 108 यात्री

*थाईलैंड में भीषण जहाज हादसे की चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जिसमें तड़के एक जहाज के उड़ान भरने के बाद अचानक उसमें आग लग गई। इससे बीच हवा में ही यात्रियों की जान आफत में पड़ गई। इसके बाद यात्रियों ने अपनी जान बचाने के लिए जो कदम उठाया वो दुनिया में एक नजीर बन गया। सभी यात्री समुद्र में कूद गए।*

*जहाज थाईलैंड के तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ जा रहा था*

**जहाज के उड़ान भरने के बाद अचानक लगी आग से मचा कोहराम**

*आग लगते ही प्लेन में मौजूद यात्रियों की अटक गई सांसें उठाया बड़ा कदम*

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड की खाड़ी में गुरुवार तड़के हुए एक जहाज हादसे ने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है। जहाज के उड़ान भरते समय अचानक मिड-एयर होने के दौरान ही आग लग गई।

आग लगते ही प्लेन में मौजूद यात्रियों की सांसें अटक गई। लोगों के बीच जान बचाने की होड़ में चीख-पुकार मच गई। जहाज में लगी भीषण आग लगातार बढ़ती जा रही थी। लिहाजा यात्रियों ने फिर जो किया, वैसा आज से पहले दुनिया के किसी जहाज हादसे में शायद पहले कभी नहीं हुआ होगा। भीषण आग की चपेट में बीच हवा में फंसे यात्रियों ने अपने जान की बाजी लगाकर प्लेन से समुद्र में कूद गए।

**पहले धुंआ और फिर पांच मिनट से भी कम समय में लग गई आग**




**सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे**

घबराए यात्रियों को समुद्र में कूदते देख पायलट और क्रू मेंबर भी हैरान रह गए। हालांकि समुद्र में कूदने वाले सभी 108 लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बता दें कि सूरत थानी प्रांत से रात भर चलने वाला जहाज थाईलैंड के तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ पहुंचने ही वाला था कि तभी यात्रियों में से एक ने अचानक एक जोरदार आवाज सुनी और धुएं की गंध महसूस की। मैत्री प्रोमजम्पा ने बताया कि उन्होंने पहले धुंआ और पांच मिनट से भी कम समय में आग लगते हुए देखी और तभी लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया और अलार्म बजा दिया। उन्होंने बताया कि हम बमुश्किल से ही जीवनरक्षक जैकेट प्राप्त कर सके। अफरा-तफरी मच गयी। लोग चिल्ला रहे थे, मेरे भी आंसू आ गए।

**इंजन में लग गई थी आग जांच में जुटी टीम**

सूरत थानी अधिकारियों ने फेसबुक पर बताया कि जहाज पर सवार 108 लोगों में से 97 यात्री थे। प्रांत के जन संपर्क विभाग ने बताया कि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वीडियो में दिख रहा है कि लोग लाइफ जैकेट पहनकर जहाज के केबिन से तेजी से बाहर निकल रहे हैं। जहाज पर काला धुआं फैलते हुए देखा जा सकता है। बाद में जहाज से आग की लपटों को निकलते हुए देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया। आग जहाज के इंजन में लगी थी। इसके कारण की जांच की जा रही है।

## चट्टान कहकर श्रीलंका को दी थी जमीन

# विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताई 'कच्चातिवु' की सच्चाई




एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को तमिलनाडु की डीएमके पार्टी पर श्रीलंका को कच्चातिवु द्वीप देने के मामले में जमकर निशाना साधा। जयशंकर ने दावा किया कि इंदिरा गांधी ने जब पांच दशक पहले श्रीलंका को भारत का यह द्वीप सौंपा था तब डीएमके भी उसके पक्ष में थी।

- एस जयशंकर ने डीएमके पर हमला बोला

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान तमिलनाडु में वोटिंग से पहले एस जयशंकर कहा कि राज्य के लोगों को इस मामले की पूरी सच्चाई पता होनी चाहिए। एस. जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि जो सबसे महत्वपूर्ण है वह यह है कि तमिलनाडु के लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए। यह कैसे हुआ? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब केंद्र सरकार इस मुद्दे पर डीएमके बातचीत कर रही थी, लेकिन इसे मामले को पूरी तरह से गुप्त रखा गया था। तत्कालीन सरकार ने कच्चातिवु को छोटी चट्टान मानकर श्रीलंका को दिया था।

### 9 सोमालियाई समुद्री डाकुओं को पुलिस को सौंपा



**मुंबई।** पूर्वी सोमालिया में ईरानी जहाज एफवी अल कंबर को अपहृत करने वाले सभी 9 समुद्री लुटेरों को भारतीय नौसेना ने 3 अप्रैल को पश्चिमी तट पर लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया। गौरतलब हो कि अरब सागर में यह घटना 29 मार्च को हुई थी, जिसमें भारतीय नौसेना ने लगभग 12 घंटे तक चले इस ऑपरेशन के बाद समुद्री डकैती रोकने के साथ ही 23 पाकिस्तानी नागरिकों को बचाया था। बुधवार देर रात मुंबई लाए गए इन सोमालियाई लुटेरों के विरुद्ध अब आगे की कार्रवाई समुद्री कानून के तहत की जाएगी।

### श्रीलंकाई से रिहा हुए 19 मछुआरे चेन्नई पहुंचे

तमिलनाडु के 19 मछुआरों को श्रीलंकाई जेल से रिहा कर दिया गया है। सभी मछुआरे श्रीलंका के कोलंबो से एयर इंडिया के जरिये चेन्नई पहंच गए हैं। गौरतलब हो कि समुद्री सीमा पार करने के आरोप में पिछले महीने 6 मार्च को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इन 19 मछुआरों में मयिलादुथुराई के 9, पुदुकोट्टई के 4 और पुडुचेरी राज्य के कराईकल के 6 मछुआरे शामिल थे। ये सभी 6 मार्च को 2 नावों पर सवार होकर समुद्र में मछली पकड़ने गए थे। भारत सरकार के हस्तक्षेप के बाद श्रीलंकाई अदालत ने मछुआरों को रिहा करने का फैसला लिया है।

## 4 अप्रैल 1949 को हुई थी स्थापना

# 'नाटो' ने मार्चिंग बैंड के साथ मनाया 75वां स्थापना दिवस

एजेंसी ▶▶ ब्रुसेल्स

नाटो ने गुरुवार को पूरे यूरोप और उत्तरी अमेरिका में सामूहिक रक्षा के 75 साल पूरे होने का झंडे, केके और मार्चिंग बैंड के साथ जश्न मनाया। वहीं, यूक्रेन पर रूस का युद्ध अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है और सहयोगियों के संकल्प की कड़ी परीक्षा ले रहा है। ब्रुसेल्स में केक सेरेमनी में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और उनके समकक्ष उस क्षण को चिह्नित किया। 4 अप्रैल, 1949 को वॉशिंगटन में गठबंधन की स्थापना हुई थी।



**गंभीर वादे पर स्थापना**

नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि नाटो की स्थापना एक ही गंभीर वादे पर की गई थी। एक सहयोगी पर हमला सभी पर हमला है। उस नींव से, हमने इतिहास में सबसे शक्तिशाली और सफल गठबंधन बनाया है। ब्लिंकन ने नाटो को एक रक्षात्मक गठबंधन के रूप में वर्णित किया, जिसका किसी अन्य देश के क्षेत्र पर कोई इरादा नहीं है।

## सभी के आधार कार्ड बरामद

# नेपाल बॉर्डर से दो पाकिस्तानियों समेत तीन आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी एटीएस ने सनौली भारत-नेपाल सीमा से 3 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पाकिस्तानी और एक कश्मीरी है। आतंकियों के नाम मोहम्मद अल्ताफ और सैय्यद गजनफर हैं। उनके साथ कश्मीरी आतंकी नासिर अली को भी गिरफ्तार किया है। पाक आतंकी मोहम्मद अल्ताफ हिजबुल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुका है। एटीएस ने जब इन तीनों को दबोचा, तब इन्होंने खुद को भारतीय दिखाने की पूरी कोशिश की।



**आईएसआई के संपर्क में**

जांच में इन आतंकियों के पास से भारतीय पासपोर्ट भी बरामद हुआ है। इसके अलावा इनके पास से भारत, नेपाल, बांग्लादेश और अमेरिका की करेंसी भी बरामद हुई है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आतंकी नासिर अली आईएसआई के अपने हैंडलर सलीम से लगातार संपर्क में था, वह उसे निर्देश दे रहा है।

## द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

# सीबीआई और ब्राजीलियाई पुलिस के बीच हुआ अहम समझौता



*नई दिल्ली। ब्राजीलियाई संघीय पुलिस के निदेशक वाल्देसी उरकिजा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली स्थित केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मुख्यालय का दौरा किया। उरकिजा ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद और सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान दोनों के बीच अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटने एवं अन्य बिंदुओं पर द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। वाल्देसी इंटरपोल कार्यकारी समिति में उपाध्यक्ष भी हैं।*

## टीसीएस ने 3.5 लाख कर्मचारियों को जेनरेटिव एआई कौशल में किया ट्रेंड

# आईटी कंपनियां कर्मचारियों को जेनरेटिव एआई कौशल में कर रहीं हैं प्रशिक्षित

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

जेनएआई करना या न करना अब कोई विवादास्पद मुद्दा नहीं रह गया है। भारतीय आईटी कंपनियां जेनएआई की शक्ति को अपनाने के लिए सक्रिय रूप से अपने कार्यबल को तैयार कर रही हैं, जो व्यवसायों और प्रौद्योगिकी आधारों को नया आकार दे रही है। कुछ कंपनियाँ यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनके कर्मचारी आवश्यक कौशल प्राप्त करें।

टीसीएस ने कर्मचारियों के लिए विनिर्माण जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में जेनएआई प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया है। 6 लाख कर्मचारियों में से 350,000 से अधिक कर्मचारियों को मूलभूत जेनएआई कौशल पर प्रशिक्षित किया है। मानव संसाधन विभाग ने डिलीवरी प्रमुखों, प्रबंधकों और टीम नेतृत्व को सूचित किया है कि जेनएआई-तैयार मॉड्यूल के साथ 100 प्रतिशत अनिवार्य होना चाहिए।

ईमेल में से एक में लिखा है, आपसे अनुरोध है कि योग्यता को पूरा करने के लिए सख्ती से काम करें। जागरूकता को लक्षित कर रहा है। टीसीएस को भेजे गए ई-मेल का खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया। मैन्युफैक्चरिंग, जो इसके कुल कारोबार का 8 प्रतिशत हिस्सा है, जगुआर लैंड रोवर और जीई को अपने प्रमुख ग्राहकों के रूप में गिनता है। सूत्र बताते हैं कि प्रबंधक कर्मचारियों को जेनएआई के लिए तैयार होने का निर्देश दे रहे हैं, अन्यथा यह उनके लक्ष्य परिवर्तनीय वेतन को प्रभावित कर सकता है।

**अलग खबर**

*आईटी कंपनियां जेनरेटिव एआई कौशल को दे रहीं बढ़ावा*

- कर्मचारियों के लिए अनिवार्य किया जा रहा है प्रशिक्षण

**जेनएआई उपयोग से प्रगति**



उत्तरी अमेरिका में टीसीएस मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस यूनिट के प्रमुख राकेश देवपुरा ने कहा कि हम जेनएआई उपयोग के मामलों की जटिलता और परिष्कार में प्रगतिशील वृद्धि देख रहे हैं, सरल ज्ञान वितरण और चैटबॉट्स से लेकर उत्पादक नवाचार के लिए संवर्द्धन समाधान जैसे जटिल मामलों तक। समूह ने जनवरी में विनिर्माण व्यवसाय के कर्मचारियों को लिखित में इस तरह के निर्देश दिए गए हैं। टीसीएस के कुल 6 लाख कर्मचारियों में से 350,000 से अधिक कर्मचारियों को मूलभूत जेनएआई कौशल पर प्रशिक्षित किया है।

**इन्फोसिस कोर्स पूरा करने के लिए कहा**

इन्फोसिस में प्रबंधक पिछले कुछ महीनों में अपनी टीमों से जेनएआई में कम से कम एक कोर्स पूरा करने के लिए कह रहे हैं। जेनरेटिव एआई के आगमन ने हमारे काम करने के तरीके को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है।

**मध्यम कंपनियां भी दे रहीं महत्व**

हैपिएस्ट माइंड्स और सोनाटा जैसी मध्य स्तरीय आईटी कंपनियों ने कर्मचारियों के लिए जेनएआई कौशल हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। अगले कुछ तिमाहियों में अपने सभी कर्मचारियों को जेनएआई में प्रमाणित करना है।

## अमेरिका ने दी सफाई

# भारत से रूसी तेल कम करने नहीं कहा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि रूसी तेल के निर्बाध कारोबार की अनुमति देना उसे हमेशा से ही अस्वीकार्य था और रहेगा। रूस के पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें तय करने का उद्देश्य मॉस्को को कम दाम पर तेल बेचने के लिए मजबूर करना है। अमेरिका ने भारत को रूस से तेल की मात्रा कम करने के लिए नहीं कहा है। विदेश मंत्री एरिक वान नोस्ट्रैंड ने कहा कि जी-7 समूह देशों की ओर से रूसी तेल की कीमतों को तय करने से जहां यूक्रेन में युद्ध की खातिर रूस को धन जुटा पाना मुश्किल हुआ।

**लोकसभा क्षेत्र**
**रीवा**

**1 भाजपा प्रत्याशी**
जनार्दन मिश्रा

**2 कांग्रेस प्रत्याशी**
नीलम मिश्रा

**पिछली बार कौन जीता**
जनार्दन मिश्रा

**जीत का अंतर**
3 लाख 12 हजार 807

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इन चुनाव में अन्य क्षेत्रों की तरह रीवा में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। इस बार यहां प्रत्याशियों का चेहरा भी महत्वपूर्ण है। बसपा अपने युवा प्रत्याशी के लिए युवाओं का समर्थन मांग रही है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों को आगे कर वोट मांग रही है। अयोध्या मुद्दा के साथ हिंदू-मुस्लिम राजनीति भी उसे मजबूत करती है। दूसरी तरफ कांग्रेस लोकतंत्र को खतरे में बता रही है। वह देश के अंदर महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाने की कोशिश में है। कांग्रेस का कहना है देश की जांच एजेंसिया भाजपा के पास कब्जे में हैं।

### तीन लोकसभा चुनाव जीत चुकी बसपा, भाजपा की ओर से फिर जनार्दन, कांग्रेस ने नीलम को दिया टिकट

# रीवा में खेल बिगाड़ती है बसपा, पर मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के ही बीच

*रीवा लोकसभा सीट का राजनीतिक मिजाज कुछ अलग है। यहां किसी भी चुनाव में कुछ भी हो सकता है। यह प्रदेश की एकमात्र ऐसी सीट है, जहां बसपा तीन चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी है। अब भी उसे इतने वोट मिलते हैं कि वह किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है। फिलहाल यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुकाबले के आसार हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा तीसरी बार मैदान में हैं। इनकी गिनती फक्कड़ और ईमानदार नेता के तौर पर होती है, जबकि कांग्रेस ने दल बदलने में अव्वल अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। जनार्दन के विपरीत अभय ठेकेदार हैं। इनकी गिनती रसूखदार नेता के रूप में होती है। रीवा में मोदी लहर का असर है, लेकिन अभय मिश्रा की पत्नी मुकाबले को रोचक बना सकती हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रीवा लोकसभा सीट अब तक किसी दल का गढ़ नहीं बन सकी। पिछले 8 लोकसभा चुनावों पर नजर डालें तो 3 बार बसपा, 4 बार भाजपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है, इसीलिए विश्लेषक इस सीट को लेकर किसी तरफ की भविष्यवाणी करने से बचते हैं। वजह बसपा की मजबूत उपस्थिति है। 2019 में बसपा को मिले 91 हजार से ज्यादा वोटों को छोड़ दें तो पार्टी को हर चुनाव में डेढ़ से दो लाख तक वोट मिले हैं। बसपा को मिलने वाले वाले ये वोट किसी के भी हार-जीत का खेल बिगाड़ सकते हैं। बसपा की ओर से अभिषेक पटेल मैदान में हैं। वे 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा को इस मायने में फक्कड़ माना जाता है कि वे दो कुर्ता-पैजामा बनवाकर राजनीति करते हैं। उनकी गिनती निहायत ईमानदार नेता के तौर पर होती है। कोराना काल में दो साल उन्होंने लोगों के लिए मास्क बनाने का काम किया।


जनार्दन मिश्रा


नीलम मिश्रा

संभवतः इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि तीसरी बार उनके खिलाफ कुछ एंटी इंकम्बेंसी भी दिखाई पड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा सेमरिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रही हैं। उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से कांग्रेस के विधायक हैं। वे जल्दी-जल्दी भाजपा-कांग्रेस में आने-जाने के कारण चर्चित रहे हैं। अभय पेशे से ठेकेदार हैं, पैसे की उनके पास कमी नहीं है। क्षेत्र में उनका संपर्क भी अच्छा है। उनकी गिनीत दबंग नेता के तौर पर भी होती है। इसकी वजह से मुकाबला रोचक दिख सकता है। रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण और पटेल मतदाताओं की तादाद निर्णायक है। संभवतः इसीलिए आमतौर पर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी ब्राह्मण होते हैं और बसपा से पटेल। बसपा को पटेलों के साथ दलित वर्ग का अच्छा समर्थन मिल जाता है तो वे मुकाबले को त्रिकोणीय बना देते हैं। ऐसे मुकाबले में बसपा कभी-कभी बाजी भी मार ले जाती है।

### विस चुनाव में भाजपा ने बनाई बढ़त

विधानसभा के 4 माह पहले हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में बंपर जीत दर्ज की थी। रीवा लोकसभा क्षेत्र में भी इसका असर देखने को मिला। क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस सिर्फ एक सीट पर सिमट गई। भारतीय जनता पार्टी का सिरमौर, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ में कब्जा है, जबकि कांग्रेस का सेमरिया में। सेमरिया से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम के पति अभय मिश्रा विधायक हैं। जीत के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस सेमरिया में महज 637 वोटों के अंतर से चुनाव जीती है, जबकि 7 विधानसभा सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 1 लाख 5 हजार 840 रहा। लोकसभा चुनाव में एक लाख से ज्यादा वोटों का यह अंतर पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### आठ विधानसभा क्षेत्रों में फैली है रीवा लोस सीट

रीवा लोकसभा सीट भौगोलिक दृष्टि से रीवा जिले की 8 विधानसभा सीटों को मिलाकर बनी है। ये सीटें सिरमौर, सेमरिया, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ हैं। इस सीट के लिए 1991 से 2019 तक हुए लोकसभा के 8 चुनावों में 4 बार भाजपा, 3 बार बसपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी दो बार 1998 और 2004 में जीते और जनार्दन मिश्रा ने 2014 और 2019 के चुनाव में जीत दर्ज की। बसपा के भीम सिंह पटेल पहली बार 1991 में जीतने में सफल रहे। 1996 के चुनाव में बसपा के बुद्धसेन पटेल जीत गए। 2009 में बसपा के देवराज सिंह पटेल ने जीत दर्ज की। वर्ष 1999 में कांग्रेस के सुंदरलाल तिवारी ने भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी को हराया था। इस बार फिर मुकाबला रोचक है।

### ब्राह्मणों व पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला

रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला माना जाता है। हालांकि यहां दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी कम नहीं है। यही कारण है कि आमतौर पर रीवा में ब्राह्मण और पटेल समाज के नेता ही सांसद बने हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 40 फीसदी के आसपास निर्णायक है, लेकिन यह मतदाता कांग्रेस और भाजपा के बीच बंट जाता है। इसके बाद दलित, पटेल और काछी मतदाताओं की तादाद है। बसपा पटेल को प्रत्याशी बनाती है। इसके साथ बड़ी तादाद में दलित मतदाता जुड़ जाता है। काछी समाज के अलावा क्षत्रिय सहित क्षेत्र में अन्य समाज भी हैं। दलित मतदाता बसपा, भाजपा और कांग्रेस के बीच बंट जाता है।

---

**जैसा मैंने देखा**

**चुनाव...**

## वर्मा कुशलक्षेम पूछने ग्रामीणों को लिखते थे हजारों-लाखों चिट्ठियां, सादगी के सहारे जीते


राजेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

बीते तीन-चार दशकों में सब कुछ बदल गया है। हमारे देश के चुनाव भी। खासकर चुनाव लड़ने के तौर-तरीके और टूल्स। अब वैसी सदाशयता और सादगी नहीं रही। लड़ाई के मैदान में आईटी सेल्स, माइंड गेम, नैरेटिव, परसेप्शन और इवेंट मैनेजमेंट जैसी संरचनाएं आ गई हैं। आजकल एक नई टर्म या कहें कि विधा और जुड़ गई है, वह है टाइमिंग। मतलब, कब कौन सी बात कहनी है या उछालनी है या कौन सा फैसला लेना है, करवाना है। जाहिर है, टाइमिंग किसी भी कथानक को हिट करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। हम कह सकते हैं कि चुनावों का भी कार्पोटीकरण हो गया है। ऐसी स्थिति में पैसे (मनी पावर) को कैसे भूला जा सकता है। बल्कि पैसा तो सर्वोपरि है। आपके पास पैसा है तो सब है। बगैर पैसे के घर से बाहर नहीं निकल सकते, चुनाव लड़ना तो संभव ही नहीं है। रहीम आज होते तो कदाचित लिखते, रहिमन पैसा राखिए, बिन पैसा सब सून। आज के दौर में भाजपा के दिवंगत नेता दिलीप सिंह जूदेव के एक डायलॉग की बहुत याद आती है। उनको कई साल पहले टीवी पर कहते सुना था कि पैसा खुदा तो नहीं, लेकिन खुदा कसम खुदा से कम भी नहीं। कभी-कभी लगता है कि जूदेव ने क्या गलत कहा था।

चुनाव कितने महंगे हो गए हैं। महंगाई से भी ज्यादा महंगे। देश की आजादी के बाद 1951 में पहला आम चुनाव हुआ और तब उम्मीदवार के लिए खर्च की सीमा 25 हजार रुपए थी। अर्थात प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में इससे ज्यादा खर्च नहीं कर सकता था। 1971 में इसे बढ़ाकर 35 हजार किया गया और 1980 में 1 लाख। इसके बाद 1984 में डेढ़ लाख। मुझे याद है कि 1989 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मप्र के मुख्य सचिव रह चुके सुशील चंद्र वर्मा को भोपाल से टिकट दिया था। वर्मा के पास अपनी एंबेसडर कार थी। आभासी (वर्चुअल) संसार नहीं था। डिजिटल मीडिया, मोबाइल, सोशल मीडिया, इंटरनेट वगैरह कुछ नहीं। वर्मा रिटायर्ड नौकरशाह थे, लिहाजा ग्रास रूट पर उनकी पकड़ थी। वे भोपाल के ग्रामीण क्षेत्र के जीवंत संपर्क में रहते थे। उम्मीदवार बनने के बाद उन्होंने गांवों पर ही फोकस किया। बोफोर्स घोटाले का हल्ला था और वीपी सिंह की लहर चल रही थी, वर्मा खासे मार्जिन से चुनाव जीत गए। अपनी सादगी और ग्रामीणों के बीच गहरी पैठ के चलते बाद के लगातार तीन चुनाव भी उन्होंने न सिर्फ जीते, बल्कि भाजपा के लिए ऐसी जमीन तैयार की कि कांग्रेस आज भी खेल के बाहर है। वर्मा ने चार चुनाव जीते तो सिर्फ अपनी सादगी, ईमानदारी और लोगों के साथ सतत संपर्क की पूंजी के दम पर। उन्होंने ग्रामीणों को हजारों लाखों-चिट्ठियां लिखी होंगी। वह सीधे खत लिखकर कुशलक्षेम पूछते थे। मीडिया की उनको खास जरूरत भी नहीं पड़ती थी। इसीलिए कभी नहीं सुना कि उन्होंने मीडिया की लल्लो चप्पो की हो। वह शांति के साथ चुनाव मैदान में जाते थे और उतनी ही शांति के साथ जीत जाते थे। तामझाम नहीं था। इसलिए खर्च अनाप-शनाप नहीं था। अब तो खर्च की सीमा 95 लाख है और इसको भी बढ़ाने की मांग उठ रही है। साफ है कि कागज पर तो यह भी कम है। वास्तविकता में कितना खर्च होता होगा या होता है, अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। दरअसल, चुनाव की अपनी पृथक अर्थव्यवस्था काम करती है।

**फर्स्ट टाइम वोटर**

### खुशी है कि मैं मतदान करूंगा मेरा वोट रोजगार के मुद्दे पर...



अगले लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मुझे पहली बार वोट करने की खुशी है। इस बार पहली बार वोट करूंगा, जो विकास के साथ रोजगार के मुद्दे पर होगा। मेरे लिए वही पार्टी और उम्मीवार अच्छा, जो विकास करने वाला हो, ज्यादा से ज्यादा रोजगार पैदा करने वाला हो। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तो देश के साथ समाज और परिवार का विकास दिखेगा, इसलिए विकास की बात कहीं न कहीं रोजगार तक आकर रुकती है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवार मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए प्रचार-प्रसार पर ज्यादा जोर देने लगे हैं, लेकिन मेरा वोट राजनैतिक पार्टी देखकर नहीं, विकास और रोजगार के आधार पर जाएगा।

**तरुण लोधी, युवा मतदाता**

### वोट अवश्य करना चाहिए, इससे देश का विकास सीधा जुड़ा है...



लोकसभा चुनाव को लेकर शहर में सरगर्मी है। सबसे अधिक उत्साह युवा वोर्टस में है, जो पहली बार वोट कर रहे हैं या फिर एक बार वोट डाल चुके हैं और दूसरी बार यह अवसर मिल रहा है। मैं इस बार वोट उसे वोट करूंगा, जो विकास के मुद्दे पर बात करेगा। मेरी समझ में चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है, इसलिए हर एक वोट देश , प्रदेश सहित पूरे समाज के लिए सबसे अहम है। सभी मतदाताओं को वोट अवश्य करना चाहिए, क्योंकि इससे देश और समाज का विकास सीधा जुड़ा है। मैं मानता हूं कि देश का विकास होता है तो समाज के हर व्यक्ति का विकास संभव होता है। ऐसे में मेरा वोट विकास के मुद्दे पर होगा। इन दिनों सभी राजनैतिक पार्टियां मतदाताओं से संपर्क करने लगी हैं, लेकिन यह मुझे तय करना है कि वोट किस आधार पर किसे करना है।

**आशीष तिवारी, युवा मतदाता**

**जो हो न सका...**

## राजधानी में प्रमुख चार स्थानों पर एक भी फ्लाईओवर नहीं बन पाया

राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पिछले 20 साल से फ्लाईओवर बनाने का वादा हर चुनाव में किया जाता है। इसमें सबसे प्रमुख वल्लभ भवन पहाड़ी से चार इमली, वल्लभ भवन पहाड़ी से श्यामला हिल्स, श्यामला हिल्स से लालघाटी व बाणगंगा से श्यामला हिल्स तक फ्लाईओवर बनना थे। इन फ्लाई ओवर के बनने से सबसे ज्यादा लाभ यह होता कि चार इमली क्षेत्र में रहने वाले सभी अधिकारी व मंत्री किसी प्रकार की रुकावट के बिना सीधे मंत्रालय, सतपुड़ा, विंध्याचल भवन या विधानसभा भवन आ जा सकते थे।

**चुनाव के दौरान किया था वादा**



श्यामला हिल्स से लालघाटी तक फ्लाईओवर बनाने का वादा किया गया। इस फ्लाईओवर का मकसद यह था कि अधिकारी, मंत्री या अन्य लोग एयरपोर्ट तक आसानी से पहुंच सकें। श्यामला हिल्स से लालघाटी तक अगर फ्लाईओवर जाता तो एयरपोर्ट तक का सफर आसान हो जाता। लगता है कि यह सिर्फ फाइलो में ही दबे रह गए। लोगों का यही कहना है कि जो हो न सका और लोकसभा चुनाव फिर आ गए।

## गेवरा खदान में चोरी करने वाले छह चोर गिरफ्तार, 400 लीटर डीजल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका के गेवरा खदान में एसईसीएल से शिकायत मिलने के बाद छह डीजल चोरों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के कब्जे से कैंपर वाहन व दो ड्रमों में भरा 400 लीटर डीजल बरामद किया गया है। इसकी कीमत 40 हजार रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी काफी से चोर गिरोह खदाम में डीजल की चोरी कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कौशल कुमार (26), दुर्गश कुमार (19), भूपेंद्र कश्यप (24), प्यारे सिंह (38), प्रदीप भगत (36) और संतोष कुमार (29) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी करने वाला वाहन और डीजल भी बरामद किया है।

## दो नक्सली महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कुटरू व फरसेगढ़ थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने एक लाख की इनामी एलजीएस सदस्य सहित दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ी गई नक्सली महिला ग्रामीण की हत्या, मारपीट और पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थी। पुलिस से मिली जानकारी के



मुताबिक, नक्सल विरोधी अभियान के तहत बुधवार को फरसेगढ़ व कुटरू थाना की संयुक्त टीम ने चुचकोंटा से महिला नक्सली पोयामी सन्नी उर्फ रंजिता (34) निवासी चुचकोंटा थाना फरसेगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक बीजापुर ने उक्त महिला की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का इनाम घोषित किया था। दूसरी तरफ केतुलनार से फरसेगढ़ एलजीएस सदस्य पोयाम फगनी (30) निवासी केतुलनार थाना कुटरू को पकड़ा गया। पकड़ी गई नक्सली महिला के खिलाफ छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत एक लाख का इनाम घोषित है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना में जनसभा और पन्ना में किया रोड शो

## पदयात्रा कोई कमाल नहीं दिखा सकी, कांग्रेस ने खजुराहो से खुद का प्रत्याशी ही हटा दिया

**महाकालेश्वर के दर्शन कर की प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी सरकार 56 इंच वाले सीने की सरकार है, नरेंद्र मोदी की सरकार है। दुश्मन हमारे सैनिकों के सिर काट ले जाते थे और लाचार कांग्रेस की ऐसी सरकार पर धिक्कार है, जो टुकुर- टुकुर देखती रहती थी, लेकिन जवानों के अपमान का बदला नहीं लेती थी। अब पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है कि वो हमारे सैनिकों की तरफ झांक कर देख ले, ये बदलते दौर का भारत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात बुधवार को पन्ना और सतना में चुनाव प्रचार के दौरान जनसभा और रोड शो के दौरान कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुबह जबलपुर से उज्जैन पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और पार्टी नेताओं के साथ भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री पन्ना पहुंचे और पार्टी प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। इसके बाद भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी गणेश सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

### यह सनातन संस्कृति की जय-जय बोलने वालों की सरकार है: डॉ. मोहन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना में रोड शो के दौरान रथ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कितना अच्छा लगता है कि जब लोकसभा चुनाव होगा तो रण के क्षेत्र में दुश्मन से दो-दो हाथ होंगे। कांग्रेस के लोग बड़ी-बड़ी बात कह रहे थे हम यह कर देंगे हम वह कर देंगे। उनका नेतृत्व पदयात्रा पर पदयात्रा निकाले जा रहे थे। मुझे लगा पदयात्रा कुछ कमाल दिखाएंगी, लेकिन कमाल तो छोड़ो, उन्होंने धमाल करके यहां से अपना प्रत्याशी ही हटा दिया। अब उनके प्रत्याशी का ही पता नहीं चल रहा है।

#### आराध्य भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण को हमने पूजा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे आराध्य भगवान श्रीराम और भगवान श्री कृष्ण को हमने पूजा है। यह सरकार सनातन संस्कृति की जय जय बोलने वालों की सरकार है। मंदाकिनी मैया के आशीर्वाद से चलने वाली सरकार है, तो गंगा मैया को नमस्कार करने वाली हमारी सरकार है, हमें हमारी सरकार पर गर्व है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है।

#### कांग्रेस ने भगवान राम पर सवाल खडे किए

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि 500 साल तक राम मंदिर के लिए संघर्ष चला, लोगों से प्राणों की आहुतियां दी। कांग्रेस के वकील कोर्ट खड़े होकर सवाल करते थे कौन से राम, कहां पैदा हुए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी कितनी बेशर्मी से अभी भी कह रहे हैं कि मंदिर बनाना इनका लक्ष्य नहीं था। उन्होंने कहा कि 142 करोड़ देशवासियों का क्या कोई स्वाभिमान नहीं, क्या हिन्दू, क्या मुसलमान सबने उस परंपरा का स्वागत किया। ये निर्णय इसलिए हुए क्योंकि आपने भाजपा की सरकार बनाई, आपके एक एक वोट से ये सरकार मजबूत बनी। ये डबल इंजन की सरकार है।

#### सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने का कांग्रेस ने पाप किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला था मुस्लिम बहनों के पक्ष में 3 तलाक निरस्त होना चाहिए। पूर्ण बहुमत की सरकार थी, लेकिन आंखों में हिन्दु-मुस्लिम के चश्मे लगे थे। वोट बैंक नाराज न हो जाए, इसलिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने का पाप किसी ने किया है तो कांग्रेस ने किया है। हमें खुशी है हमारे प्रधानमंत्री निर्णय को बदला, धारा 370 को हटाने का निर्णय लिया। क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। कांग्रेस भी कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस ने नहीं किया।

#### जनहित में लिए ऐतिहासिक फैसले

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गौ माता, गंगा माता, भगवान राम और कृष्ण, गरीब, किसान, मजदूर युवा, किसी के लिए कोई कमी आएगी तो हमारी सरकार सबसे आगे खड़ी दिखाई देगी। सरकार चित्रकूट में अंतर्राष्ट्रीय रामायण का मेला आयोजित कराएगी, चित्रकूट में विकास प्राधिकरण बनाया जाएगा तो इसकी घोषणा हमारी सरकार ने की है। घायल गौ माता के इलाज के लिए इलाज और गरीब आदमी के ईलाज के लिए एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत की है। धार्मिक यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू करने का निर्णय हमने किया है। हमारी सरकार ने निर्णय ने किया है किसी को इमरजेंसी में जाना है तो पीएम श्री हवाई यातायात सेवा शुरू करने का प्रबंध हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अनेक फैसले किए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाए कि लाड़ली बहना बंद हो जाएगी, लेकिन कोई योजना बंद न हुई और न होगी।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इंदौर में ली 5 लोकसभा क्षेत्रों की क्लस्टर बैठक

## समाज में नेताओं की भूमिका महत्वपूर्ण संवेदनशील-स्मार्ट होने की जरूरत: नड्डा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को इंदौर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इंदौर में पांच लोकसभा सीटों इंदौर, धार, रतलाम, खण्डवा और खरगोन की क्लस्टर बैठक ली। उन्होंने 370 का मूल मंत्र कैसे धरातल पर उतारना है, इसे लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नड्डा ने कहा कि संवेदनशील, स्मार्ट होने की जरूरत है। जैसा समाज वैसा स्वभाव जरूरी है, समाज में नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उसका विशेष भाव बताइए। इसका विशेष ख्याल रखें। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को भी लोकसभा चुनाव के लिए बूस्ट किया।

### 10-10 कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की

दरअसल, भाजपा का नारा अबकी बार 400 पर को पूरा करने के लिए मप्र की 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की बारीकी से नजर बनी हुई है। हर एक सीट पर राष्ट्रीय नेतृत्व कार्यकर्ता और संगठन प्रभारी से चर्चा कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा जब इंदौर आए तो उन्होंने अलग-अलग 10-10 कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और इस बैठक को पूरी तरह गोपनीय रखा गया। बैठक से बाहर निकले नेताओं से हालांकि परिवार की बैठक बता कर टाल दिया गया। किंतु जिस तरह से मप्र की 29 सीटों पर राष्ट्रीय नेतृत्व की नजर बनी हुई है, उससे समझा जा सकता है कि स्थानीय नेताओं चुनाव जीतने को लेकर काफी परिश्रम कर रहे हैं।

### करीब डेढ़ किलोमीटर के इस रोड शो के जरिए प्रधानमंत्री आमजन से रूबरू होंगे

# जबलपुर से पूरे महाकौशल को साधेंगे मोदी

**जबलपुर। महाकौशल अंचल की लोकसभा सीटों को साधने के लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम जबलपुर में तय किया है। सात अप्रैल को पीएम नरेन्द्र मोदी जबलपुर में रोड शो करेंगे। करीब डेढ़ किलोमीटर के इस रोड शो के जरिए प्रधानमंत्री आमजन से रूबरू होंगे। वहीं कांग्रेस में फिलहाल प्रचार करने के लिए किसी नेता के आने का कार्यक्रम तय नहीं हुआ है, हालांकि संगठन का दावा है कि आधा दर्जन स्टार प्रचारकों की मांग की है।**



बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रचार अभियान में भी आगे बनी हुई। स्टार प्रचारकों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दो अप्रैल को जबलपुर में बूथ कार्यकर्ताओं का सम्मेलन किया। प्रबुद्धजनों से संवाद किया। उन्होंने अपने दौरे से साफ कर दिया कि पार्टी जीत की बजाए यहां मतों के बड़े अंतर का खड़ा करना चाह रही है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ नेताओं की टीम को लगाया गया है। अब पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम तय किया है। पार्टी पहले चरण में महाकोशल अंचल के प्रमुख केंद्र जबलपुर से प्रधानमंत्री कार्यक्रम कर आसपास की कई लोकसभा सीटों को साधने का प्रयास करेंगे।

### कांग्रेस में कुछ खबर नहीं

कांग्रेस ने जहां प्रत्याशी घोषित करने में काफी बिलंब किया इसी तरह प्रचार अभियान में भी पार्टी की रणनीति अभी साफ नहीं हो पाई है। प्रत्याशी स्थानीय स्तर पर प्रचार करने में जरूर जुटे हैं लेकिन केंद्रीय स्तर पर बड़े नेताओं की आमद को लेकर अभी संगठन के पास कोई अधिकृत जानकारी नहीं आई है। नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि उनकी तरफ से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडग़े, राहुल गांधी, इमरान प्रतापगढ़ी, कन्हैया कुमार, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को बुलाने की तैयारी की जा रही है। सौरभ ने कहा कि अभी किसी भी नेता के आगमन की अनुमति नहीं मिली है उन्होंने कहा कि एक दो दिन में प्रचार अभियान में आने वाले नेताओं की जानकारी साफ हो पाएगी।

### रोड शो में दिखाएंगे दम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जबलपुर रोड शो होगा। शाम करीब छह बजे सात अप्रैल को यह रोड शो किया जाएगा। पार्टी ने अभी रोड का मार्ग तय नहीं किया है ये जरूर तय हुआ है कि मोदी करीब एक घंटे शहर में कार्यक्रम करेंगे। इसके बाद वे दूसरे स्थान पर प्रचार करने जाएंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने बताया कि मोदी का कार्यक्रम तय हो गया है लेकिन मार्ग तय करने के लिए गुरुवार को बैठक बुलाई गई है।

## बड़ा फुहारा से मिलौनीगंज तक होगा रोड शो!

### भाजपा ने भेजा पीएम के कार्यक्रम का प्रस्ताव

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो का ऐतिहासिक बनाने के लिये भाजपा केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जबलपुर में डेरा डाल लिया है। केबिनेट मंत्री राकेश सिंह पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने में जुटे हैं। 7 विधायकों सहित पूरी भाजपा जिम्मेदारी बांट दी गई। पीएम मोदी का प्रस्तावित कार्यक्रम शाम 06 बजे का है, यहां वे बड़ा फुहारा से मिलौनीगंज तक रोड शो करेंगे। हालांकि अंतिम रूट और अधिकृत विस्तृत कार्यक्रम आना अभी बाकी है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि जबलपुर के लिये यह गौरव का विषय है कि विश्व नेता की पहचान बना चुके प्रधानमंत्री मोदी जबलपुर आ रहे हैं। श्री मोदी के आगमन को लेकर जबलपुरवासी उत्साहित हैं। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता उत्साहित है। प्रधानमंत्री का फायनल कार्यक्रम आना बाकी है। हम ने जो प्रस्ताव भेजा है वो बड़ा फुहारा से मिलौनीगंज तक रोड शो का है।

### केबिनेट मंत्री ने किया निरीक्षण

गुरुवार को केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और राकेश सिंह ने बड़ा फुहारा से लेकर मिलनौगंज तक के लिये प्रस्तावित रूट प्लान का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी आदित्य प्रताप सिंह सहित सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, व्यवस्था, आवागमन आदि पहलुओं से मार्ग को परखा गया।



## ग्वारीघाट के लिए नए मार्ग एवं मालगोदाम चौक के विकास पर चर्चा

**रेलवे के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक**

जबलपुर। शहर के विकास एवं लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न कार्यों को अमली जामा पहनाने के उद्देश्य से प्रशासन एवं जबलपुर रेल मंडल के अधिकारियों की संयुक्त बैठक मंडल रेल कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में छोटी लाईन फाटक से ग्वारीघाट के बीच बंद रेलवे ट्रैक पर सड़क बनाने एवं मालगोदाम चौक पर सुगम यातायात के लिए अवरोध हटाने पर सहमती हुई।

इस बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना, मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रबंधक विश्व रंजन, रेलवे अधिकारी जे पी सिंह, मनीष पटेल, अरुण त्रिपाठी ने मीटिंग में जबलपुर के विकास के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा की। बैठक में मालगोदाम चौक पर नगर निगम की 330 वर्ग मीटर जमीन को प्लेटफार्म क्रमांक छह के मार्ग के लिए अवरोध मानते हुए इस जमीन को रेलवे अधिकारियो ने प्रशासन से रेलवे को देने तथा पुराने छोटी लाईन फाटक चौक से ग्वारीघाट तक की बंद रेल लाईन की 70 एकड़ जमीन निगम को देकर बदले में दूसरी जमीन लेने के विषय पर चर्चा की। बैठक में दोनों विभागों ने आपसी सामंजस्य के साथ मिलकर कार्य करने पर सहमति व्यक्त की। ग्वारीघाट के लिए नए मार्ग को वर्तमान की आवश्यकता बताते हुए कलेक्टर सक्सेना ने इस विषय पर जल्द पहल करने की आवश्यकता व्यक्त की।

## अदालत ने आरक्षक के विरुद्ध शिकायत पर तलब किया प्रतिवेदन

**झूठे प्रकरण में फंसाने की साजिश के आरोप से जुड़ा मामला**

जबलपुर।

विशेष अदालत ने पूर्व में कैंट थाने में पदस्थ आरक्षक नरेंद्र मौर्य के विरुद्ध शिकायत के मामले में पुलिस ने प्रतिवेदन तलब कर लिया है। अगली सुनवाई 11 मई को नियत की गई है। परिवाद झूठे प्रकरण में फंसाने की साजिश के आरोप से जुड़ा है।

परिवादी कैंट निवासी आकाश मलिक की ओर से अधिवक्ता बालकिशन चौधरी, प्रशांत मिश्रा, मौसम पासी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरक्षक मौर्य परिवादी के प्रति विद्वेष का भाव रखता है। यही वजह है कि वह अपने रसूख का इस्तेमाल कर फंसाने का हर संभव प्रयास कर रहा है। स्थानीय अपराधियों की सहायता से झूठे प्रकरण की भूमिका निर्मित कर रहा है। इससे हर समय खतरा बना रहता है। परिवादी को कुछ लोगों ने बताया कि उसके विरुद्ध शिकायत करने आरक्षक मौर्य दबाव डाल रहे हैं। ऐसा न करने पर मारपीट तक कर चुके हैं। इसके बाद परिवादी के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने का एक मामला कायम तक करा दिया गया। हालांकि पीड़ित के बयान के आधार पर परिवादी को दोषमुक्त कर दिया। परिवादी अनुसूचित जाति का है। इसके बावजूद पुलिस उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं ले रही।

## प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां

# एसपीजी पहुंची जबलपुर, हाईअलर्ट पर प्रशासन

जबलपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रविवार 7 अप्रैल को जबलपुर आगमन हो रहा है। उनके आगमने के पूर्व गुरुवार को एसपीजी की टीम जबलपुर पहुंच गई और मोर्चा संभाल लिया है। मोदी के आगमन पर सीएम करीब एक दर्जन केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्री भी जबलपुर में आएंगे। रविवार को होने वाले हाईप्रोफाईल मूवमेंट को देखते हुये, जिला प्रशासन ने भी अपनी ताकत झोंक दी है। तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री के रोड शो को एतिहासिक बनाने के लिये भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश नेतृत्व और 3 केबिनेट मंत्रियों ने जबलपुर में डेरा डाल लिया है। गुरुवार को एसपीजी ने रैली रूट और हेलीपेड पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ मंथन कर पीएम की सुरक्षा के लिए मजबूत प्लान तैयार किया। जानकारी के मुताबिक सुरक्षा के 3 घेरे बनाए जाएंगे, जिसमें एक घेरा एसपीजी, दूसरा पुलिस और तीसरा पीएसी जवानों का रहेगा। इसके अलावा खुफिया विभाग की टीमों को भी अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।



### चप्पे चप्पे पर तैनात होगा पुलिस बल

7 अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में करीब 80 राजिपत्रत अधिकारी, 150 निरीक्षक, 250 उप निरीक्षक और करीब 2500 पुरुष और महिला कांस्टेबल लगाए जाने की चर्चा है। इसके आावा 4 कंपनी पीएसी समेत अर्ध सैनिक बल के जवान भी तैनात रहेंगे। प्रस्तावित रैली में आने वाली भीड के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए रूट डायवर्ट किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में कहीं भी जाम न लगे इसके लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी और यातायात पुलिस तैनात रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर एसपीजी आज शाम से ही शहर में डेरा डालकर सुरक्षा व्यवस्था का संपूर्ण जायजा लेगी।

### कलेक्टर-एसपी ने किया रूट का निरीक्षण

कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी आदित्य प्रताप सिंह दोपहर में रैली रूट का निरीक्षक करने पुलिस-प्रशासन के अफसरों के साथ पहुंचे। एएसपी सहित एडीएम को अधिकारियों ने मौके पर कई दिशा नर्देश दिए। पूरे रूट पर चाक चौबंद व्यवस्था के लिए कलेक्टर-एसपी ने मार्ग डायवर्सन को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि आमजन को सरलसह ज मार्ग उपलब्ध कराया जाए।

## ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या न हो : कमिश्नर

जबलपुर।

कमिश्नर अभय वर्मा ने संभाग में पेयजल समस्या के निराकरण के लिये संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स के साथ वर्चुअल मीटिंग की। मीटिंग में सीईओ जिला पंचायत और पीएचई के अधिकारी भी जुड़े थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रीष्म काल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी पेयजल की समस्या न हो, अतः इस पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कदम उठायें। पेयजल समस्या के निराकरण के लिये कंट्रोल रूम बनायें और लोगों की शिकायतों का निराकरण करें। यदि कहीं हेंडपंपों में सुधार की आवश्यकता है तो उसे सुधारें। उन्होंने कहा कि पेयजल सुनिश्चितता की दिशा में संवेदनशीलता के साथ काम हो, जिससे आमजन पेयजल को लेकर परेशान न रहें।




### सौसर के सीईओ जनपद वारिवे निलंबित

संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सौसर श्री राधेश्याम वारिवे को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी छिंदवाड़ा के प्रतिवेदन पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में कहा गया कि श्री राधेश्याम वारिवे द्वारा खण्ड पंचायत अधिकारी का प्रभार नियम विरूद्ध तरीके से कनिष्ठ अधिकारी को सौंपा गया है। साथ ही इस कार्य में उन्होंने नियंत्रणकर्ता कार्यालय से अनुमोदन भी नहीं लिया और कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब भी नहीं दिया। चार पंचायत सचिवों के पद स्थापना भी बिना अनुमोदन के किया गया। श्री वारिवे द्वारा अपने पदीय कत&तव्यों के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के अंतर्गत उनके इस कृत्य को कदाचरण की श्रेणी में मानते हुये मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम - 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय जिला पंचायत छिंदवाड़ा नियत किया गया है। इस दौरान श्री वारिवे को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## मानव अधिकार आयोग ने भी लिया संज्ञान

### रेलवे की मिलेनियम कॉलोनी में पिता-पुत्र की हत्या करने का मामला

**जबलपुर।** सिविल लाइन थानांतर्गत रेलवे की मिलेनियम कॉलोनी में पिता-पुत्र की हत्या करने के मामले में आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। मामले में पुत्री और उसके साथी को अभी तक पुलिस पकड़ नहीं पाई है। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने इस मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के क्षेत्रिय कार्यालय प्रभारी सुश्री फरजाना मिर्जा ने बताया कि मामले की गंभीरता को लेते हुए आयोग की मुख्यपीठ भोपाल के अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन ने जबलपुर के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में रिपोर्ट तलब की है। इसके लिए 3 सप्ताह की मोहलत दी है।


## हवाओं पर निर्भर करेगा मौसम का मिजाज



**पारा स्थिर, धूप की तपन से गर्मी का अहसास**

जबलपुर।

पारा धीरे-धीरे उछाल ले रहा है। गुरुवार को पारा 38 डिग्री के पार निकल गया। वहीं धूप की तेज तपन गर्मी का अहसास करा रही है। रात का तापमान जरूर पिछले दो दिनों से औसत से तीन पायदान ऊपर चल रहा है। जहां तक हवाओं का सवाल है तो अब पश्चिमी हवाएं पूरे रफ्तार के साथ प्रवेश कर रही हैं। पश्चिमी विक्षोप प्रभावी नहीं हुआ तो गर्मी अपना असर दिखाएगी। वैसे मौसम विशेषज्ञ कह रहे हैं कि आगामी रविवार रात से मौसम के मिजाज बदलने शुरू हो जाएंगे और सोमवार से मंगलवार के बीच बूंदाबांदी शुरू हो सकती है। लेकिन यह सब हवाओं की दिशा और दशा पर निर्भर होगा। मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर व संभाग के जिलों में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान रफ्तार ले रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 38.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 34 प्रतिशत और सायंकाल 18 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.58 बजे और सूर्यास्त शाम 6.27 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 41 डिग्री तापमान दमोह में और सबसे कम 16.8 डिग्री न्यूनतम रीवा जिलें में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है।



### मैहर मेला की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# मेल एक्सप्रेस के पैंटीकार का रेलवे अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जबलपुर।

जबलपुर रेल मंडल में नवरात्रि पर मैहर मेले की व्यवस्था को देखते हुए जबलपुर से मैहर स्टेशन के बीच गुरुवार को मेल एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12322 की पैंटीकार में सीनियर डीसीएम विश्व रंजन के नेतृत्व में एक वाणिज्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें साफ सफाई एवं पैंटीकार में अमानत स्तर की वस्तुएं, पानी की बोतल , खाद्य सामग्री एवं पैक्ड आइटम का निरीक्षण करने के साथ ही पैंट्रीकार के मैनेजर को निर्देश दिए गए। इसके साथ ही श्री रंजन ने नवरात्रि पर्व पर रेल यात्रियों की सुविधायो के लिए मैहर स्टेशन की विभिन्न यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण किया मंडल द्वारा विशेष प्रबंध किये गए है। ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यात्री गाडियों में अतिरिक्त कोच भी लगाये जा रहे है। वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि जबलपुर सहित महाकौशल क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मैहर स्टेशन आने -जाने को देखते हुए इसके साथ ही मैहर में अतिरिक्त टिकिट काउंटर एटीवीएम, एवं स्वच्छता,खाद्य सामग्री पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. मंडल रेल प्रशासन द्वारा इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर अनेक सुविधाएं इसके साथ ही मैहर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में विस्तार के साथ ही साफ सफाई, खान-पान एवं यात्रियों के आराम के लिए पेयजल, शेड आदि की व्यवस्थाओं के अतिरिक्त उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए रेलवे की सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा भी कैम्प लगाकर प्राथमिक उपचार प्रतिदिन प्रदान किया जाएगा।

# सोमवती अमावस्या 8 को होंगे दान-स्नान एवं तर्पण

**जबलपुर।** देवी की आराधना का पर्व नवरात्रि 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। इससे ठीक पहले 8 अप्रैल को सोमवती अमावस्या है और इसी दिन साल का पहला सूर्यग्रहण, पर ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा, इसलिए यह भारत में मान्य नहीं है और इसका सोमवती अमावस्या पर किए जाने वाले अनुष्ठानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। साधक स्नान, दान, पूजा-अर्चना और पितरों का तर्पण कर सकेंगे। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना के लिए व्रत रखकर 108 संकल्प परिक्रमा करेंगी। दान-पुण्य करके बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेंगी।

पंडित शिवशंकर तिवारी ने बताया कि पंचांग के मुताबिक चैत्र महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सूर्यग्रहण लगेगा। भारत में नहीं दिखने के कारण इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा। भारत में सूर्य ग्रहण के दिखाई नहीं देने



के कारण इसका कोई भी प्रभाव धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ पर नहीं पड़ेगा। इसलिए इसी दिन पड़ रही सोमवती अमावस्या विशेष फलदायी है। इस दिन पेंद्र योग और उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी बन रहा है। ऐसे में व्रत, स्नान-दान करने से पितरों को मोक्ष के निमित्त किए गए उपाय फलदायी होंगे।

### इस अमावस्या पर यह शुभ योग रहेंगे

सोमवती अमावस्या पर सूर्य, चंद्र, राहु एवं शुक्र का चतुग्रही योग मीन राशि पर बनेगा। इस युति से जहां धार्मिक उन्माद बढ़ेगा, वहीं राजनेताओं में आरोप-प्रत्यारोप का दौर प्रारंभ होगा। यह सामाजिकता पर प्रतिकूल असर डालेगा। कई ग्रहों की युति से भूकंप, आंधी-तूफान इत्यादि से जन-धन की हानि होने की संभावना रहती है। यह चतुग्रेही योग धम की राशि मीन में बन रहा है। अतः धार्मिक क्षेत्रों में विशेष सावधानी की जरूरत है। वहीं शुक्र ग्रह फिल्म मनोरंजन से संबंधित क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन करेगा। चंद्रमा के चतुग्रही योग में शामिल होने से समुद्र में हलचल का खतरा बढ़ जाता है। चतुग्रही योग का प्रभाव आगामी एक माह तक प्रभावशाली रहता है।

# चेट्रीचंडू महोत्सवः आज सेहरा वाले साईंजी का आध्यात्मिक सत्संग

**जबलपुर।** सिंधी दिवस चेट्रीचंडू महोत्सव, नववर्ष प्रतिप्रदा, वरुण देवता, विष्णु अवतार भगवान श्री झूलेलाल जी के जन्मोत्सव को सिंधी समाज सिंधी नवयुवक मंडल (श्री झूलेलाल मंदिर) के तत्वावधान में चेट्रीचंड महोत्सव बड़े धूमधाम से एवं



अपार श्रद्धा भक्ति, आस्था तथा हर्षोउल्लास के साथ मनाया जायेगा। महंत स्वामी रामदासजी महाराज महंत (विष्णुधाम) स्वामी अशोकानंद महाराज महंत भक्तिधाम, स्वामी प्रदीप महाराज तथा नगर के अन्य संत एवं आचार्य गणों विविध कार्यक्रमों में उपस्थित होकर गरिमा बढ़ायेंगे। भगवान श्री झूले लाल जी के अवतरण की बेला में शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 से 17 अप्रैल 2024 तक 10 दिवसीय विविध आयोजन होंगे। शुभारंभ शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 को गोधरा से पधारे पूज्य सेहरा वाले साई जी द्वारा आध्यात्मिक सत्संग शाम 6 बजे से 8 बजे तक तत्पश्चात भंडारा होगा।समिति के विधायक अशोक रोहाणी, उधवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, रमेश आहूजा, माधवदास कुंदवानी, लख्मीचंद खेमानी, राम आहूजा, कैलाश वासवानी, राजकुमार कांधारी, धर्मेन्द्र मंगलानी, प्रकाश असवानी, गोविंद हिरानी, पिंटू शिवानी, विजय लालवानी, प्रकाश आहूजा, त्रिलोक वासवानी, अनिल रोहरा, तुकाराम चांदवानी इत्यादि ने सामाजिकजनों से सभी कार्यक्रमों में उपस्थिति की अपील की है।



# रंगपंचमी पर खेली गई फूल और गुलाल की होली

**जबलपुर।** समरसता के महापर्व होली पर होली मिलन समारोह का आयोजन नयन छाया फार्म आयुर्वेदिक कॉलेज के पीछे ग्वारीघाट में आयोजित किया गया, जिसमें सभी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जबलपुर महानगर के कार्यकर्तागण मौजूद रहे, वहीं इस कार्यक्रम में आए कलाकारों के द्वारा वृंदावन की होली खेली गई साथ सभी उपस्थितजनों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी। जिसमें महाकौशल प्रांत सह मंत्री एडवोकेट प्रदीप गुप्ता, पंकज, सुमित सिंह ठाकुर, अजय चौरसिया, राकेश सिंह, कमल लोधी, मंटू दुबे, सहित संगठन के समस्त कार्यकर्ता बंधु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

# संजय गांधी, सुभाषचंद्र बोस वार्ड में लखन घनघोरिया ने किया जनसंपर्क

**जबलपुर।** देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपने पांच प्रमुख न्याय घोषणा पत्र में संभावित रूप से पांच करोड़ महिलाओं को हर वर्ष 70 हजार रुपये देने का संकल्प लिया है। कांग्रेस इस बात के लिए भी प्रतिबद्ध है, कि वह हर हालत में मनरेगा को लागू करेगी। महाकोशल के विधायक लखन घनघोरिया ने आज जब अपने चुनाव प्रचार के दौरान आमजनों को उक्त बातों से अवगत कराया तो महिला और पुरुषों ने नारे लगाते हुए कहा कि हम निश्चित रूप से कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव को जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विधायक घनघोरिया के साथ क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित महिला-पुरुषों ने द्वार-द्वार दस्तक दी। उन्होंने संजय गांधी वार्ड (नया) एवं नेताजी सुभाषचन्द्र



बोस वार्ड में धनी की कुटिया से जनसंपर्क प्रारंभ किया और रजा चौक, मक्का नगर, आजाद नगर, अक्श मस्जिद, मिल्क स्कीम, आम्बेडकर मूर्ति, निर्भय नगर, शंकर चौक, दुर्गा चौक, पानी की टंकी आदि क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोकसभा प्रत्याशी दिनेश यादव के समर्थन में वोट देने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र के पार्षद कलीम खान, लक्ष्मीनारायण शुक्ला, आजम अली खान, राजकुमार चक्रवर्ती, डॉ. हाजी असलम, राजू लईक, राजू तोमर, ताहिर अली, आरिफ हसन सिद्दीकी, निहाल मंसूरी, चमन पासी, मनोज भदौरिया, अबरार अंसारी, वकील साहब, गजेन्द्र श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की 1008वीं जयंती आज



**जबलपुर।** साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की 1008वीं जयंती माँ कर्मा साहू युवा संस्था द्वारा 34वें वर्ष में मानस भवन में 05 अप्रेल को शाम 06 बजे धूमधाम, श्रद्धाभाव से मनाई जाएगी। सर्वप्रथम माँ कर्मा देवी का पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि राकेश सिंह कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग, मप्र शासन एवं अध्यक्षता आभा साहू मप्र तैलिक साहू महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सुमित्रा वाल्मीकि सांसद राज्यसभा सदस्य, प्रभात साहू पूर्व महापौर एवं अध्यक्ष भाजपा जबलपुर महानगर, रविकरण साहू अध्यक्ष तेलधानी बोर्ड मप्र शासन, जगतबहादुर सिंह अन्नू महापौर, अशोक रोहाणी विधायक केंट, अभिलाष पांडे विधायक उत्तर-मध्य विधानसभा, आशीष दुबे भाजपा नेता लोकसभा प्रत्याशी, कैलाश साहू, राधेश्याम साहू, सुधीर साहू, रामकुमार साहू, पार्षद रजनी साहू, अरुणा-संजय साहू, अर्चना-सुधीर साहू, डॉ. राजेश दीपक साहू, अशोक साहू कंतोरा, मनोज साहू, अशोक साहू, ममता साहू, स्वप्निल साहू सहित अन्य अतिथिगण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

# सुदर्शन समाज महासंघ आशीष दुबे के समर्थन में करेंगे जनसंपर्क

**जबलपुर।** भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ द्वारा 03 अप्रेल को कैंट विधानसभा रांझी भगत सिंह मंडल में भाजपा सांसद प्रत्याशी आशीष दुबे का स्वागत मंच लगाकर केंट विधायक अशोक रोहिणी एवं सुदर्शन समाज के समस्त पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के प्रदेश महामंत्री दीपक नाहर ने बताया कि संपूर्ण सुदर्शन समाज भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास जताते हुए उन्हें भारी बहुमतों से विजय दिलवाने के लिए संकल्पित है, कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रसादी लाल बिरहा, प्रदेश अध्यक्ष



जगदीश चौहटेल, राष्ट्रीय सचिव पप्पू ग्रानीया, सुदर्शन समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष जागेश समुंद्रे, श्याम नारायण बिरहा, प्रदेश महामंत्री दीपक नाहर, रामकिशन हाटे, टेकचंद अधिकार, मनोहर राना, सूरज समुद्रे, धामू छापेलकर, विनय राठौर, लकी मलिक, राजेंद्र लालपुरी एवं सुदर्शन समाज के सभी वरिष्ठ कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थी एजुकेशनल टूर पर रवाना




**जबलपुर।** श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, जबलपुर के बी. फार्मेसी में अध्ययनरत विद्यार्थियों का एजुकेशनल टूर आज जबलपुर से हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हुआ। टूर के दौरान विद्यार्थी बद्दी स्थित सन फार्मा का भ्रमण कर फार्मेसी इंडस्ट्रीज की गतिविधियों को आसानी से समझ पाएंगे और अपना प्रायोगिक ज्ञान कौशल विकसित करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण के साथ-साथ विद्यार्थी मनाली, मनिकरण और कसौल भी जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष आरके करसोलिया ने कहा कि इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों के प्रायोगिक ज्ञान एव कौशल के साथ साथ सर्वांगीण विकास भी होता है। प्राचार्य डॉ. रीतेश यादव ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और बताया कि इस भ्रमण के आयोजन में डॉ. दीपक पटेल, डॉ. सीमा अग्रवाल और डॉ. दिलेदं पटले की अहम भूमिका रही।

# अव्यवस्थाओं के बीच हुआ पुस्तकों का वितरण

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि जिला शिक्षा केन्द्र जबलपुर के माध्यम से नगर 01 एवं नगर 02 बी.आर.सी कार्यालय के द्वारा जार्जटाऊन स्कूल से कक्षा पहली एवं दूसरी की एफ.एल.एन की पुस्तके एवं अन्य कक्षाओं की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण 03 अप्रैल को किया गया, जो कि अव्यवस्थाओं के बीच किया गया। जिससे सिर्फ और सिर्फ शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जहां एक तरफ चुनाव ट्रेनिंग करना था, वहीं दूसरी तरफ किताबें भी उठाना था। फिर भी न तो समय पर पुस्तकें मिली और न ही किसी भी शिक्षकों को पूरी पुस्तकें प्राप्त हुईं, क्योंकि जहां एक तरफ शासन करोड़ों रुपये खर्च कर बच्चों के लिए निःशुल्क पुस्तकों के वितरण हेतु व्यवस्था करती है, वहीं डी.पी.सी और बी.आर.सी कार्यालयों की लापरवाही या यूं कहें हीलाहवाली के चलते समय पर पर्याप्त पुस्तकें स्कूलों तक नहीं पहुंच पातीं जिससे विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, दिनेश गौंड, हेमन्त ठाकरे, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स आदि ने कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि इस अव्यवस्था हेतु संबधित जिलाशिक्षा केन्द्र अधिकारी डी.पी.सी एवं बी.आर.सी कार्यालय नगर 01 एवं नगर 02 पर सख्त कार्यवाही की जाए।



# रमजान शरीफ का अलविदा जुमा आज

## मदन महल में हुआ अफ्तार ए आम

**जबलपुर।** पाक माह रमजान शरीफ का आज आखरी (अलविदा) जुमा है। इस मौके पर शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहों में दोपहर 1.30 बजे जुमा की नमाज अदा की जाएगी। नमाज के पूर्व इमाम साहब अलविदा जुमा का खुत्बा पढ़ेंगे तथा नमाजोपरान्त दुआएं मांगी जाएंगी।मदन महल दरगाह- रमजान शरीफ के 24 वें रोजे पर मदन महल दरगाह में विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। अफ्तार ए आम में कौमी एकता की अनूठी झलक देखने मिली, मुस्लिम बंधुओं के साथ बड़ी तादाद में हिन्दू धर्मावलंबी भी अफ्तार में शामिल हुए और शांति सद्भावना का संदेश दिया। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निजाम कादरी, इनायत कादरी, शराफत कादरी ने रोजेदारों का शुक्रिया अदा किया।दरबारे बुनियादी- सूजी मुहल्ला स्थित हज़रत बुनियाद अली शाह रहमतुल्ला अलेह की दरगाह में सज्जादानशीन मेराज बाबा जमाली की सरपरस्ती में आज विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया है। खादिम अहमद जमाली ने रोजेदारों से शिरकत की गुजारिश की है।

# नव नियुक्त प्राचार्य ने ग्रहण किया पदभार

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय (स्वशासी), जबलपुर के नव नियुक्त प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस ने पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस पूर्व में भी 2012 से 2019 तक संत अलॉयसियस महाविद्यालय के उप-प्राचार्य के रूप में कार्य कर चुके हैं। वे 2019 से 2023 तक सेंट अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जबलपुर में एडमिनिस्टेटर के रूप में अपनी सेवाएँ देते रहे हैं। उनकी नियुक्ति के अवसर पर डॉ. फा. जी. वलन अरासु (बिशप इलेक्ट, जबलपुर कैथोलिक धर्माप्रांत एवं पूर्व प्राचार्य महाविद्यालय) एवं डॉ. फा. डेविस जॉर्ज (डायरेक्टर, सेंट



अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जबलपुर) ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# शिवमंदिर बाबाताल में आयोजन

## 26 ब्राह्मण बालकों का हुआ यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार

सिहोरा। शिव मंदिर बाबाताल में गुरुवार को हवनात्मक तथा महा अभिषेकात्मक श्री महारुद्र यज्ञ के दौरान ब्राह्मण बालकों के यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार का भव्य आयोजन यज्ञ समिति द्वारा किया गया जिसमें सिहोरा खितौला के अलावा अनेक ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 26 बालकों का उनके परिजनों की उपस्थिति में यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार संपन्न कराकर यज्ञाचार्य केशव प्रसाद शास्त्री सहित अनेक पंडितों ने पूर्ण विधि-विधान से उपनयन संस्कार की प्रक्रिया पूर्ण कराकर बालकों को गुरुमंत्र दिया। इस दौरान अनेक गांवों से पहुचे बालकों के परिजनों रिस्तेदारो ने भीखे भी डाली।यज्ञ समिति द्वारा हर शाल यह आयोजन कराया जाता है । यज्ञ समिति के पंडित राजकुमार



तिवारी पिंटा महाराज ने बताया 8 अप्रैल तक जारी महारुद्र यज्ञ में शाम 5 बजे से श्री सुभाष चैतन्य जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का रसपान भी भक्तों को कराया जा रहा है।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने किया पुस्तक स्टेशनरी दुकान का निरीक्षण

## कोई भी अभिभावक कर सकता है कलेक्टर के वाट्सएप पर शिकायत

**सिहोरा।** जिला कलेक्टर द्वारा प्राइवेट स्कूलों की कार्यप्रणाली पर नकेल कसने और मनमानी रोकने के लिए पूरे जिले में चलायें जा रहे अभियान के तहत अब अभिभावक भी कभी फीस के नाम पर तो कभी एक ही दुकान से किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने वाले स्कुलो के खिलाफ भी लोग खुलकर शिकायत कलेक्टर के वाट्सएप नम्बर 9407083130 पर कर रहे हैं। इसी अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशन में तहसीलदार सिहोरा शशांक दुबे के नेतृत्व में अरविंद दुबे सहायक संचालक,अशोक उपाध्याय प्राचार्य सी एम राइज सिहोरा,विकास खंड शिक्षा अधिकारी सिहोरा,बृजेश श्रीवास्तव बीआरसी सिहोरा तथा सुखचैन पटेल पटवारी की संयुक्त टीम ने सिहोरा खितौला



में अनेक पुस्तक भंडार का निरिक्षण किया।

### इन दुकानों में पहुंची टीम

प्रशासन की टीम ने सिहोरा में जैनको पुस्तक भंडार तथा कल्याण ट्रेडिंग कंपनी एवं खितौला की शिवम चॉइस एवं जैन ट्रेडर्स का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें किसी भी दुकान में किसी एक स्कूल की पुस्तके,स्टेशनरी एवम कापियों का विक्रय करते नहीं पाई गई सभी में विभिन्न स्कूलों की जिसमें मारथोमा,शालेम स्कूल, मिस्पा मिशन,के के वी आदि की पुस्तकों की सूची पाई गई। स्कूलों की ड्रेस भी किसी विशेष दुकान में विक्रय करते नहीं पाई गई यदि ऐसा भविष्य में पाया जाता है तो संबंधित स्कूल के खिलाफ और दुकान संचालक के विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन की गाइडलाइन के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। अशासकीय स्कूलों का निरीक्षण भी किया जाएगा यदि उन स्कूलों में किसी प्रकार की विसंगतियां पाई जाती हैं तो उन स्कूलों की मान्यता निलंबित करने एवं अर्थ दंड अधिरोपित करने की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। सिहोरा खितौला में किसी भी प्राइवेट स्कूल के द्वारा अगर किसी भी अभिभावक को फीस या किताबों के निम पर परेशान किया जा रहा है तो वह कलेक्टर के वाट्सएप नम्बर पर प्रमाण सहित मेसेज कर सकता है उसका नाम गोपनीय रखा जायेगा।

# निधन

**श्रीमती संयोगिता रानी भसीन-** अग्रवाल कम्पाउंड नेपियर टाउन निवासी श्री बृजलाल भसीन की धर्मपत्नी श्रीमती संयोगिता रानी भसीन (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश श्रीवास्तव-** शीतलामाई भटनागर अस्पताल के सामने निवासी श्री राजेश श्रीवास्तव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गनेश कुमार खेमरिया-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री गनेश कुमार खेमरिया (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण प्रजापति-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री नारायण प्रजापति (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री के. केशव रेड्डी-** मस्ताना चौक रांझी निवासी सीओडी से सेवानिवृत्त श्री के. केशव रेड्डी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंद्रा वर्मा-** टेस्टिंग रोड चांदमारी लालमाटी निवासी श्री रमेश वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा वर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक मोटघरे-** बराट रोड नेपियर टाउन निवासी श्री अशोक मोटघरे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रताप राय अंब्वानी-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री प्रताप राय अंब्वानी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती परिसीता सिंह-** शिवपुरी कजरवारा निवासी श्री सच्चिदानंद सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती परिसीता सिंह (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175

**CHANGE OF NAME**

I, VAGHELA DEVRAJBHAI RAIYABHAI S/O RAIYABHAI R/O THADACH, TA. PALITANA, DIST- BHAVNAGAR, STATE-GUJRAT -364140 I have change of my name from VAGHELA DEVRAJBHAI RAYABHAI (name as per my SON, ARMY NO 15747675K RANK-SIGMN NAME-VAGHELA MEHULBHAI DEVRAJBHAI of unit HQ 1 STC, JAABLPUR (MP) army service record to VAGHELA DEVRAJBHAI RAIYABHAI (name as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 28/03/2024 (date of affidavit) formerly befroe Public Notary DINESH P. GADHADARA, TALAJA, (GUJRAT) (Name and place of Court)

CORRECT NAME
VAGHELA DEVRAJBHAI RAIYABHAI
INCORRECT NAME
VAGHELA DEVRAJBHAI RAYABHAI

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./04/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र यादव/स्व. सीताराम यादव, नि.- 2159, न्यू कंचनपुर, चौकसे होटल के पास, वार्ड 60 ने नजूल ब्लाक नं. ...., प्लाट नं. .....निर्मित रकवा/रकवा 750 व.फु../अवि. हिस्सा/ ग्राम भड़पुरा, प.ह.नं. 22, खसरा नं. 285, 285/1/1, रकवा 750 व.फु./ हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/ वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक ....... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ..... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डावर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ....प्लाट नं. .... निर्मित रकवा/ रकवा 750 व.फु./ अवि. हिस्सा/ ग्राम भड़पुरा, प.ह.नं. 22, खसरा नं. 285, 285/1/1, रकवा 750 व.फु./ हे. त्रिवेणी बाई बेवा मोहन घासी बाई वगैरह के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/04/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 02/04/2024
पेशी दिनांक- 18/04/2024
मुहर तहसीलदार रांझी, जबलपुर

# प्याज-टमाटर महंगे, शाकाहारी थाली सात फीसदी हुई महंगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मार्च महीने में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतें बढ़ने से शाकाहारी थाली सालाना आधार पर सात प्रतिशत तक महंगी हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई ने बृहस्पतिवार को यह सर्वेक्षण पेश किया।

- पोल्ट्री की कीमतें घटने से मांसाहारी थाली हुई सात फीसदी सस्ती

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने अपनी मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में कहा कि पोल्ट्री की कीमतें घटने से पिछले महीने मांसाहारी थाली की लागत में सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की सर्वेक्षण रिपोर्ट

### दालों की कीमतें 22 फीसदी बढ़ी

रिपोर्ट के मुताबिक, कम आवक के कारण एक साल पहले की तुलना में चावल का दाम भी 14 प्रतिशत और दालों की कीमतें 22 प्रतिशत बढ़ गई हैं। वहीं मांसाहारी थाली की कीमत एक साल पहले की समान अवधि में 59.2 रुपये थी जो पिछले महीने घटकर 54.9 रुपये रह गई। लेकिन फरवरी के 54 रुपये प्रति थाली की तुलना में इसकी कीमत अब भी अधिक है।



### शाकाहारी थाली की कीमत 27.3 रुपए प्लेट बढ़ी

शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद आता है। इस थाली की कीमत मार्च में बढ़कर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। हालांकि, फरवरी के 27.4 रुपये की तुलना में मार्च में शाकाहारी थाली की कीमत घटी है।

### आलू हुआ 22 फीसदी महंगा

रिपोर्ट कहती है, "आवक कम होने और कम आधार दर के कारण प्याज का दाम सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, टमाटर का दाम 36 प्रतिशत और आलू का दाम 22 प्रतिशत बढ़ने से शाकाहारी थाली महंगी हो गई है।"


### रमजान के कारण ब्रॉयलर हुआ सस्ता

दरअसल ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट आने से सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत घटी। मांसाहारी थाली में ब्रॉयलर का भारांक 50 प्रतिशत होता है। हालांकि, फरवरी की तुलना में मार्च में रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत होने और अधिक मांग आने से ब्रॉयलर की कीमतें पांच प्रतिशत बढ़ गईं।

---

## खबर संक्षेप

### सिंगापुर में भी फोनपे से कर सकेंगे भुगतान




नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे के माध्यम से अब सिंगापुर में भी भुगतान किया जा सकता है। इसके लिए कंपनी ने 'द सिंगापुर टूरिज्म'' के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यूपीआई लिंकेज पर बनाया गया है, जो ग्राहकों को अपने मौजूदा भारतीय बैंक खातों से सीधे दोनों देशों के बीच लेनदेन करने की सुविधा देता है।

### सौर सेल मॉड्यूल में निवेश करेगी शिरडी साईं इलेक्ट्रिक



नई दिल्ली। शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड आंध्र प्रदेश के रामायपट्टनम में एक एकीकृत सौर सेल से मॉड्यूल विनिर्माण इकाई के निर्माण के लिए 15,000 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश करेगी। पांच गीगावाट इंगोट और पांच गीगावाट ग्लास क्षमता स्थापित करने के लिए अनुषंगी कंपनी इंडोसोल सोलर के माध्यम से किया जा रहा है।

### डी-मार्ट की आय में 20 फीसदी वृद्धि




नई दिल्ली। एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड की 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकल परिचालन आय 19.89 प्रतिशत बढ़कर 12,393.46 करोड़ रुपये रही है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के पास खुदरा श्रृंखला डी-मार्ट का स्वामित्व है और वही उसका संचालन करती है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

### जनरल अटलांटिक ने उजाला सिग्नस में हिस्सेदारी खरीदी



नई दिल्ली। निजी इक्विटी फर्म जनरल अटलांटिक ने स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी कंपनी उजाला सिग्नस में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ बहुलांश हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उसने जनरल अटलांटिक के साथ साझेदारी की है और इस समझौते के तहत जनरल अटलांटिक को कंपनी में महत्वपूर्ण बहुलांश हिस्सेदारी हासिल होगी।

### अस्पताल में इलाज के लिए कर्ज देगा केनरा बैंक




नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने अस्पताल के खर्च में कमी को पूरा करने के लिए कर्ज देने की योजना सहित कई नये उत्पाद पेश किये। बैंक ने बयान में कहा कि केनरा 'हील'' नामक स्वास्थ्य देखभाल-केंद्रित कर्ज उत्पाद का मकसद स्वयं या आश्रितों के स्वास्थ्य बीमा दावों का निपटान करते हुए अस्पताल में भर्ती होने के खर्च की कमी को पूरा करना है।

### हौंडा कार्स इंडिया ने शिमिजु को बनाया निदेशक




नई दिल्ली। हौंडा कार्स इंडिया ने रयुटो शिमिजु को कंपनी का नया निदेशक नियुक्त किया है। शिमिजु ने युइची मुराता का स्थान लिया है। युइची मुराता ने हौंडा मैक्सिको के अध्यक्ष का पद संभाला है। कंपनी ने एक बयान में कहा, शिमिजु 25 वर्षों से अधिक समय से हौंडा के साथ जुड़े हैं। वह कंपनी के लिए जापान, चीन और थाईलैंड सहित कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में काम कर चुके हैं। वह 2021-2023 तक हौंडा ऑटोमोबाइल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड में व्यावसायिक नियोजन कार्यालय के प्रभारी थे।

---

## माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 ने जारी की रिपोर्ट

# वरिष्ठ पदों पर औसत 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का अनुमान : रिपोर्ट

- पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां बढ़ रही है
- विनिर्माण और परिचालन की भूमिकाओं में निरंतर उच्च मांग है
- डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में आवश्यकता

*इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

### भारत में रोजगार सिर्फ वेतन तक सीमित नहीं

पेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अंशुल लोढ़ा ने कहा, 'जैसे-जैसे हम 2024 में आगे बढ़ रहे हैं, भारत में रोजगार की गाथा सिर्फ वेतन तक सीमित नहीं है। लचीलापन, कामकाज का तरीका और पेशेवर वृद्धि के अवसर नौकरी बदलने में महत्वपूर्ण हो रहे हैं, जो एक परिपक्व तथा समग्र रोजगार परिवेश को दर्शाते हैं।



### भारत की अर्थव्यवस्था में लचीलापन

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है। पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा, 'भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिभा को फलने-फूलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।'

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि 13 वर्ष के उच्चस्तर पर : पीएमआई

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग के दम पर मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 पहुंच गया। यह फरवरी में 60.6 पर था।

#### पीएमआई 50 से ऊपर

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी इंडिया सर्विस पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

#### व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, 'फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में भारत की सेवाओं का पीएमआई बढ़ा, मजबूत मांग के कारण बिक्री तथा व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाई हैं।'

#### 13 वर्ष में दूसरी सबसे बड़ी उछाल

सर्वेक्षण में कहा गया, 'रोजगार में नवीनतम वृद्धि कई महीनों में 22वीं और नवंबर 2022 के बाद से संयुक्त रूप से सबसे मजबूत है।' इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स फरवरी में 60.6 से बढ़कर मार्च में 61.8 हो गया। यह साढ़े 13 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है।

---

# एचडीएफसी बैंक का कुल कर्ज वितरण 25 लाख करोड़ के पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




- वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक का आवंटित कर्ज
- आंकड़ों में पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का परिचालन भी शामिल

निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक आवंटित कर्ज बढ़कर 25 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 31 मार्च, 2024 तक बैंक द्वारा दिया गया कुल कर्ज सालाना आधार पर 55.4 प्रतिशत बढ़कर 25.08 लाख करोड़ रुपये हो गया।

यह 31 मार्च, 2023 तक 16.14 लाख करोड़ रुपये था। इसमें कहा गया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त अवधि के आंकड़ों में पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का परिचालन भी शामिल है, जिसका एक जुलाई, 2023 को एचडीएफसी बैंक के साथ विलय हो गया था और इसलिए, पिछले वर्ष की इसी अवधि के आंकड़ों के साथ इसकी तुलना नहीं की जा सकती है। 31 दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक द्वारा दिया गया कुल कर्ज 24.69 लाख करोड़ रुपये था। बैंक के आंतरिक व्यापार वर्गीकरण के अनुसार, घरेलू खुदरा कर्ज वितरण सालाना आधार पर लगभग 109 प्रतिशत और 31 दिसंबर, 2023 की तुलना में लगभग 3.7 प्रतिशत बढ़ा है। उसके वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग कर्ज 31 मार्च, 2023 की तुलना में 24.6 प्रतिशत और 31 दिसंबर, 2023 की तुलना में लगभग 4.2 प्रतिशत बढ़ा है। 31 मार्च, 2024 तक बैंक की कुल जमा राशि 23.8 लाख करोड़ रुपये थी, जो सालाना आधार पर 18.83 लाख करोड़ रुपये से लगभग 26.4 प्रतिशत अधिक और 31 दिसंबर, 2023 के 22.10 लाख करोड़ रुपये से लगभग 7.5 प्रतिशत अधिक थी।

### चालू खाते में वृद्धि नौ लाख करोड़ रही

बयान के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक चालू खाता बचत खाता (कासा) जमा राशि सालाना आधार पर लगभग 8.7 प्रतिशत वृद्धि के साथ लगभग नौ लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, जयपुर स्थित एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) ने शेयर बाजार को दी एक अलग सूचना में कहा कि मार्च तिमाही तक उसका कर्ज वितरण 25 प्रतिशत बढ़कर 73,999 करोड़ रुपये हो गया है।

---

# जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख शहरों में लक्जरी मकानों और प्रीमियम कार्यक्षेत्र की मजबूत मांग के दम पर जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कार्यालयों की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी।



- नाइट फ्रैंक इंडिया ने एक वेबिनार में दी जानकारी
- कार्यालय की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी

संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में 'भारत रियल एस्टेट: कार्यालय तथा आवासीय रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2024)' जारी की। नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च में आवासीय कीमतें सालाना आधार पर दो से 13 प्रतिशत के दायरे में बढ़ीं। कार्यालय का किराया एक से नौ प्रतिशत बढ़ा। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च में आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री बढ़कर 86,345 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 79,126 इकाई थी। इस वर्ष जनवरी-मार्च में कार्यालय स्थान का सकल पट्टा 43 प्रतिशत बढ़कर 1.62 करोड़ वर्ग फुट हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1.13 करोड़ वर्ग फुट था।

### आवास खंड में उछाल देखा गया

नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने रिपोर्ट पर कहा, ''रियल एस्टेट बाजार ने एक और असाधारण अवधि का अनुभव किया जिसमें कार्यालय तथा आवासीय दोनों क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन शामिल है।'' उन्होंने कहा कि आवासीय खंड में खास तौर पर महत्वपूर्ण उछाल देखा गया।

---

# स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन बढ़ाकर छह जून की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन आगे बढ़ाकर छह जून कर दी है। आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस में इस संदर्भ में संशोधन किये गये। विभाग ने बोलीदाताओं के लिए नकदी को सुगम बनाने के लिए बैंक गारंटी और बयाना राशि जमा की गारंटी भी कम कर दी है।

नोटिस संशोधन के अनुसार, लोकसभा परिणामों की घोषणा के बाद 'लाइव नीलामी'' की शुरुआत की नयी तारीख 20 मई से बदलकर छह जून कर दी गयी है। परीक्षण के तौर पर नीलामी अब 13 और 14 मई के बजाय तीन जून को होगी। सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए, लगभग 96,317 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। दूरसंचार विभाग ने पश्चिम बंगाल सर्किल में 900 मेगाहर्ट्ज बैंड में नीलामी के लिए ब्लॉक की संख्या भी घटाकर 44 कर दी है। पहले यह संख्या 48 बतायी गयी थी। बैंक गारंटी के रूप में बयाना राशि जमा (ईएमडी) के लिए बैंक गारंटी की वैधता अब 30 सितंबर, 2024 तक के लिए होगी, जबकि पूर्व में यह 31 दिसंबर, 2024 तक थी।



- दूरसंचार विभाग ने तारीख बढ़ाई आगे
- बैंक गारंटी और बयाना राशि जमा की गारंटी भी कम की

### 20 साल की अवधि के लिए मिलेगी

स्पेक्ट्रम 20 साल की अवधि के लिए सौंपा जाएगा और सफल बोलीदाताओं को 20 समान वार्षिक किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी। विभाग ने नीलामी के माध्यम से प्राप्त स्पेक्ट्रम को न्यूनतम 10 साल की अवधि के बाद वापस करने का विकल्प प्रदान किया है।

---

## मस्क ने 'कम्युनिटी नोट्स' कार्यक्रम का किया विस्तार



नई दिल्ली। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने भारत में अपने 'कम्युनिटी नोट्स' कार्यक्रम का विस्तार किया है। यह एक तथ्य-जांच सुविधा है जो लोगों को संभावित रूप से भ्रामक पोस्ट के बारे जानने में मदद करती है। भारत में 'कम्युनिटी नोट्स' कार्यक्रम की शुरुआत ऐसे समय पर की जा रही है जब दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले लोकतंत्र में आम चुनाव शुरू होने जा रहे हैं। देश में 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। 'कम्युनिटी नोट्स' अब भारत में सक्रिय...'' 'एक्स' पर 'कम्युनिटी नोट्स' के आधिकारिक खाते से भी इसके भारत में शुरू होने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही अब यह 69 देशों में सक्रिय है।

---

# एमईपी इन्फ्रा के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने रियल्टी कंपनी एमईपी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने के साथ एक अंतरिम समाधान पेशेवर भी नियुक्त कर दिया है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दायर याचिका को स्वीकार कर लिया है। इस याचिका में 127.86 करोड़ रुपये के कर्ज भुगतान की चूक का दावा किया गया था।



- एनसीएलटी ने अंतरिम समाधान पेशेवर किया नियुक्त
- 127.86 करोड़ के कर्ज भुगतान की चूक का दावा किया गया था

एनसीएलटी की दो सदस्यीय पीठ ने 28 मार्च को पारित अपने आदेश में कहा, 'मौजूदा तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए यह जरूरी है कि कर्जदार कंपनी एमईपी इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू की जाए।' इसके अलावा आईबीसी की धारा 14 के तहत रियल्टी कंपनी एमईपी इन्फ्रास्ट्रक्चर को किसी भी मुकदमे, निर्देश और हस्तांतरण से संरक्षण भी दिया गया है।

---

## वेदांता का एल्युमीनियम उत्पादन चार फीसदी बढ़ा



नई दिल्ली। विविधीकृत प्राकृतिक संसाधन कंपनी वेदांता लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कुल एल्युमीनियम उत्पादन सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 5,98,000 टन रहा। वेदांता ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी का एल्युमीनियम उत्पादन 5,74,000 टन था। कंपनी के अनुसार, बेहतर परिचालन प्रदर्शन के दम पर ओडिशा में लांजीगढ़ रिफाइनरी इकाई में एल्यूमिना उत्पादन 18 प्रतिशत बढ़कर 4,48,000 टन रहा। जिंक इंडिया में चौथी तिमाही में खनन धातु का उत्पादन घटकर 2,99,000 टन हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में यह 3,01,000 टन से अधिक था। समीक्षाधीन तिमाही में रिफाइंड जिंक उत्पादन दो प्रतिशत बढ़कर 2,20,000 टन हो गया, जबकि रिफाइंड सीसा का उत्पादन घटकर 53,000 टन रहा।

---

## देश का पहला लघु व मझौला रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट होगा

# रीट अगले छह महीने में हो सकता है सूचीबद्धः नारेडको

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनियों के शीर्ष निकाय नारेडको ने कहा है कि देश के पहले लघु और मझोले रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) के अगले छह महीने के भीतर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की उम्मीद है।

- छोटे निवेशक महज 10 लाख रुपए का निवेश कर हासिल कर पाएंगे रीट

इसमें छोटे निवेशक महज 10 लाख रुपये का निवेश कर किराये पर लगने वाली संपत्तियों में आंशिक स्वामित्व हासिल कर सकेंगे। नारेडको (नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल) के अध्यक्ष जी हरि बाबू ने बुधवार को एक वेबिनार में कहा, 'हम सितंबर-अक्टूबर तक पहले लघु और मझोला रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट पेश करने की उम्मीद कर रहे हैं।'

### निवेशक आंशिक स्वामित्व प्राप्त कर पाएंगे

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पिछले महीने लघु और मझोले रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट के लिए नियम अधिसूचित किये थे। इसके तहत निवेशक अब न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश करके किराये वाली रियल एस्टेट संपत्तियों में आंशिक स्वामित्व प्राप्त कर सकते हैं।



### तीन रीट होंगे सूचीबद्ध

वर्तमान में कार्यालय परिसंपत्तियों के साथ तीन रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट... एम्बेसी ऑफिस पार्क रीट, माइंडस्पेस बिजनेस पार्क रीट और ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट...हैं। एक खुदरा संपत्ति वाला रीट... नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट... भी है।

### किराया देने वाली संपत्ति में कर पाएंगे निवेश

हरि बाबू ने लघु एवं मझोले रीट के लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि छोटे निवेशक अब किराया देने वाली रियल एस्टेट संपत्तियों में निवेश कर सकते हैं। वे किराये की आय के साथ-साथ पूंजी मूल्य में वृद्धि भी प्राप्त कर सकते हैं।

### न्यूनतम संपत्ति मूल्य 50 करोड़ होगा

सेबी निदेशक मंडल ने पिछले साल नवंबर में लघु एवं मझोला रीट के लिए एक नियामकीय ढांचा बनाने को लेकर रीट विनियमन, 2014 में संशोधन को मंजूरी दी। इसमें न्यूनतम संपत्ति मूल्य कम से कम 50 करोड़ रुपये रखा गया जबकि मौजूदा रीट के लिए यह 500 करोड़ रुपये है।

---

## पीएफसी ने दिया 2033 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने सरकार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल 2,033 करोड़ रुपये का अंतरिम लाभांश दिया है। कंपनी ने कहा कि उसने 554 करोड़ रुपये, 832 करोड़ रुपये और 647 करोड़ रुपये की तीन किस्तों में लाभांश का भुगतान किया है। 'पीएफसी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार को 2,033 करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है।

## चिंतन

# सैन्य क्षमता में वृद्धि करते रहना आवश्यक

भारत आर्थिक रूप से जितना अधिक मजबूत होगा, उसकी सामरिक चुनौतियां उतनी ही बढ़ेंगी। महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य के शब्दों में किसी भी प्रकार के आक्रमण से अपनी जनता की रक्षा करना प्रत्येक राजसत्ता का सर्वप्रथम उद्देश्य होता है। चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है कि एक संप्रभु सक्षम राष्ट्र को चार अलग-अलग तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है। आंतरिक, बाह्य, बाह्य रूप से सहायता प्राप्त आंतरिक और आंतरिक रूप से सहायता प्राप्त बाहरी। संयोग से इस वक्त भारत इन चारों तरह के मिश्रित खतरों का सामना कर रहा है। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' के सफल परीक्षण से भारत की सैन्य शक्ति में और वृद्धि हुई है। भारत को चीन और पाकिस्तान सीमा पर अधिक खतरा है, पाकिस्तान से 2016 से और चीन से 2020 से रिश्ते सबसे खराब के स्तर पर हैं। चीन की लगातार कोशिश है कि भारतीय सीमा एलएसी पर विवाद बना रहे। एलएसी पर चीनी कारस्तानियां चलती रहती हैं, चीनी फौज सुनियोजित साजिश के तहत भारतीय सीमा पर षड्यंत्र करती रहती है, इससे दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बना रहता है। पाकिस्तान एलओसी पर कश्मीर में आतंकी घुसपैठ कराने के मकसद से सीजफायर का उल्लंघन करता रहा है। चीन और पाकिस्तान का एकमेव कृत्य है, सीमा पर भारत को परेशान करते रहना। चीन नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार आदि भारत के पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक व सामरिक संबंध मजबूत कर भी भारत के लिए सैन्य मुश्किल खड़ी करता है। इसके अलावा भी कई अदृश्य शक्तियां हैं, जो भारत की आस्तीन में रहकर भारत के खिलाफ एक्शन में लिप्त रहती हैं। ऐसे में भारत की सामरिक चुनौतियां बड़ी हैं। इस चुनौतियों का सामने करने के लिए भारत को सामरिक रूप से निरंतर मजबूत बनना पड़ेगा। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' जैसी मिसाइल भारत की सैन्यशक्ति में इजाफा करती है। पिछले महीने, भारत ने अपने 'मिशन दिव्यास्त्र' के तहत मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) के साथ देश में विकसित अग्नि-पांच मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया था। एमआईआरवी सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि एक ही मिसाइल विभिन्न स्थानों पर विभिन्न लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। अग्नि-पांच मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किमी तक है। मिसाइल की जद चीन के उत्तरी भाग समेत लगभग पूरे एशिया और साथ ही यूरोप के कुछ क्षेत्रों तक है। अग्नि-1 से अग्नि-4 श्रेणी की मिसाइलों की मारक क्षमता 700 किमी से 3,500 किमी तक है और इन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है। पिछले साल जून में भारत ने 'अग्नि प्राइम' का रात के दौरान सफल परीक्षण किया था। भारत पृथ्वी की वायुमंडलीय सीमा के अंदर और बाहर किसी शत्रु की तरफ से आने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने की क्षमता विकसित कर रहा है। भारत मिसाइल, फाइटर प्लेन समेत सभी प्रकार के स्वदेशी सैन्य उपकरण से लैस हो रहा है, साथ ही अनेक आयातित डिफेंस सिस्टम से सेना मजबूत हो रही है। भारतीय सेना परंपरागत वार के अलावा हाईटेक वार में भी दक्ष है, आज भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है। सामरिक चुनौतियों का सामना करने के लिए खुफिया तंत्र की मजबूती, सैन्य शक्ति व युद्ध नीति का आधुनिकीकरण, उन्नत अस्त्र-शस्त्र के साथ सीमा क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।



## विडंबना

डॉ. अश्विनी महाजन

# उत्तर-दक्षिण विभाजन की झूठी कहानी

लंदन से प्रकाशित एक पत्रिका में लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है।

हाल ही में लंदन से प्रकाशित 'द इकोनॉमिस्ट' नाम की एक पत्रिका ने एक बेहद शरारती लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है। 46 प्रतिशत टेक यूनिकॉर्न दक्षिण भारत से हैं और भारत का 46 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात इन्हीं पांच दक्षिणी राज्यों से होता है। इतना ही नहीं, पत्रिका लिखती है कि 66 फीसदी आईटी सेवाओं का निर्यात भी दक्षिणी राज्यों से होता है।

कुछ एजेंडाधर्मी लोगों को छोड़ सारा विश्व जानता है कि उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक भारत एक है। यह सच है कि भारत में अलग-अलग क्षेत्रों पर अलग-अलग समय में अलग-अलग शासकों का शासन था, लेकिन पूरे भारत में रहने वाले सभी लोगों के बीच एक अटूट संबंध बना रहा, लेकिन अफसोस की बात है कि विदेशी शासन के दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा ऐसा साहित्य रचा गया और जानबूझकर इतिहास लेखन के माध्यम से झूठी कहानियां गढ़ी गईं, जिससे दक्षिण भारत के लोगों के मन में उत्तर भारत के लोगों के खिलाफ जहर भर गया। झूठा इतिहास रचा गया कि, आर्य विदेशों से आए थे और उनके क्रूर आक्रमण से द्रविड़ लोग आहत होकर दक्षिण की ओर जाने को मजबूर हुए। ऐसी स्थिति में हिंदी भाषा के प्रति शत्रुता को दक्षिणी राज्यों में, तमिलनाडु में और भी अधिक तीव्रता से बढ़ावा दिया गया। कहा जाता है कि इस झूठी कहानी की शुरूआत एक जर्मन प्राच्यविद् और भाषाशास्त्री ने की थी। आज प्रचुर मात्रा में वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं जो साबित करते हैं कि आर्य आक्रमण सिद्धांत पूरी तरह से एक मिथक, मनगढ़ंत और काल्पनिक है। भारत, अमेरिका और अन्य देशों के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में प्रकाशित शोध पत्रों के अनुसार, हड़प्पा काल के वैज्ञानिक तथ्यों के साक्ष्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मध्य एशिया से आर्यों का इतने बड़े पैमाने पर प्रवास कभी नहीं हुआ। इसके अलावा कई इतिहासकारों ने भी इस झूठी कहानी को उजागर करने का काम किया है। उसके बावजूद भारत में हो रहे तेजी से विकास से ईर्ष्या करने वाले पश्चिमी दुनिया के देशों द्वारा यह एजेंडा लगातार चलाया जा रहा है। दक्षिण में हुए विकास के आंकड़ों का सहारा लेकर, पत्रिका ने शरारतपूर्ण तरीके से इस मुद्दे को राजनीति से जोड़ा और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास दक्षिणी राज्यों में मजबूत आधार नहीं है। पत्रिका का यह भी तर्क है कि इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान सरकार के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है। गौरतलब है कि जिस देश (ब्रिटेन) में

The Economist

इकोनॉमिस्ट पत्रिका प्रकाशित होती है, वहां अब तक किसी भी प्रधानमंत्री को चुनाव में पूरे देश से समान जनादेश नहीं मिला है। क्या इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है? दुनिया भर के लोकतंत्र के इतिहास में ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जब सभी क्षेत्रों से समान रूप से बहुमत वोट प्राप्त करके सरकार बनाई गई हो। इसी तरह दक्षिण भारत के कुछ नेता भी इसी प्रकार के तर्क देकर अपनी अलगाववादी राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। हम जानते हैं कि देश में कुछ भ्रष्ट नेताओं के कारण कई राज्यों का विकास बाधित हुआ, जिनमें दक्षिणी राज्य भी शामिल थे। पूर्वोत्तर के कई राज्य पूर्ववर्ती केंद्र सरकार की उपेक्षा के शिकार रहे हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर जैसे कई राज्यों को उनकी जनसंख्या के अनुपात से कहीं अधिक संसाधन मिलते रहे। जहां तक विकास का सवाल है, देश में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति आय वाले दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से केवल दो दक्षिण से हैं और वह भी पांचवें और छठे स्थान पर हैं और वह भी आईटी सेक्टर के कारण, जहां भारत के सभी हिस्सों से आने वाले लोग काम कर रहे हैं।

जहां हमारे देश में खाद्यान्न उपलब्ध कराने में उत्तरी राज्यों का महत्वपूर्ण योगदान है, उसी प्रकार औद्योगिक उत्पादन, विशेषकर इलेक्ट्रिक और आईटी उत्पाद उपलब्ध कराने में दक्षिणी राज्यों के योगदान को कम नहीं आंका जा सकता। राजनीतिक उद्देश्यों वाले लोगों ने अब दक्षिणी राज्यों को कर धन के हस्तांतरण में भेदभाव का मुद्दा उठाकर उत्तर-दक्षिण विभाजन को एक और आयाम दे दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सहित कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने यह कहते हुए विरोध प्रदर्शन किया कि दक्षिणी राज्यों को केंद्रीय करों से उनके वैध हिस्से से वंचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कर हिस्सेदारी वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती है। 15वें वित्त आयोग की कार्यवाही के दौरान इन राज्यों ने केंद्र सरकार के समक्ष संदर्भ की शर्तों के बारे में अपनी शिकायत व्यक्त की, जिसके अनुसार वित्त आयोग को पिछले आयोग द्वारा उपयोग की जाने वाली जनसंख्या को 1971 के बजाय 2011 की जनगणना के अनुसार उपयोग करने का निर्देश दिया गया था। उनका आरोप था कि यह दक्षिणी राज्यों के ख़िलाफ़ जाएगा, क्योंकि उन्होंने अपनी जनसंख्या को कई अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर तरीके से नियंत्रित किया है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, 15वें वित्त आयोग ने जनसांख्यिकीय प्रदर्शन यानि जनसंख्या नियंत्रण को भी महत्व दिया।

इसके अलावा, केंद्रीय करों के कुल हस्तांतरण में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल की हिस्सेदारी पिछले वित्त आयोग की तुलना में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों में कमोबेश वही रही। हालांकि, कर्नाटक की हिस्सेदारी 4.71 प्रतिशत से घटकर 3.64 प्रतिशत हो गई। केरल का हिस्सा इस अवधि में में 2.5 प्रतिशत से घटकर 1.92 प्रतिशत हो गया, लेकिन केंद्रीय राजस्व में हिस्सेदारी के अलावा, इन राज्यों को महत्वपूर्ण राजस्व घाटा अनुदान भी दिया गया। आंध्र प्रदेश के मामले में यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 30,497 करोड़ रुपये और कर्नाटक के लिए 2021-22 के लिए 1,631 करोड़ रुपये बैठता है। केरल के लिए, यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 37,814 करोड़ रुपये और तमिलनाडु के लिए 2021-22 के लिए 2,204 करोड़ रुपये था, इसलिए आंकड़े किसी भी तरह से वित्त आयोग के कथित पूर्वाग्रह को साबित नहीं करते। हमें यह समझना चाहिए कि राष्ट्रीय एकता और क्षेत्रीय सद्भाव के मुद्दों पर, हमें अलगाववादी बयानों से बचना चाहिए, क्योंकि यह हमारे राष्ट्र की राष्ट्रीय एकता और जान कल्याण पर काफी हद तक प्रभाव डाल सकता है। अलगाववादी आवाजों पर अंकुश लगाने की जरूरत है और अलगाववादी एजेंडे में शामिल अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और मीडिया से भी सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



मैसूर महल का निर्माण 14वीं सदी में वाडयार राजाओं ने करवाया था, जबकि इसका डिजाइन प्रसिद्ध ब्रिटिश वास्तुकार हेनरी इरविन ने तैयार किया था। यह वाडियार महाराजाओं का निवास स्थान हुआ करता था। मैसूर पैलेस दविड़, पूर्वी और रोमन कला का अद्भुत संगम है। सलेटी पत्थरों से बना यह महल गुलाबी रंग के पत्थरों के गुंबदों से सजा है।

# तन, मन, धन सब निरंकार, नहीं करना चाहिए अहंकार



संकलित

## दर्शन

सद्गुरु ने ब्रह्मज्ञान प्रदान करने से पहले पांच प्रण लिए हैं। पहला प्रण है तन, मन, धन का अहंकार नहीं करना, इसे निरंकार का ही समझना है। इस प्रण को मानने से अहंकार नहीं आएगा और न ही हम में जलन-द्वेष का भाव आएगा। दूसरे प्रण में कहा कि जाति-पाति, वर्ण, आश्रम आदि का अभिमान नहीं करना। इससे भी जलन, द्वेष का भाव मनुष्य में नहीं आएगा। काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय के कारण शरीर में जो विकृतियां पैदा होती हैं और कभी-कभी जो रोग पैदा होते हैं, सभी विकार भी दूर रहेंगे। ये सभी हमारे जीवन में आनंद में रुकावट का कारण बनते हैं। कभी-कभी अकेले में निरंकार प्रभु को अपने साथ समझते हुए निरंकार प्रभु के चरणों में हाथ जोड़कर सुमरिन करें और प्रार्थना करें, हे निरंकार प्रभु अंतर्यामी, कृपा करें। मेरे सभी अवगुणों को बख्श दें और दया करें कि मेरे अंदर बुरे विचार न आएं। केवल अच्छे विचार आएं। इस शरीर से अच्छे-अच्छे कर्म हों। मेरे मुख से मधुर वाणी ही निकले। ये शरीर तेरे संतों की संगत में दौड़-दौड़ कर जाए। आप मेरे को शक्ति दें ताकि मैं संतों की बढ़-चढक़र सेवा कर पाऊं और अंतिम श्वास तक तेरे चरणों से जुड़ा रहूं। एक प्रेरणा युक्त संत के जीवन की घटना है। महान दार्शनिक और तत्त्ववेत्ता सुकरात का चेहरा बहुत कुरूप था, फिर भी वे दर्पण में बहुत बार अपना चेहरा देखते रहते थे। जब-जब सुकरात दर्पण के सामने खड़े होकर अपना चेहरा देखते, उनके शिष्य हंसने लगते किंतु सुकरात को कुछ नहीं कह पाते।

# विनम्रता ही दर्शाती है मनुष्य की श्रेष्ठता व विद्वता




संकलित

## प्रेरणा

सद्गुरु की शिक्षाओं के अनुरूप कार्य सुखदायी होता है। किसी मनुष्य की निंदा न करें। सबके भले में ही हमारा भला है, यही सोचें। संत महात्मा कहते हैं कि जिन व्यक्तियों का स्वभाव झगड़ालू है, क्रोधी है, मानने वाले नहीं हैं, उन पर आप क्रोध न करें। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। निरंकार प्रभु से उनका भला मांगें। जहां तक हो सके उनका भला करें। आप अपने मन पर बोझ न डालें और अपने आपको परेशान न करें। गुरसिख तो सद्गुरु के चरणों में अरदास ही करता है। क्योंकि सबका भला करने वाला निरंकार दातार है। हमारी हिम्मत नहीं कि किसी का भला कर पाएं। हमें अपने मन, बुद्धि को निरंकार प्रभु से जोडऩा है। बाकी जो प्रभु करेगा ठीक करेगा। हमें भूल कर भी किसी का बुरा नहीं मांगना है। विनम्रता से दूसरे को सुनने और अपनी बात सुनाने में आसानी होती है। बड़े ध्यान से बात सुनी व सुनाई जाती है। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। हां, कोई स्वार्थवश ऊपर से विनम्रता दिखाता है, तो वह अपने आपको धोखा देता है। इसलिए जीवन में विनम्रता अपनाना दिव्य गुण है। विनम्रता के बिन मनुष्य अभिमानी, क्रोधी लगता है। सद्विचार हैं तो मनुष्य विनम्र भी बनेगा। आप निरंतर अपने आपको निरंकार प्रभु के निकट ही अनुभव कीजिए। वो जितने आपके निकट हैं, उतने निकट तो आपके कोई भी नहीं है, यहां तक कि आपके अंग भी नहीं। आपके निकट है आपका हाथ, जहां जरूरत होती है, पहले हाथ पहुंचता है।

## रिपोर्ट

डॉ. मोनिका शर्मा



# खुशी मापने का दोहरा पैमाना

हाल ही में आई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 126वें स्थान पर रखा गया है। जीवनयापन की बेहतरी और कमतरी मापने के जाने कौन से पैमाने रहे कि हमारे देश को इस सूची में युद्ध की विभीषिका झेल रहे देशों से भी पीछे स्थान दिया गय। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि सामुदायिक जीवन में उत्सवीय मेलजोल और आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ने के कई मापदंडों पर रेखांकित करने योग्य उपलब्धियों के बावजूद इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग कम कैसे है? सवाल यह भी है कि लंबे समय से अस्थिरता और आतंक का दंश झेल रहे देशों की खुशहाली किस आधार तय की गई है? ज्ञात हो कि भारतीय नागरिकों की खुशहाली को कम आंकने वाली इस सूची में युद्ध से जूझ रहे रूस और यूक्रेन की रैंकिंग काफी ऊंची है।सुखी देशों की रैंकिंग वाली इस सूची में रूस का 70वां और यूक्रेन का 92वां स्थान है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 136 से 126 तक आने और सुधार होने की बात कही गई है, पर नेपाल, चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से पीछे होना परेशान करने वाली बात है, जबकि हाल ही में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और स्त्री सुरक्षा और स्थिति के लिए समर्पित मंच सीएसडब्लू के उद्घाटन सत्र में स्वयं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने महिलाओं पर युद्धों से होने वाले असंगत प्रभाव की बात कही थी। अवसाद और तनाव के बढ़ते आंकड़ों के बीच पारिवारिक व्यवस्था मन को थामने का आधार बनी हुई है। बड़ी आबादी और विभिन्न समुदायों वाले भारतीय समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, पर सांस्कृतिक भाव कायम है। यही जुड़ाव तो इन्सानों के मन को खुशी देता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि सामुदायिक जीवन से जुड़ाव बने रहने का मनुष्य के सुख से सीधा नाता है। ध्यातव्य है कि इस बार सूचकांक में विकसित और सुविधासंपन्न जीवनशैली वाला देश अमेरिका, शीर्ष 20 देशों में भी जगह नहीं बना सका। रिपोर्ट कहती है विकास पथ अग्रसर अमेरिकी समाज में बच्चे अकेलेपन का शिकार हैं। ध्यान इस ओर भी देना होगा कि इस सूची में शीर्ष स्थान पाने वाले फिनलैंड की आबादी ही बहुत कम है। 140 से अधिक देशों का मूल्यांकन करने वाली रिपोर्ट में सामाजिक सुरक्षा, आय, स्वतन्त्रता, उदारता, भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति और जीवनकाल जैसे बिन्दुओं पर देशों की खुशहाली का आकलन किया जाता है। मानव मन और जीवन की बेहतरी से जुड़े इन मानकों पर स्थितियों को आंकने वाली इस सूची में पाकिस्तान 108वें स्थान पर हैं। व्यावहारिक रूप से आर्थिक बदहाली और कर्ज के बोझ तले दबे हमारे इस पड़ोसी देश के नागरिकों का भारतीयों से ज्यादा खुशहाल होना समझ से परे लगता है। निस्संदेह, नागरिकों की ख़ुशी के बिना आर्थिक विकास और समृद्धि के सारे मापदंड अर्थहीन लगते हैं, पर भारत में बेहतरी के प्रयास हर पक्ष पर जारी हैं। रेखांकित करने बात यह भी है कि भारत का सामाजिक-पारिवारिक मानस आज भी साझे सुखद को जीने और सद्भाव को सींचने का भाव लिए हैं। यह किसी भी समाज के सुखी होने के लिए सबसे जरूरी है।

## इफ्तार



अजमेर में गुरुवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में रमज़ान के पवित्र महीने के दौरान मुसलमान इफ्तार में शामिल होते हैं।

## आज की पाती

### चुनाव के समय अभद्र भाषा का प्रयोग अशोभनीय

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश में सुप्रिया श्रीनेत, जो कि कांग्रेस से संबंधित हैं, द्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है।

-राजेश कुमार चौहान, रायपुर

## ट्रेंड

### कांग्रेस ने अपमान किया



एक तरफ विकास के पथ पर बिहार को तेजी से आगे ले जाने में जुटी एनडीए सरकार है, तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो राज्य को लालटेन युग में ही रखना चाहते हैं। कांग्रेस और आरजेडी ने बिहार और बिहारी गौरव का हमेशा अपमान किया है। इसके एक नहीं, अनेक उदाहरण हैं(

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बेरोज़गारी सबसे बड़ी समस्या



आगे कोई पूछे कि इस समय इस देश के सामने सबसे बड़ी क्या समस्या है, तो बिना झिझके बोलना होगा बेरोज़गारी। बेरोज़गारी सबसे भयावह समस्या है और अब सिर्फ़ सिंपल ग्रेजुएट ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थान भी बेरोज़गारी से अछूते नहीं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### मेरी पीढ़ी को फायदा



नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले उदारीकरण कार्यक्रमों से मेरी पीढ़ी को अत्यधिक लाभ हुआ। उन लाभों ने आत्मविश्वास के स्तर को बदल दिया और इस प्रतिभाशाली, आत्मविश्वास से भरी युवा पीढ़ी को जन्म दिया जो भारत को उस चीज़ से आगे ले जा रही है।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

### मोदी के भारत में विकास



पीएम मोदी के भारत में ये हो रहा है- 2014 के बाद से शेयर बाजार का बाजार तीन गुना बढ़ गया है। अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना हो गया है। शेयरों में निवेश करने वालों की संख्या 2% से बढ़कर 5% हो गई है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# 'ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका न लांघे अपनी सीमा'



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से फोन पर बात की थी, जो पिछले नंबर में सैन फ्रांसिस्को में उनके ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। बाइडन को बातचीत के दौरान जिनपिंग ने कहा कि ताइवान पहली लाल रेखा है, जिसे अमेरिका द्वारा पार नहीं किया जाना चाहिए, साथ ही टो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि चीन हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। हालांकि व्हाइट हाउस ने 1 घंटे 45 मिनट की बातचीत को कई मुद्दों पर स्पष्ट और रचनात्मक बताया है। जारी बयान के मुताबिक, बाइडन ने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। साथ ही रूस के रक्षा उद्योग के लिए चीन के समर्थन पर भी चिंता जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने दक्षिण चीन सागर में कानून के शासन और नेविगेशन की स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया। चीन के विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि दोनों नेताओं के बीच स्पष्ट और गहन बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि शी जिनपिंग ने अमेरिका-चीन संबंधों को स्थिर होने की शुरुआत बताया। दोनों पक्षों से ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि, ताइवान पर चीन का बयान सामने आया है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी स्व-शासित लोकतंत्र को अपने क्षेत्र के रूप में दावा करती है और यदि आवश्यक हो तो बलपूर्वक इसके साथ पुनः एकजुट होने की कसम खाई है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने राष्ट्रपति शी द्वारा बाइडन को दिए गए बयान के हवाले से कहा, ताइवान की स्वतंत्रता अलगाववादी गतिविधियों और उनके लिए बाहरी प्रोत्साहन और समर्थन के सामने, चीन हाथ पर हाथ धरे बैठने वाला नहीं है।

## ऑफ बीट

# सूर्य ग्रहण में दान करें इनमें से कोई भी एक चीज



साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य ग्रहण को बेहद महत्वपूर्ण घटना माना जाता है। सूर्य ग्रहण के प्रभाव से कई तरह के परिवर्तन देश-दुनिया में देखने को मिल सकते हैं। साथ ही इस दिन आप भी कुछ चीजों का दान करके और कुछ आसान उपाय करके अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। गेहूं: सूर्य ग्रहण के दिन गेहूं का दान करने से करियर से जुड़ी समस्याओं का अंत होता है। करियर में आ रही सभी रुकावटों को दूर करने के लिए आप ये उपाय आजमा सकते हैं। चना: अगर घर में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं तो सूर्य ग्रहण पर चना दान करना चाहिए। इससे सूर्य के साथ ही बृहस्पति ग्रह की भी आपको कृपा प्राप्त होती है। लाल वस्त्र: सूर्य ग्रहण के दिन लाल वस्त्र दान करके आप सूर्य की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और सफलता के द्वारा आपके लिए खुलते हैं। गुड़: गुड़ का दान करके आर्थिक स्थिति सुधरती है, अटका धन वापस मिलता है। स्वर्ण: सोने का दान करना सबके सामर्थ्य में नहीं होता लेकिन फिर भी अगर आपकी सामर्थ्य हो तो आप सूर्य ग्रहण के दिन थोड़ी मात्रा में स्वर्ण दान कर सकते हैं। इससे आपकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं हर क्षेत्र में सफलता आप पाते हैं।


हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में पहले चरण में बस्तर लोकसभा के 234 मतदान केंद्रों को चुनाव आयोग ने सुरक्षा कारणों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। बस्तर के सात जिलों के 167 मतदान केंद्रों में मतदान दल 10 हेलीकॉप्टर की मदद से दो दिन पहले पहुंचेंगे और मतदान के एक दिन बाद लौटेंगे।

बस्तर के सात जिले और गरियाबंद जिले के पहुंचविहीन मतदान केंद्र

# 167 मतदान केंद्रों तक 10 हेलीकॉप्टर की मदद से पहुंचेंगे दल, पहुंचविहीन केंद्रों में 8 से 12 किमी पैदल यात्रा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा के मतदान केंद्र 196 के मतदाताओं को 18 किमी. पैदल चलकर मतदान केंद्र मुर्लिगुदा में मतदान करना होगा। यहां नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग लगाए जाने के चलते वाहनों का इंतजाम नहीं किया जा सकता। नक्सली भी नहीं चाहते कि ग्रामीण यहां मतदान करने पहुंचें। ऐसे में सुरक्षा बलों के इंतजाम से ग्रामीण यहां पैदल ही मतदान करने पहुंचने का प्रयास करेंगे। निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को होने वाले बस्तर लोकसभा के मतदान के लिए नारायणपुर, कांकेर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, गरियाबंद, और कोंडागांव जिलों के 196 मतदान केंद्रों को बेहद अति संवेदनशील के तौर पर चिन्हित किया है। इन सभी केंद्रों में केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात किया जाएगा। बस्तर के 6 जिलों के 156 मतदान केंद्रों तक 1009 मतदान दलों को पहुंचाने चुनाव आयोग हेलीकॉप्टर से भेजेगा। आयोग ने 10 एमआई हेलीकॉप्टरों की सेवाएं ली जाएंगी। हेलीकॉप्टरों की लैंडिंग के लिए 44 हैलीपेड बनाए गए हैं। मतदान दलों को दो दिन पहले रवाना किया जाएगा। मतदान के एक दिन बाद ये दल लौटेंगे। इनकी निगरानी के लिए माइक्रो आब्जर्बर नियुक्त किए जाएंगे। वेबकास्टिंग के जरिए भी इन बूथों की मॉनिटरिंग की जाएंगी।

- मतदान दल हेलीकॉप्टर से दो दिन पहले जाएंगे, मतदान के एक दिन बाद लौटेंगे

### दो एयर एंबुलेंस की व्यवस्था

अधिकारियों ने बताया कि बस्तर में आपात स्थिति में मतदान कर्मी या जवानों को बेहतर इलाज के लिए शिफ्ट करने दो एयर एंबुलेंस तैयार रहेंगे। इनमें एक हेलीकॉप्टर और एक चार्टर प्लेन शामिल है। दोनों जगदलपुर पहुंच चुके हैं, 21 अप्रैल तक यहीं रहेंगे। हादसे में जख्मी मतदान कर्मी या जवानों को रायपुर से बाहर मेट्रो सिटीज में शिफ्ट करना पड़ा तो उसके लिए एयर एंबुलेंस के रूप में एयरफोर्स का चार्टर प्लेन 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेगा।

## मुर्लिगुदा मतदान केंद्र में ग्रामीणों को मतदान करने चलना होगा 18 किमी.

### दो दिन पहले रवाना होगा मतदान दल

महासमुंद लोकसभा के गरियाबंद जिले में नक्सल प्रभावित 82 संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को दो दिन पहले रवाना किया जाएगा। जिले के 11 मतदान केंद्रों के दलों को हेलीकॉप्टर से भेजा जाएगा। यहां पर सीआरपीएफ के जवानों को सुरक्षा में लगाया जाएगा। ये जवान रोड ओपनिंग एरिया डामीनेंशन में लगे हुए हैं। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मैनपुर ब्लाक के बड़े गोबरा, कोदोमाली, नागेश, साहेबिन कछार, कुल्हाड़ीघाट, कोंचिगा, गौरगांव, गरीबा तथा गरियाबंद ब्लाक अंतर्गत कामरभौदी, गोडलबाय, तेंदूबाय तथा छुरा ब्लाक के सुरंगपानी, कनफाड़ के लिए मतदान के दो दिन पहले ही मतदान दल रवाना किया जाएगा।




### पहुंचविहीन केंद्रों में 8 से 12 किमी तक पैदल सफर

महासमुंद लोकसभा के नक्सल प्रभावित पहुंच विहीन मतदान केंद्र ओढ़, आमामोरा, कामरभौदी, बड़ेगोबरा, साहेबिनकच्छार तथा कोदोमाली के मतदान दलों को मतदान के दो दिन पूर्व समीप के थाना और बेस कैंप में ठहराया जाएगा। जो मतदान के एक दिन पहले मतदान केंद्र के लिए रवाना होंगे। इन क्षेत्रों में मतदान दलों को 8 से 12 किमी पैदल चलना पड़ेगा। उनके आने-जाने तक पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबल मौजूद रहेंगे। सुरक्षा बलों की टीम जंगल के अंदर भी सक्रिय रहेगी।

## आमने/सामने

### ये मोहब्बत की दुकान से कौन-कौन से फरमान हैं- सुधांशु त्रिवेदी




भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, चरणदास महंत ने सार्वजनिक मंच पर कहा कि मोदी से मुकाबला करने के लिए एक ऐसा व्यक्ति चाहिए जो लाठी मारकर उनका सर फोड़ सके। मैं पूछना चाहता हूं कि ये मोहब्बत की दुकान से कौन-कौन से फरमान हैं? ये कांग्रेस पार्टी तो अपने को गांधी की परंपरा का उत्तराधिकारी स्वघोषित होने का वन एंड एक्सक्लूसिव कॉपीराइट होल्डर होने का दावा करती है, क्या गांधीजी लाठी इसलिए रखते थे? और इतना ही नहीं है और ये कोई सहज रूप से मुंह से निकला हुआ या फिसला हुआ शब्द नहीं है, उसके बाद के कई वाक्य में निरंतर इसका एक्सप्लेनेशन व्याख्या की गई है।

### हिंसा हमारी सोच में नहीं, प्रधानमंत्री का पूरा आदर- भूपेश बघेल



नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बयान पर भाजपा की प्रतिक्रिया पर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस से राजनांदगांव के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा के नेताओं ने गलत समझा क्योंकि वे छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति को ठीक तरह से समझ नहीं पाए। उनका आशय घमंड तोड़ने से था। हम महात्मा गांधी की पार्टी के लोग हैं। हम हिंसा पर न भरोसा करते हैं न हिंसा हमारी सोच का हिस्सा है। हम अहिंसक विचारधारा के लोग हैं। जहां तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सवाल है, तो हम उन्हें लोकतांत्रिक ढंग से परास्त करना चाहते हैं। उनके प्रति कोई अनादर हमारे मन में नहीं है। वे स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों।

## पप्पू ने भरा निर्दलीय पर्चा बोले- कांग्रेस का 'समर्थन'



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मोटरसाइकिल से नामांकन दाखिल करने पहुंचे बाहुबली नेता पप्पू यादव।

एजेंसी ▶▶| पूर्णिया



राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट से निर्दलीय नामांकन भर दिया है। वे जब नामांकन करने पहुंचे तो उनके साथ मौजूद लोगों के हाथों में कांग्रेस का झंडा था। पप्पू यादव की जुबान पर भी कांग्रेस, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी का नाम था। हालांकि उन्होंने पर्चा निर्दलीय भरा है। इधर, पप्पू यादव के नामांकन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साफ कर दिया है कि पार्टी से बाहर नामांकन करने की इजाजत किसी को नहीं है। पप्पू पार्टी के उम्मीदवार नहीं हैं। नामांकन के बाद पप्पू ने कहा कि ये मेरी राजनीतिक हत्या की साजिश थी। सीमांचल की आजादी, जातीय विवाद, भ्रष्टाचार और नफरत का खात्मा करना है। हर परिवार की खुशी और गरीबी मिटाने का मेरा संकल्प है।

### पार्टी का कांग्रेस में किया था विलय


पप्पू यादव ने हाल ही में अपनी पार्टी जाप का कांग्रेस पार्टी के साथ विलय किया था। लेकिन इंडी गठबंधन में जब सीटों का बंटवारा हुआ तो पूर्णिया सीट लालू यादव की पार्टी आरजेडी के खाते में आई। यहां आरजेडी ने बीमा भारती को टिकट दिया है। बीमा भारती ने भी नामांकन दाखिल कर दिया है।

दिलचस्प है दुर्ग लोकसभा का इतिहास


# 1952 में पहला चुनाव, कांग्रेसी किले को 1996 में भाजपा ने ढहाया


देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

दुर्ग लोकसभा का इतिहास बड़ा दिलचस्प है। दुर्ग लोकसभा का पहला चुनाव वर्ष 1952 को हुआ था। तब से लेकर अब तक यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुकाबला रहा है। आजादी के बाद हुए पहले पांच चुनाव में कांग्रेस पार्टी का दबदबा रहा है। यानी दुर्ग लोकसभा कांग्रेस पार्टी का सुदृढ़ किला रहा है। इस संसदीय क्षेत्र से पहली बार भाजपा ने साल 1996 में जीत की राह प्रशस्त की और यहां एक नया दौर प्रारंभ हो गया। इस तरह कांग्रेसी किले को भेदने में कांग्रेस को 44 साल लग गए। किला भेदने के बाद भाजपा ने यहां अब तक हुए चुनाव में छह बार कांग्रेस पार्टी को शिकस्त दी। इस बीच दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से गैर कांग्रेसी भी सांसद निर्वाचित हुए हैं। इस संसदीय क्षेत्र में 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिसमें दुर्ग व बेमेतरा जिला शामिल हैं।


वासुदेव किरोलिकर


मोहनलाल


चंदूलाल चंद्राकर


मोहन जैन


पुरूषोत्तम कौशिक


ताराचंद साहू


सरोज पांडेय


ताम्रध्वज साहू


विजय बघेल

कांग्रेस, भाजपा के बीच ही होता है सीधा मुकाबला

इस संसदीय क्षेत्र में आते हैं 9 विधानसभा क्षेत्र

### 1977 में पहली बार गैर कांग्रेसी सांसद बने

जनसंघ के दौर में वर्ष 1977 को कांग्रेस पार्टी को पहली बार हार का सामना करना पड़ा।जनता पार्टी से मोहन भैय्या सांसद चुने गए। वर्ष 1989 में जनता दल के पुरूषोत्तम कौशिक सांसद निर्वाचित हुए थे। इस तरह दो बार गैर कांग्रेसी सांसद चुने गए। फिर भाजपा ने इस संसदीय क्षेत्र में अपनी पैठ जमाई जो अब तक जारी है।

### चंदूलाल व ताराचंद साहू रहे हैं यहां से सांसद

*दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के चंदूलाल चंद्राकर 5 बार और भारतीय जनता पार्टी से ताराचंद साहू चार बार सांसद रह चुके हैं। साल 2009 का चुनाव काफी दिलचस्प रहा है। इसलिए कि भाजपा ने सांसद ताराचंद साहू को निष्कासित कर दिया था इसलिए वे छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के नाम से क्षेत्रीय दल बना ली और मैदान में उतरे। भाजपा ने सरोज पांडेय को टिकट दी। कांग्रेस ने प्रदीप चौबे को मैदान में उतारा। त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा के सरोज पांडेय ने महज 9 हजार 954 वोटों से अपनी जीत दर्ज की थी।*

### दुर्ग लोकसभा का इतिहास

साल 1952 से लेकर अब तक के ये रहे हैं सांसद

- वर्ष 1952- वासुदेव किरोलिकर कांग्रेस
- वर्ष 1957 - मोहनलाल कांग्रेस
- वर्ष 1967 - वीय वाय तामस्कर कांग्रेस
- वर्ष 1968 - चंदूलाल चंद्राकर कांग्रेस, तीन बार सांसद रहे
- वर्ष 1977 मोहन जैन जनता पार्टी
- वर्ष 1989 पुरूषोत्तम कौशिक जनता दल
- वर्ष 1996 ताराचंद साहू भाजपा, तीन बार सांसद रहे
- वर्ष 2009 सरोज पांडेय भाजपा
- वर्ष 2014 ताम्रध्वज साहू कांग्रेस
- वर्ष 2019 विजय बघेल भाजपा

**2019 को मिली थी भाजपा को बड़ी जीत**

*दुर्ग लोकसभा चुनाव में साल 2019 में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ी जीत मिली थी। यहां से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल बड़े वोटों के अंतर से जीते थे। भाजपा प्रत्याशी बघेल को 8.49.374 वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिमा चंद्राकर को 4,57,936 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव के पहले विधानसभा चुनाव में इस संसदीय क्षेत्र के 9 विधानसभाओं में कांग्रेस को 8 और भाजपा को केवल एक सीटें की मिली थी। भाजपा के विद्यारतन भसीन ही जीत पाए थे।*

**विजय का मुकाबला राजेन्द्र से**

*छत्तीसगढ़ की दुर्ग लोकसभा सीट काफी हॉट सीट मानी जाती है। यह सीट 1952 में पहली बार अस्तित्व में आई। 2019 में भाजपा के विजय बघेल सांसद बने। 2024 में भी भारतीय जनता पार्टी ने विजय बघेल को ही मैदान में उतारा। कांग्रेस ने राजेंद्र साहू को इस लोकसभा चुनाव में टिकट दिया है। दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत विधानसभा की 9 सीटें आती हैं। इन सीटों में पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ शामिल हैं।*

बिहार की चुनावी सभा में बोले मोदी

## नौकरी के नाम पर जमीन लिखवाने वाले क्या भला करेंगे?

एजेंसी ▶▶| पटना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के जमुई में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जंगलराज, भ्रष्टाचार और नक्सलवाद के मुद्दे पर आरजेडी एवं कांग्रेस को घेरा। हालांकि, परिवारवाद पर इस सभा में प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा। पीएम ने आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग नौकरी के नाम पर जमीन लिखवा लें वो क्या बिहार का भला करेंगे। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार की तारीफ की। पीएम ने कहा कि जब नीतीश रेल मंत्री थे तब कोई शिकायत नहीं आई। अपने भाषण में पीएम मोदी ने दिवंगत रामविलास पासवान को याद किया। उन्होंने रामविलास के बेटे चिराग को अपना छोटा भाई बताया।

## योगी संग हेमा...




यूपी के मथुरा में गुरुवार को लोकसभा चुनाव से पहले नामांकन पत्र दाखिल करने पर एक सार्वजनिक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के साथ विजय चिन्ह दिखाते हुए।

राहुल का बीजेपी पर निशाना

## 'देश बनाने, बिगाड़ने वालों में फर्क पहचानना जरूरी'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के वादों से जुड़ी एक पोस्ट की है। जिसमें वह इंडिया गठबंधन और बीजेपी के बीच फर्क को बताते हुए लिख रहे हैं कि 'हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा' राहुल गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन कर दिया है और वह फिलहाल देशभर कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए वोट मांग रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल साइट एक्स पर लिखा—कांग्रेस और इंडिया का मतलब सुरक्षित संविधान और नागरिक के अधिकार,'जबकि भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ।


रामपुर की राजनीति में लगता रहा है बॉलीवुड का तड़का

# दिलीप कुमार से अमिताभ तक पहुंचे प्रचार के लिए यहां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवाबों के शहर रामपुर की सरजमीं पर बॉलीवुड का भी दखल रहा है। दिग्गज फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन से लेकर अभिनेत्री जीनत अमान, जया बच्चन भी रामपुर में चुनावी प्रचार कर चुकी हैं। अभिनेत्री जयाप्रदा रामपुर से सांसद भी रही हैं। अभिनेता अनिल कपूर, सुनील शेट्टी, संजय दत्त, फिरोज खान, फिल्म अभिनेत्री जया बच्चन, जीनत अमान, डिंपल कपाड़िया, असरानी, शक्तिकपूर, अक्षय कुमार, जॉनी वाकर जैसी नामचीन फिल्मी हस्तियां रामपुर की जनता के बीच आ चुकी हैं। नवाबों के शहर रामपुर की सियासत और बॉलीवुड का रिश्ता बेहद पुराना रहा है।

प्रचार से लेकर प्रत्याशी बनने तक रामपुर क्षेत्र बॉलीवुड की हस्तियों से चकाचौंध रहा है। 1952 में पहले लोकसभा चुनाव में मौलाना अबुल कलाम आजाद सांसद बने और देश के पहले शिक्षामंत्री भी बने। उसके बाद रामपुर के नवाब जुल्फिकार अली खान उर्फ मिक्की मियां और उनकी पत्नी बेगम नूरबानो लंबे समय तक लोकसभा सीट से सांसद बने। उनके चुनाव में दिलीप कुमार, जीनत अमान और जॉनी वाकर रामपुर में प्रचार कर चुके हैं।





### मिक्की मियां का चुनाव प्रचार

दिलीप कुमार मिक्की मियां के चुनाव प्रचार के लिए रामपुर आते थे। मिक्की मियां के निधन के बाद 1996 और 1998 में बेगम नूरबानो लोकसभा का चुनाव लड़ीं तो दिलीप कुमार ने उनके समर्थन में जनसभा को संबोधित किया था।

**रामपुर पर रहती है देश की नजर**

*2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में बॉलीवुड से जयाप्रदा के आने के बाद रामपुर का चुनाव राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र बन गया था। राष्ट्रीय व अतंरराष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में रामपुर का चुनाव सुर्खियों में बना हुआ था। 2019 में जब सपा के आजम खां के मुकाबले भाजपा से जयाप्रदा चुनावी मैदान में उतरी थीं तो देश भर की नजर इस चुनाव पर थी।*

### महानायक का 2002 में प्रचार

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी रामपुर आकर प्रचार कर चुके हैं। यह बात वर्ष 2002 के विधानसभा चुनाव की है। उस वक्त शहर सीट से सपा नेता आजम खां प्रत्याशी थे। सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव के साथ महानायक अमिताभ बच्चन और सपा नेता रहे अमर सिंह रामपुर प्रचार के लिए पहुंचे थे। उन्होंने फिजिकल कालेज के मैदान में जनसभा की थी और आजम के लिए वोट मांगे थे। जयाप्रदा ने जब रामपुर से 2004 और 2009 का लोकसभा चुनाव लड़ा तो उनके समर्थन में कई फिल्मी सितारे प्रचार करने आए थे। जयाप्रदा ने 2004 और 2009 में जीत हासिल की थी।



# वरुण चौथी बार पिता डेविड धवन की फिल्म में दिखेंगे

**मुंबई।** वरुण धवन को पिछली बार फिल्म 'बवाल' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। फिलहाल वरुण के हाथ में कई फिल्में हैं और अब एक और फिल्म उनके खाते से जुड़ गई है। अभिनेता ने एक बार फिर अपने पिता और मशहूर निर्देशक डेविड धवन से हाथ मिला लिया है और अब दोनों मिलकर फिर अपनी फिल्म से दर्शकों को लोट-पोट करने की पूरी तैयारी में हैं। डेविड और वरुण ने टिप्स फिल्मस से हाथ मिलाया है। रमेश तौरानी फिल्म के निर्माता हैं। भले ही फिल्म के शीर्षक से अभी पर्दा नहीं उठा हो, लेकिन इसकी रिलीज तारीख सामने आ चुकी है। यह फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ Style

# भूमि पेडनेकर

## मर्डर की गुत्थी सुलझाएंगी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आने वाली वेबसीरीज दलदल में पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने कहा कि मुझे करियर के शुरुआती दौर से ही चुनौतियां पसंद रही हैं।खास बात यह है कि शुरू से ऐसी भूमिकाएं मिलीं, जिन्होंने मुझे मेरी सीमाओं से आगे जाकर काम करने की हिम्मत दी।

वेबसीरीज दलदल में मेरा किरदार बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मैं इसे पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाने के लिए उत्सुक हूं। मेरे पास पहले भी कई कहानियां आई हैं, जहां महिलाएं यूनिफार्म में थीं, लेकिन यह बहुत प्रभावशाली है। मैंने पहले इस तरह के रोल के बारे में न पढ़ा है, न देखा है। कहानी शुरू ही यहीं से होती है कि मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है और वह कई मर्डर केस और अन्य क्राइम को सुलझाती है। वेब सीरीज दलदल अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। भूमि की अब तक की फिल्मी जर्नी की बात की जाए तो बड़े पर्दे से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भूमि ने बड़ी ही बखूबी से अपनी दमदार एक्टिंग से दोनों ही प्लेटफॉर्म्स पर अपनी जगह बनाई है लेकिन अब एक्ट्रेस हॉलीवुड में भी अपना सिक्का आजमाना चाहती है। एक्ट्रेस ने अपनी इस इच्छा का बारे में हाल ही में अपने एक मीडिया इंटरव्यू में बात की। एक इंटरव्यू में भूमि ने कहा है कि हॉलीवुड में अब सांवली लड़कियों का करियर आसमान छू रहा है।




हॉलीवुड मसाला



# बारबरा रश का निधन

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस बारबरा रश नहीं रहीं. उन्होंने 97 साल की उम्र में अंतिम सांस लीं। बारबरा रश की बेटी और फॉक्स न्यूज चैनल की सीनियर कॉरेस्पोंडेंट क्लाउडिया कोवान ने फॉक्स न्यूज डिजिटल को अपनी मां की मृत्यु की पुष्टि की। बारबरा रश को 'इट केम फ्रॉम आउटर स्पेस' जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों में अपनी भूमिका के लिए जाना जाता है। इसके साथ ही उन्हें 'पीटन प्लेस' और 'ऑल माई चिल्ड्रन' जैसी टेलीविजन सीरीज में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।




# जस्टिन और हैली बीबर ने साथ मनाया ईस्टर

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सिंगर जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली बाल्डविन बीबर ने ईस्टर को काफी खास अंदाज में मनाया। हाल ही में हैली ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने ईस्टर सेलिब्रेशन की एक प्यारी सी झलक दिखाई। दरअसल, पिछले काफी लंबे समय से दोनों के अलग होनी की खबरें हर तरफ छाई हुई थी। ऐसे में हैली द्वारा शेयर की गई इस ईस्टर सेलिब्रेशन की फोटो ने इन सभी अफवाहों पर फुल स्टॉप लगा दिया है। बता दें, दोनों ने साल 2018 में एक दूसरे से शादी की थी. इससे पहले दोनों ने एक दूसरे लंबे समय तक डेट किया था। हालांकि, इससे पहले भी हैली ने जस्टिन के 30वें बर्थडे पर कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की थी, जिसके बाद इस सभी अफवाहों पर ब्रेक लग गया था।



# 'लव एंड वॉर' में बनेंगी जैज सिंगर...

**मुंबई।** निर्देशक संजय लीला भंसाली इन दिनों जहां अपने करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, वहीं उनकी फिल्म 'लव एंड वॉर' भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की तिकड़ी दर्शकों के बीच आ रही है। ये फिल्म 1964 में आई राज कपूर की फिल्म 'संगम' से प्रेरित होगी, जो क्रिसमस, 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब इससे जुड़ीं नई जानकारियां सामने आई हैं, वहीं आलिया के किरदार से भी पर्दा हट चुका है। वह इस फिल्म में जैज गायिका बनी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसा फिल्म का नाम है 'लव एंड वॉर', इससे ये तो जाहिर है कि फिल्म की कहानी प्यार, वफादारी, बलिदान और रिश्ते के फैसलों के आस-पास घूमने वाली है।





# फिल्म 'रुस्लान' 26 को देगी दस्तक...

**मुंबई।** सलमान खान के बहनोई और बॉलीवुड अभिनेता आयुष शर्मा पिछले लंबे समय से अपनी आने वाली फिल्म 'रुस्लान' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें आयुष की जोड़ी सुश्री मिश्रा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। इस फिल्म के जरिए सुश्री अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। अब आयुष ने 'रुस्लान' का नया पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। 'रुस्लान' का ट्रेलर आज 5 अप्रैल को जारी किया जाएगा। आयुष ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'अब होगा असली हंगामा 'रुस्लान' और गैंग तैयार है। ट्रेलर कल रिलीज होगा।' करण ललित बुटानी ने 'रुस्लान' का निर्देशन किया है तो वहीं राधामोहन फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# 'नो एंट्री 2' में हुई श्रद्धा, कृति और मानुषी की एंट्री, कॉमेडी का तड़का लगाएंगी अभिनेत्रियां







**मुंबई।** बोनी कपूर पिछले काफी समय से सुर्खियां बटोर रहे हैं। जब से बोनी ने अपनी फिल्म 'नो एंट्री' के सीक्वल का ऐलान किया है, उनका नाम मीडिया खबरों में बना हुआ है। फिल्म में नजर आने वाले अभिनेताओं के नाम पर निर्माता पहले ही मुहर लगा चुके हैं। हालांकि, फिल्म की अभिनेत्रियों को लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई थी। अब एक रिपोर्ट में इसमें नजर आने वाली अभिनेत्रियों के नाम का भी खुलासा हो गया है। बोनी ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि 'नो एंट्री 2' में मुख्य भूमिका में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'नो एंट्री 2' में काम करने वाली अभिनेत्रियों का चयन भी हो गया है। कथित तौर पर फिल्म से मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सैनन के जुड़ने की खबर है। दावा किया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में कॉमेडी का तड़का लगाती नजर आएंगी। सूत्रों ने बताया है कि मानुषी, कृति और श्रद्धा फिल्म में अर्जुन, वरुण और दिलजीत के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी। बता दें, मानुषी ना केवल कृति और श्रद्धा के साथ पहली बार साथ काम करती दिखाई देंगी, बल्कि वह तीनों अभिनेताओं के साथ भी पहली बार स्कीन साझा करेंगी। यह भी बताया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगी, जो कहानी को और ज्यादा मजेदार बनाने का काम करेगा। बोनी ने अर्जुन, वरुण और दिलजीत ने नाम पर मुहर लगाते हुए कहा था, जो भी नाम बताए गए हैं वे सही हैं। फिल्म में वही अभिनेता मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। आइए आशा करते हैं कि चीजें अच्छी तरह से काम करेंगी और यह 'नो एंट्री' की तरह ही दिलचस्प और मजेदार बेनगी। इसकी स्क्रिप्ट बिल्कुल शानदार है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि यह स्क्रिप्ट पहली वाली की तुलना में और ज्यादा मजेदार है।

### *इसी साल शुरू होगा फिल्म पर काम*

*'नो एंट्री 2' साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'नो एंट्री' का सीक्वल है, जिसमें सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे। 'नो एंट्री' को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिल्म का निर्देशन अनीज बज्मी ने किया था और 'नो एंट्री 2' की कमान भी वही संभालेंगे। 'नो एंट्री 2' पर काम इसी साल दिसंबर से शुरू हो जाएगा। अगले साल यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।*

# 'बड़े मियां छोटे मियां' के इन सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची



**मुंबई।** अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' अगले हफ्ते ईद पर रिलीज हो रही है। ऐसे में सेंसर बोर्ड से भी इसे कुछ सुझावों के साथ हरी झंडी मिल गई है वहीं कुछ सीन्स पर सेंसर बोर्ड ने कैंची भी चलाई है। बता दें कि 6 महीने के बाद एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार लौट रहे हैं। इस बार वह टाइगर श्रॉफ को लेकर 'बड़े मियां छोटे मियां' लेकर आ रहे हैं जो कि अगले हफ्ते 10 अप्रैल को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी। फिलहाल 'बड़े मियां छोटे मियां' को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। सर्टिफिकेशन के दौरान अक्षय की फिल्म में कुछ बदलाव के सुझाव भी दिए गए थे। 'बड़े मियां छोटे मियां' की रनटाइम की बात करें तो ये 2 घंटे 44 मिनट (164 मिनट) लंबी है। मंगलवार को 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर सेंसर बोर्ड ने भी अपने सुझाव दिए।

# रणबीर की 'रामायण' के लिए बना 11 करोड़ का अयोध्या का सेट



**मुंबई।** बॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म रामायण को लेकर इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। हाल ही में खबर आई थी कि फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए मुंबई में अयोध्या का भव्य सेट तैयार किया गया है, जिसकी लागत 11 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि इस सेट पर फिल्म की लीड स्टारकास्ट यानी रणबीर कपूर और साई पल्लवी शूटिंग करेंगे। वहीं, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रणबीर के अप्रैल के बीच में शूटिंग में शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, इससे पहले उन्हें भगवान राम के किरदार के लिए अपना लुक पाने 3डी स्कैन से गुजरना होगा। कहा जा रहा है कि रणबीर तीरंदाजी की ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। 'रामायण' एक नहीं, बल्कि तीन भागों में रिलीज होगी। पहला भाग भगवान राम की युवावस्था और सीता के साथ विवाह पर केंद्रित है और यह सीता के अपहरण के साथ समाप्त होगा। 'रामायण' में रावण के किरदार के लिए यश का नाम तय हुआ है। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है।

# सुनील ग्रोवर ने इस तरह मनाया कपिल शर्मा का बर्थडे

**मुंबई।** कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा ने मंगलवार, 2 अप्रैल को अपना जन्मदिन परिवार, दोस्तों और अपने हाल ही में रिलीज हुए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के कलाकारों के साथ मनाया। पार्टी में उनके दोस्त एक्टर सुनील ग्रोवर भी उनके लिए 'हैप्पी बर्थडे' गाना गाते नजर आए। झगड़े के बाद कपिल और सुनील सात साल बाद फिर से एक साथ आए हैं और नेटफ्लिक्स शो के लिए उनकी एक साथ वापसी ने काफी चर्चा पैदा कर दी है।



सिंगर-एक्टर गुरु रंधावा ने कपिल शर्मा के बर्थडे के मिडनाइट सेलिब्रेशन का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि कपिल शर्मा नेटफ्लिक्स-थीम वाला केक काट रहे हैं। वह केक का पहला बाइट अपनी पत्नी गिन्नी चतरथ को खिलाते हैं। जब गुरु रंधावा यह वीडियो बना रहे होते हैं, तो सुनील ग्रोवर उनके साथ खड़े हुए नजर आते हैं और कपिल के 'हैप्पी बर्थडे' सॉन्ग गाते हैं।

## अप्रैल और मई के महीने में आने वाली हैं कई बढ़िया फिल्में

# द साबरमती रिपोर्ट से लेकर अमर सिंह चमकीला तक के ट्रेलर हुए रिलीज

मुंबई। इन दिनों बॉलीवुड की तमाम फिल्में सिनामाघरों में धमाल मचा रही है। एक के बाद एक फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही हैं। इस हफ्ते बॉलीवुड की कई बड़ी और चर्चित फिल्मों के ट्रेलर रिलीज हुए हैं। इन फिल्मों का इंतजार फैंस कई महीनों और सालों से कर रहे हैं। बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा तक में अप्रैल और मई के महीने में कई बढ़यिा फिल्में आने वाली हैं। अक्षय-टाइगर की फिल्म 'बड़े मिया छोटे मियां' से लेकर दिलजीत-परिणीति की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' इन फिल्मों के टीजर और ट्रेलर इस हफ्ते रिलीज किए गए।





### *द साबरमती रिपोर्ट*

*फिल्म 12वीं फेल से धमाल मचाने वाले एक्टर विक्रांत मैसी अब एक नया और सनसनीखेज प्रोजेक्ट द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ रहे हैं। बता दें कि, बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड, विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन में बनी 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी के साथ राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। इस फिल्म को रंजन चंदेल ने डायरेक्ट किया है। शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन इस फिल्म के निर्मिता हैं। ये फिल्म 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।*

### बड़े मियां छोटे मियां

फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर इस हफ्ते रिलीज हुआ। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ साथ टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म को अली अब्बास ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म इस ईद के मौके पर 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। वहीं फिल्म में विलेन के किरदार में साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन हैं।






### *अमर सिंह चमकीला*


*इम्तियाज अली की अकमिंग फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' का इसी हफ्ते धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया। बता दें कि, फिल्म 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ये फिल्म पंजाब के ओरिजनल रॉकस्टार अमर सिंह चमकिला की स्टोरी पर बेस्ड है, जिन्हें अक्सर 'पंजाब का एल्विस प्रेस्ली' कहा जाता था। यह दर्शकों को पंजाब के लोक संगीत की झलक भी देता है जहां कभी चमकीला की आवाज गरजती थी। फिल्म में परिणीति चोपड़ा चमकीला की पत्नी और सिंगिंग पार्टनर अमरजोत का किरदार निभाती नजर आएंगी।*

### फैमिली स्टार

स्टार विजय देवरकोंडा भी अपनी फिल्म 'फैमिली स्टार' के साथ आने वाले हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर इस हफ्ते रिलीज हुआ। ट्रेलर में कई तरह की भावनाओं को दिखाया गया है, जो एक फुल फैमिली एंटरटेनर फिल्म का डोज देता है। उनके साथ मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। फिल्म में रोमांस, ड्रामा, एक्शन और कॉमेडी का भी डोज है। 'फैमिली स्टार', आज5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# महिन्द्रा का उपहार सबसे नई एसयूवी, एक्सयूवी 3एक्सओ




**मुंबई।** भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने बहुप्रतीक्षित एसयूवी, एक्सयूवी 3एक्सओ के नाम का अनावरण किया। 29 अप्रैल को इसकी वैश्विक शुरुआत इस श्रेणी में एक नई मिसाल कायम करेगी, जिसमें परिष्कार और आधुनिक तकनीक शामिल होगी जिसके लिए एक्सयूवी ब्रांड डीएनए मनाया जाता है। 'आप जो कुछ भी चाहते हैं और उससे भी अधिक' प्रदान करने के लिए इंजीनियर किया गया, एक्सयूवी 3एक्सओ वास्तव में एक असाधारण महिंद्रा एसयूवी का सार प्रस्तुत करता है। यह शहरी ड्राइवरों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रोमांचकारी प्रदर्शन, अत्याधुनिक तकनीक, बेजोड़ डिजाइन और अद्वितीय सुरक्षा को एकीकृत करता है। प्रत्येक यात्रा में तीन गुना अपील के साथ यह एसयूवी स्वामित्व के सभी पहलुओं में अपेक्षाओं से अधिक है। एक्सयूवी 3एक्सओ प्रगतिशील लोगों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाता है, इसका नाम 'सीएक्सओ' द्वारा दर्शाई गई कार्यकारी ऊंचाइयों को प्रतिबिंबित करता है। अपने सेगमेंट की अग्रणी विशेषताओं के साथ, यह एसयूवी उन लोगों के लिए है जो अपने जीवन के हर पहलू में उत्कृष्टता की मांग करते हैं। नई एक्सयूवी 3एक्सओ का निर्माण कंपनी की नासिक, महाराष्ट्र स्थित विनिर्माण सुविधा में किया जाएगा।

# मोशन एजुकेशन ने लॉटरी निकालकर हजारों जरूरतमंद विद्यार्थियों को दी स्कॉलरशिप

**कोटा।** मोशन एजुकेशन की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देने के लिए लॉटरी निकली गई। इसके लिए देशभर के 2 लाख 44 हजार 120 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों में से 48 हजार 224 को जेईई और नीट की तैयारी के लिए अमृत कोर्स निशुल्क प्रदान किया गया।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन गत दो वर्ष से अपने यू-ट्यूब चैनल्स से हुई कमाई जेईई और नीट स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देने पर खर्च कर रहा है। स्कॉलरशिप की लॉटरी का यह तीसरा साल है इसमें प्रथम पुरस्कार के तहत गौरव कुमार का नाम निकला। उनसे सम्पर्क न होने की स्थिति में रोहित चौहान का नाम भी बैकअप के तौर पर रखा गया है। गौरव को कोटा क्लास रूम कोचिंग की फीस और कोटा में रहने-खाने का खर्च प्रदान किया जाएगा। 42 छात्र-छात्राओं को कोटा क्लास रूम कोचिंग निःशुल्क दी गई। लॉटरी में मोशन के दो विद्यार्थी मुशाहिद रजा और अनुराग सिंह भी शामिल हैं। अब इनकी पूरी फीस माफ़ होगी। इसके अलावा 151 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत, 251 को 75 और 551 को 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई। लॉटरी के लिए आवेदन करने वाले हर पांच में से एक विद्यार्थी को मोशन अमृत कोर्स निशुल्क दिया गया। लॉटरी के तहत 500 स्टूडेंट्स को दस हजार रुपए शुल्क वाला 'आरंभ' कोर्स निःशुल्क दिया गया। लॉटरी का यू-ट्यूब पर भी सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान मोशन एजुकेशन की डायरेक्टर सुशीला विजय, डॉ. स्वाति विजय, जॉइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, अमित वर्मा सहित कई सीनियर फेकल्टी मौजूद थे।




नितिन विजय ने बताया कि जो बच्चे कोटा नहीं आ सकते, वे अपने नजदीकी शहर के मोशन लर्निंग सेंटर में कोचिंग ले सकेंगे। लॉटरी में आने वाले किसी विद्यार्थी को यह लगता है कि वह सक्षम है और उसे निःशुल्क कोचिंग या स्कॉलरशिप की जरुरत नहीं है तो वह उसको किसी जरूरतमंद विद्यार्थी को डोनेट कर सकता है। हां, यह जरूरी है कि उस बच्चे ने लॉटरी के लिए गूगल फॉर्म भरा हो।

# टूरिज्म सेक्टर में भी आगे हैं दुनिया के सबसे ताकतवर देश

## 'मोस्ट पॉवरफुल कंट्री' की लिस्ट में टॉप पर अमेरिका, भारत 12वें नंबर पर

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे ताकतवर देश कौन सा है? ये सवाल हम सभी एक दूसरे से पूछते हैं या फिर इंटरनेट पर सर्च करते हैं 'मोस्ट पॉवरफुल कंट्री' कौन सी है? अब इस सवाल का जवाब आपको आज हम देने वाले हैं। बता दें, यूएस न्यूज का ये रैंकिंग मॉडल बीएवी ग्रुप द्वारा तैयार किया गया है। इस रैंकिंग को तैयार करने के लिए पांच चीजें तय की गई हैं। वो हैं - ए लीडर, आर्थिक-राजनीतिक प्रभाव, मजबूत अंतरराष्ट्रीय गठबंधन और एक स्ट्रांग आर्मी। रैंकिंग में मार्च महीने की जीडीपी को देखते हुए अर्थव्यवस्था और जनसंख्या को भी शामिल किया गया है। बता दें, इस लिस्ट में बताए गए देश ना केवल पॉवरफुल कंट्रीज में आते हैं, बल्कि घूमने के लिहाज से भी इन्हें सबसे ऊपर गिना जाता है। अमेरिका से लेकर चीन तक और जर्मनी से लेकर भारत देश तक हर कोई के बार इन प्लेसेस को एक बार अच्छे से घूमना चाहता है, जानकारी के अनुसार इन सूची वाले देशों का टूरिज्म सेक्टर भी सबसे ज्यादा स्ट्रांग है, यहां हर साल लाखों-करोड़ों की संख्या में लोग यात्रा करने



### अमेरिका है टॉप पर

इस लिस्ट में अमेरिका 27.97 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी के साथ टॉप पर खड़ा है। अमेरिका की आबादी कुल 339.9 मिलियन है। अमेरिका में कई ऐसी जगह हैं, जो किसी भी दूसरे देश को खूबसूरती के मामले में टक्कर दे सकती हैं।

**अमेरिका की टॉप 5 प्लेस**

फ्रीमोंट ट्रोल — सिएटल, वाशिंगटन
एरिया 51 — लास वेगास, नेवादा
कार हेंज — इंग्लैंड के स्टोनहेंज
रेसट्रैक — कैलिफोर्निया-नेवादा
कोरल कैसल — फ्लोरिडा



### चीन है दूसरे नंबर पर

दूसरे नंबर पर 18.56 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के साथ चीन है, और चीन की आबादी 1.42 बिलियन है। चीन टेक्नोलॉजी के मामले में सभी देशों से बेहद ऊपर है, और यहां घूमने-फिरने के लिए ऐसी-ऐसी जगह हैं, जिन्हें देखकर आपका सिर चकरा जाएगा।

**चीन की टॉप 5 प्लेसेस**

ग्रेट वॉल ऑफ़ चीन, तिब्बत, बीजिंग, शांघाई, द सिल्क रोड

### तीसरे स्थान पर रूस

रूस 1.90 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी और 144 मिलियन आबादी के साथ तीसरे नंबर पर है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद से लोग रूस के बारे में सबसे ज्यादा जानना चाहते हैं, और शायद पॉवरफुल कंट्री की लिस्ट में आने के बाद आपकी दिलचस्पी और बढ़ गई होगी।

**रूस की टॉप 5 प्लेस**

लेक बैकल, मॉस्को, सेंट पीटरबर्ग, अल्टाई, सोची





### भारत है इस नंबर पर

टॉप 10 में भारत तो नहीं आ पाया, लेकिन हां भारत 12 वें नंबर पर जरूर है। इस लिस्ट में 11 वें नंबर पर है इजरायल। इसके बाद भारत आता है, जिसकी अर्थव्यवस्था 3.39 ट्रिलियन डॉलर की है। रिपोर्ट का कहना है कि किसी देश की जनसंख्या का साइज उसकी पॉवर रैंकिंग पर प्रभाव डाल सकता है। और यही कारण है भारत अभी 12 वे पायदान पर मौजूद है।

### ये देश भी हैं इस लिस्ट में शामिल

टॉप तीन देशों के बारे में जानने के बाद, लिस्ट भी एक बार देख लें। जर्मनी 4.70 ट्रिलियन की इकोनॉमी के साथ और 83.2 मिलियन जनसंख्या के साथ चौथे नंबर पर है। वहीं ब्रिटेन 3.59 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के साथ 67.7 मिलियन आबादी वाला पांचवा देश है। इस लिस्ट में छठे नंबर पर है साऊथ कोरिया, इसकी अर्थव्यवस्था 1.78 ट्रिलियन डॉलर और आबादी 51.7 मिलियन है।

# न्यूजीलैंड में बहती हैं 'शहद की नदियां'

## दूसरे नंबर पर है चीन



**नई दिल्ली।** क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा शहद का एक्सपोर्ट कौन देश करता है? इसका जवाब है न्यूजीलैंड। इस छोटे से देश ने 2022 में 333.34 मिलियन डॉलर यानी करीब 275 करोड़ रुपये का शहद एक्सपोर्ट किया। हनी सोर्स के मुताबिक दुनिया के नेचुरल हनी एक्सपोर्ट में न्यूजीलैंड की हिस्सेदारी करीब 12 फीसदी है। न्यूजीलैंड मनुका शहद एक्सपोर्ट करने वाला दुनिया का एकमात्र देश है। मधुमक्खी यह शहद एक खास किस्म के फूल से बनाती हैं। इसमें कई तरह के औषधीय गुण पाए जाते हैं। इस कारण दुनियाभर के कई देशों में इसकी काफी मांग है। यह काफी महंगा बिकता है। भारत में इसका 350 ग्राम का पैक करीब 4,000 रुपये का है। न्यूजीलैंड की हनी एक्सपोर्ट से होने वाली कुल कमाई में मनुका शहद की हिस्सेदारी 82 फीसदी है।

### भारत में शहद उत्पादन

इस लिस्ट में भारत नौवें नंबर पर है। भारत ने 2020 में 8.756 करोड़ डॉलर का हनी एक्सपोर्ट किया था। राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के मुताबिक फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में भारत ने 1,55,000 टन से अधिक शहद का उत्पादन हुआ। भारत में सबसे ज्यादा शहद उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, बिहार और मध्य प्रदेश में होता है। उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी, बहराइच, सिद्धार्थ नगर और बस्ती में शहद का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। गुजरात में खेड़ा, आणंद और वडोदरा, पंजाब में लुधियाना, जालंधर और मध्य प्रदेश में उज्जैन, इंदौर और देवास में शहद का उत्पादन होता है।

# डेविन है दुनिया का पहला एआई सॉफ्टवेयर इंजीनियर




**नई दिल्ली।** कुछ दिनों पहले कहा जा रहा था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंसानों की जगह नहीं लेंगे, बल्कि एआई के आने के कारण काम करने का तरीका बदल जाएगा, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि एआई इंसानों की जगह ले रहे हैं। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि क्योंकि हाल के कुछ दिनों में हमने एआई टीचर से लेकर एआई मॉडल तक को देखा है और अब एआई सॉफ्टवेयर इंजीनियर भी लॉन्च हो गया है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि क्योंकि हाल के कुछ दिनों में हमने एआई टीचर से लेकर एआई मॉडल तक को देखा है और अब एआई सॉफ्टवेयर इंजीनियर भी लॉन्च हो गया है। जी हां, हम बात कर रहे हैं कि डेविन की जो एक एआई सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और यह मिनटों में कोडिंग कर सकता है, किसी एप को डेवलप कर सकते है और जितने काम सॉफ्टवेयर इंजीनियर कर सकते हैं वो सारे काम डेविन भी कर सकता है।

### डेविन की खासियत

डेविन को कॉग्निशन लैब्स ने तैयार किया है जो कि एक एआई स्टार्टअप है। कंपनी का दावा है डेविन ने इंजीनियर का प्रैक्टिकल इंटरव्यू पास किया है और इसके अलावा डेविन ने कई एआई कंपनियों के वास्तविक इंटरव्यू भी पास किए हैं। डेविन एक डेवलपर्स लेकर एक ब्राउजर तक है। डेविन किसी वेबसाइट को तैयार कर सकता है, किसी एप को डेवलप कर सकता है और किसी साइट की खामी को दूर कर सकता है और खुद ही किसी एआई टूल को भी डेवलप कर सकता है। इसके अलावा यह किसी एआई टूल को ट्रेनिंग भी दे सकता है। डेविन में इनबिल्ट कोड एडिटर है जिसमें यह एआई टूल कोड लिखता है। यह एआई इंजीनियर सॉफ्टवेयर से जुड़े किसी भी जटिल काम को कर सकता है।

# जापान में मिलता है दुनिया का सबसे महंगा मशरूम, 50 हजार में एक किलो



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में मशरूम को सेहत से भरी सब्जी में गिना जाता है. इसके फायदे डायटीशियन भी गिना देंगे. दुनिया में कई तरह के मशरूम पाई जाते हैं और उनमें कई मशरूम तो ऐसे हैं, जिनकी कीमत एक-दो हजार रुपये किलो नहीं बल्कि लाखों में है। दुनिया के सबसे महंगे मशरूम के तौर पर जापान के मात्सुतेक मशरूम हैं। कोरियन पेनिंसुला और चीन में पैदा होने वाला ये मशरूम उगता तो अमेरिका में भी है लेकिन जापान के क्योटो में पैदा होने वाले इस मशरूम की कीमतें आसमान छूती हैं। इस मशरूम की खासियत होती है इसकी महक. तीखी महक और मीट जैसे टेक्सचर की वजह से इसे खासा पसंद किया जाता है। इनकी कीमत $500 यानि 41,708 रुपये प्रति पाउंड है।

**फायनेंस**

फाइनेंस- समस्त भारत में मुद्रा योजना द्वारा एज्युकेशन, पर्सनल, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, बिजनेस व मकान, दुकान के लिए आधारकार्ड, पैन कार्ड पर लोन 2% ब्याज, 50% छूट उपलब्ध संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9540069704. (रायपुर/04/अप्रैल/24)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। धन की स्थिति में सुधार होगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है। लाभ में वृद्धि होगी।

**वृष** — भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क** — रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। खानपान के प्रति सचेत रहें। उदर विकार से पीड़ित हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद रहेंगे। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। किसी नये कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**वृश्चिक** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। परिवार की समस्या परेशान कर सकती हैं। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है।

**मकर** — आय में वृद्धि होगी। कार्यभार बढ़ेगा। मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी संयत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**मीन** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

# रामलला की मूर्ति नहीं मेकअप का है कमाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में आसनसोल के रहने वाला एक दंपती इन दिनों काफी सुर्खियों में है। इसकी वजह है इन दोनों द्वारा एक बच्चे का मेकअप कर उसे हूबहू रामलला की मूर्ति जैसा रूप देना. मेकअप के बाद जिसने भी बच्चे को देखा, वो हैरान रह गया। दरअसल, आशीष कुंडू और उनकी पत्नी रूबी कुंडू ने मोहिसीला इलाके में रहने वाले 10 साल के अबीर का मेकअप किया और हुबहू अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित रामलला की मूर्ति का रूप दिया। आशीष का कहना है कि 22 जनवरी को राम मंदिर में हुई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के समय से ही मूर्ति बनाने की इच्छा थी। मगर, किसी कारण पूरी नहीं हो सकी।




### परिवार से ली परमिशन'

ऐसे में उनके मन में हमेशा ये बात आती थी कि राम लल्ला के लिए कुछ अद्भुत और अलग हटकर करें, जिसे पूरा देश देखे. इस दृढ़ विश्वास के साथ घूमते रहे। इसी बीच उनकी मुलाकात अबीर से हो गई। फिर उसके परिजनों से मुलाकात की और मेकअप कर रामलला का रूप देने की इच्छा जताई। बच्चे को देखकर लोग बोले इस पर परिजनों ने हामी भर दी और फिर रूबी और आशीष तैयारियों मे जुट गए। दोनों एक ब्यूटी पार्लर चलाते हैं। ऐसे में दिन में पार्लर का काम देखते और रात में अबीर को रामलला का रूप देने की तैयारियां करते। करीब एक महीने में दोनों ने बच्चे को तैयार किया और मेकअप कर हूबहू रामलला का रूप देने में सफल हो गए।

दंपती ने बताया कि बच्चे को पहनाए गए तमाम गहने फोम से तैयार किए गए हैं। उसको पूरी तरह से तैयार करने के बाद जब लोगों को दिखाया गया तो वो दंग रह गए। लोग यह कहने पर मजबूर हो गए कि ये तो अयोध्या के रामलला हैं। हर किसी ने बच्चे की तस्वीरें औ वीडियो अपने मोबाइल में कैद किए।

## शब्द पहेली - 5472



**बाएँ से दाए**

1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरेया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 5471 का हल**



## सूडोकू बवाल - 5483

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू बवाल - 5482 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

कहानी / हरीश कुमार 'अमित'

# मीठी ईद की खुशियां

सलीम के साथ क्रिकेट खेलने वाला दानिश बहुत ही गरीब परिवार का था। ईद आई तो सलीम को चिंता हुई दानिश कैसे ईद की खुशियां मनाएगा? उसने यह बात अपने अब्बा-अम्मी से साझा की। क्या उन्हें भी दानिश की चिंता हुई? क्या दानिश मीठी ईद की खुशियां मना पाया या उसकी ईद अपनी गरीबी में फीकी रही?



अब्बा शाम को दफ्तर से घर लौटे ही थे कि सलीम भी बाहर से खेलकर आ गया। उसके हाथ में क्रिकेट का बैट था। वह हर रोज शाम के समय आस-पास के बच्चों के साथ मैदान में क्रिकेट खेलता है। सलीम ने सुना कि अब्बा ईद की खरीदारी के बारे में अम्मी से बात कर रहे हैं। वह वहीं पास खड़ा होकर उन दोनों की बातें सुनने लगा। कुछ देर बाद सलीम थोड़ा झिझकते हुए बोला, 'अब्बा, मैं कुछ कहना चाहता हूं।'

'हां, बोलो बेटा।' अब्बा बोले।

'अब्बा, हम बच्चे शाम को क्रिकेट खेलते हैं न...।' सलीम कहते-कहते रुक गया।

'हां..हां... बताओ बेटा, क्या बात है?' अम्मी ने प्यार से पूछा।

'जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो वहां हमारे साथ दानिश नाम का एक बच्चा भी खेलता है।' सलीम यह कह ही रहा था कि अब्बा बोले, 'वही दानिश न जो रन बनाता जाता है और जल्दी आउट नहीं होता।'

उधर से अम्मी भी बोलीं, 'इसी दानिश के बारे में तो तुम बताते रहते हो कि वह बड़ा गरीब है, उसकी अम्मी भी पिछले साल बीमारी से गुजर गई थीं।'

'हां, वही दानिश। उसके अब्बू किराए पर रिक्शा चलाते हैं। उन लोगों का घर भी टूटा-फूटा-सा है।' सलीम ने बताया।

अब्बा और अम्मी सलीम की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे।

'कल ईद का त्योहार है। हम लोग तो ईद पर नए कपड़े पहनेंगे, अच्छा-अच्छा खाना खाएंगे, पर दानिश कैसे ईद मनाएगा? वे लोग तो बड़े गरीब हैं। दानिश कह रहा था कि उसके अब्बू को हर रोज बस सौ-डेढ़ सौ रुपए की कमाई होती है। वे तो हर रोज की तरह कल भी सुबह-सुबह रिक्शा लेकर निकल जाएंगे। दानिश बेचारा कैसे ईद मनाएगा? क्या हम कुछ ऐसा नहीं कर सकते, जिससे वह भी हंसी-खुशी ईद मना सके?' सलीम की आवाज में चिंता का भाव था।

सलीम की बात सुनकर अब्बा और अम्मी कुछ सोचने लगे, फिर अब्बा बोले, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। हम अभी ईद की खरीदारी करने के लिए बाजार जा रहे हैं। हम दानिश के लिए भी कुछ खरीद लेंगे।'

अब्बा की बात सुनकर अम्मी बोलीं, 'हम नए कपड़े खरीद लेंगे दानिश के लिए। तुम्हारे नाप के ही चल जाएंगे न?'

'अम्मी, कपड़े तो दानिश को मेरे ही नाप के चल जाएंगे, पर वह इस तरह किसी से कुछ लेता नहीं है, वह बहुत ही स्वाभिमानी लड़का है।' सलीम ने बताया।

यह सुनकर अब्बा कुछ देर सोचते रहे और फिर बोले, 'इसका भी एक तरीका सोच लिया है मैंने। आओ, अब बाजार चलते हैं।'

अगली सुबह अब्बा ने सलीम को कहा कि वह दानिश को बुला लाए। कुछ ही देर में दानिश आ गया तो अब्बा उससे बोले, 'बेटा दानिश, सुना है तुम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेलते हो।'

'अंकल जी, क्रिकेट खेलना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं पूरे जी-जान से खेलता हूं क्रिकेट।' दानिश ने जवाब दिया।

'लेकिन हमारे सलीम को तो बढ़िया क्रिकेट खेलना आता नहीं है। तुम सिखा सकते हो क्या इसे भी बढ़िया क्रिकेट खेलना? बन सकते हो क्या इसके क्रिकेट कोच?' अब्बा दानिश से बोले।

'मैं कैसे कोच बन सकता हूं अंकल जी! मैं तो अभी छोटा हूं।' दानिश हैरानी से बोला।

'क्यों नहीं बन सकते तुम इसके कोच! तुम इतना बढ़िया क्रिकेट खेलना जानते हो।' अब्बा ने कहा तो अम्मी बोलीं, 'दानिश बेटा, बन जाओ न सलीम के कोच।'

'बन जाओ न मेरे कोच!' सलीम भी मनुहार करते हुए दानिश से बोला। अब्बा, अम्मी और सलीम की बात सुनकर दानिश ने सलीम का कोच बनने की बात मान ली।

अब्बा अपने कमरे में गए और दानिश के लिए नए कपड़े लेकर आ गए। उन कपड़ों को दानिश को थमाते हुए बोले, 'बेटा, इन्हें अपनी कोच फीस के तौर पर रख लो।'

दानिश उन कपड़ों को लेने में झिझक रहा था। तभी अम्मी रसोई से बाहर झांकते हुए बोलीं, 'बेटा दानिश, इन कपड़ों पर तो तुम्हारा हक बनता है। तुम हमारे घर में ही नहा लो और ये नए कपड़े पहन लो।'

कुछ देर बाद सलीम और दानिश नए कपड़े पहनकर मजे से गर्मा-गर्म सिवइयां खा रहे थे। मीठी ईद की खुशियां पूरे घर में खुशबू की तरह फैली हुई थीं। *

त्योहार / शिवानी छाया

# आओ मिलकर मनाएं ईद

फरहान आजकल बहुत खुश और उत्साहित है। ईद आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन उसके घर में अभी से ही चहल-पहल है। फरहान के घर में ईद की खरीदारी और अन्य तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। शाश्वत भी ईद को लेकर बहुत उल्लासित है, क्योंकि पिछली बार की तरह इस बार भी उसे अपने पापा-मम्मी के साथ फरहान के घर ईद मिलने जाना है। फरहान भी अपने पापा के साथ होली में शाश्वत के घर होली मिलने आता है। मजे से होली के पकवान खाता है। उसे शाश्वत की मम्मी के हाथों से बनी गुझिया बहुत पसंद है।



फरहान के पापा और शाश्वत के पापा सालों से बहुत अच्छे दोस्त हैं। शाश्वत और फरहान एक ही स्कूल में क्लासमेट हैं। त्योहारों और फैमिली फंक्शंस में दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर आना-जाना रहता है। हर त्योहार की खुशियां साथ मनाते हैं।

पिछली ईद पर शाश्वत ने फरहान के घर खूब मजे किए थे। शाश्वत ने वहां सभी को 'ईद मुबारक' कहा, फरहान और उसके कजिंस से गले मिला था। फरहान के दुबई वाले चचाजान खिलौने लेकर आए थे, इन खिलौनों से शाश्वत, फरहान और उसके कजिंस देर तक खेलते रहे। शाश्वत को फरहान के मम्मी के हाथों से बनी मीठी सेवइयां खूब पसंद आई थीं। अम्मी ने सभी बच्चों के साथ शाश्वत को भी 'ईदी' दी थी।

'पिछली बार की तरह इस बार भी ईद पर खूब एंज्वॉय करेंगे।' यह सोचकर शाश्वत मन ही मन में बहुत खुश था। इस बार तो शाश्वत ने अपने हाथों से फरहान के लिए 'ईद मुबारक' का कलरफुल ग्रीटिंग-कार्ड बनाया है। फरहान और शाश्वत दोनों को ही बेसब्री से ईद का इंतजार है।

प्यारे बच्चों, फरहान और शाश्वत का ईद के प्रति उत्साह देखकर तुम्हें बहुत अच्छा लग रहा है न! ईद है ही ऐसा त्योहार! यह रमजान का पाक महीना पूरा होने पर मनाया जाता है। यह त्योहार हमें दया, करुणा, स्नेह और सौहार्द का संदेश देता है। अमन का पैगाम देता, प्रेम-भाईचारे और खुशियों का त्योहार है ईद।

बच्चों, तुम्हारे या तुम्हारे दोस्तों के घर में भी ईद की तैयारी जोर-शोर से चल रही होगी। तुम सब अपने परिवार और दोस्तों के साथ खूब अच्छे से ईद-उल-फितर मनाना। अगर तुम्हारे घर में ईद नहीं मनाई जाती है तो तुम भी शाश्वत की तरह अपने किसी दोस्त के घर ईद मनाने चले जाना। यदि दोस्त का घर तुम्हारे घर से बहुत दूर है तो ऐसे में तुम अपने दोस्त को फोन करके ईद की बधाई जरूर देना। तुम सभी को ईद की बधाई.. ईद मुबारक...! *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## ईद मुबारक


नया चांद दिखता, तब आती ईद है।
मीठी सेवईं हमें खिलाती ईद है।
वह इंसान नहीं है, जो खुदगर्ज है।
दुनिया खुश हो, यही हमारा फर्ज है।
जो गरीब हैं, उनको धन का दान दें।
दें उनको पकवान, नए परिधान दें।
कपड़े नए हमें दिलवाती ईद है।
हम बच्चों को बहुत लुभाती ईद है।
भाईचारा और सभी का साथ हो।
गले मिलें हम और हाथों में हाथ हो।



सब में तोहफों का आदान-प्रदान हो।
प्यार बढ़े, नफरत का हमें न ध्यान हो।
खुशियों के परचम लहराती ईद है।
ईद मुबारक! कहती, आती ईद है।

## जीके क्विज-98

1. हाल में चरण सिंह को (मरणोपरांत) कौन सा सम्मान प्रदान किया गया?
2. महात्मा गांधी को सबसे पहले 'राष्ट्रपिता' कहकर किसने संबोधित किया था?
3. हाल में ही नेशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया?
4. स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे?
5. विश्व का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी पर्वत कौन-सा है?
6. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का क्या नाम है?
7. खाने वाले नमक में क्लोराइड के अलावा कौन-सा तत्व मौजूद होता है?
8. मानव शरीर की सबसे लंबी अस्थि कौन-सी होती है?
9. 'इंडिया विंस फ्रीडम' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. भारतीय हीरा संस्थान किस राज्य के किस शहर में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-98 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर :** 1-भूटान, 2-हरिवंश, 3-इंडियन प्रीमियर लीग, 4-गंगटोक, 5-लोहा, 6-पत्ती, 7-मंगोलिया, 8-विटामिन सी, 9-शाहजहां, 10-भौतिक विज्ञान

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर भेजने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, नितिन कुमार-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, कबीर-हिसार, ईशान-अहमदाबाद, ज्योति-दंतेवाड़ा, पवन-जींद, आयुषी-रायपुर, प्रतीक-जबलपुर, अवंतिका-रोहतक, राजू-कोरबा, प्रेरणा-नारनौल, कपिल-दिल्ली, आदित्य-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी:** रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
**रिंकू:** मम्मी, क्या दूध वाले अंकल बिल में रहते हैं?
-सोनी, हिसार

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-अभिजीत, डोंगरगढ़



**डॉक्टर:** तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
**राजेश:** डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
-अर्नव, भोपाल

**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन:** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-मुकुल, भिलाई

अवेयरनेस
अनुराग मनींद्र

स्पेशल: वर्ल्ड हेल्थ-डे, 7 अप्रैल

बच्चों, हर साल 7 अप्रैल को 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया जाता है। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। जानो, वर्ल्ड हेल्थ-डे से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें।

# हेल्थ इज वेल्थ

हम स्वस्थ रहने पर ही खुश रह सकते हैं। अस्वस्थ रहने पर कभी खुश नहीं रह सकते, क्योंकि हमें कई तरह की तकलीफें हो जाती हैं, ऐसे में मन दुखी-उदास रहता है। इसलिए हमारा स्वस्थ रहना, इसके प्रति जागरुकता बहुत जरूरी है। लोगों का जीवन स्वस्थ रहे, इसके लिए 7 अप्रैल 1948 को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की गई। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन को हम हिंदी में बोलते हैं-विश्व स्वास्थ्य संगठन। इस संगठन की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं बेहतर ढंग से मिलें। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के दूसरी वर्षगांठ पर, 7 अप्रैल 1950 को पहली बार 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया गया था। इसके बाद से इसे हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है।

**हर साल रहती है एक थीम :** हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। यह थीम विभिन्न




स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों, स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों और स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों के आधार पर तय की जाती है। साल 2024 के लिए 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' की थीम 'माइ हेल्थ, माइ राइट' (मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार) निर्धारित की गई है।

**जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन:** लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बातों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डब्ल्यूएचओ और अन्य सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों में भाषण प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन, नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही इन कार्यक्रमों में कई बार हेल्थ एक्सपर्ट्स को भी आमंत्रित किया जाता है, जो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह देते हैं।





**अपनाओ हेल्दी फूड हैबिट्स :** बच्चों, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है तुम जंक फूड से दूर रहो, हेल्दी फूड खाओ। बहुत से बच्चे जंक फूड्स और बाजार में बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स बहुत ज्यादा खाते हैं। जंक फूड्स बनाने में कई तरह के हानिकारक रसायनों का प्रयोग किया जाता है। जंक फूड्स स्वादिष्ट जरूर होते हैं, लेकिन इसका दुष्प्रभाव सीधा हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए जितना हो सके, जंक फूड्स से दूर रहो। घर में बने ताजे और हेल्दी फूड्स ही खाओ।



**खेलो फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम्स :** आजकल ज्यादातर बच्चे वीडियो गेम्स खेलना पसंद करते हैं। पढ़ाई के बाद उनका समय लैपटॉप, मोबाइल या टीवी स्क्रीन पर ही बीतता है। बच्चों, इस तरह की आदतें तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही नहीं हैं।



इसलिए तुम्हें इनडोर गेम्स के बजाय अपनी पसंद का कोई आउटडोर गेम, जैसे- क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, हॉकी या वॉलीबॉल वगैरह खेलना चाहिए। इसके अलावा तुमको जॉगिंग, रनिंग या फिर साइक्लिंग जैसी आउटडोर एक्टिविटीज भी करनी चाहिए। आउटडोर एक्टिविटीज तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं।

**स्वच्छता का रखो ध्यान :** बच्चों, गंदे वातावरण में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले बैक्टीरिया और वायरस पनपने का खतरा रहता है। इसलिए अपने घर में और आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखो, साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करो। हर बार खाने से पहले साबुन से हाथ जरूर धो या फिर हाथों को अच्छे से सैनिटाइज करो।

**स्वास्थ्य के प्रति हमेशा रहो जागरूक :** बच्चों, तुमने यह प्रचलित कहावत 'हेल्थ इज वेल्थ' तो जरूर सुनी होगी! बच्चों, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अगर तुम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहोगे तो तुम्हारा मस्तिष्क भी अच्छे से क्रियाशील रहेगा। इससे तुम पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अच्छा परफॉर्म कर सकोगे। इसलिए तुम्हें अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए। साथ ही तुम्हें अपने दोस्तों और छोटे भाई-बहनों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। *

## शब्द पहेली

विमला नागला

बच्चों, इस शब्द पहेली में रिक्त स्थानों पर एकदम सटीक शब्द तुम्हें भरना है। यह भी बता दें कि इसमें भरे जाने वाले शब्द 'सु' या 'सू' से प्रारंभ होते हैं।

**रविवार का** दिन था। दादाजी और दिव्यू...जल्दी ही बड़े तालाब के किनारे घूमने आ गए। धीरे-धीरे.....निकल रहा था। तालाब के किनारे भिन्न-भिन्न रंगों के.....खिले हुए थे। उनमें से भीनी-भीनी.....आ रही थी। वहां एक.....का



फूल खिला हुआ था, जिसका मुंह हमेशा सूरज की दिशा में घूम जाता है। आज मौसम बहुत.....था। अचानक कोयल की.....आवाज सुनाई दी। यह सुनकर दोनों बहुत खुश हुए। बगीचे का तालाब बहुत सुंदर लग रहा था परंतु गर्मियों में तो यह बिल्कुल.....जाता है।


'दादाजी! आज तो मजा ही आ गया सचमुच सुबह का भ्रमण.....फल देता है।' दादाजी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां बेटा! अब जल्दी घर चलना है। आज तुम्हें अपना हस्तलेख सुधारने के लिए .....भी तो लिखना है।'

'जी! अब तक तो मम्मी ने मेरी पसंद का टमाटर.....भी तैयार कर दिया होगा।'

## रंग भरो-147

**रंग भरो-147** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रोहतक



अराध्य, बिलासपुर



अंकित, धमतरी



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दैविक-रोहतक, कल्पित-रोहतक, आर.विद्या-रायपुर, जतिन-जींद, योगेश-जबलपुर, धीरज-महासमुंद, मीरा-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रौनक-जांजगीर, कविता-भोपाल, शिवेश-दिल्ली, अनंता-बस्तर, पीहू-गुना, प्रशांत-करनाल, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 148



बच्चों, यहां पर लकड़ी के एक लट्ठे पर बैलेंस बनाकर चलते हुए एक बच्चे और बच्ची का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ फल दिखाई दे रहे हैं। जिन्हें (A)राजू, (B)पिंकी और (C)सोनू खाना चाहते हैं। तुम्हें सही रास्ता खोजकर यह बताना है कि ये फल किसके हैं?



# मंयक को सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतारा जा सकता है: ब्रॉड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत की नयी तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव को सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतारा जा सकता है ताकि कैरियर में चोटों का सामना करने के लिये उनका शरीर सख्त हो सके।

पिछले साल क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले चुके ब्रॉड का मानना है कि कम उम्र में ही शुरूआत करके यादव शीर्ष स्तर पर बहुत कुछ सीख सकते हैं लेकिन उन्हें उतार चढाव के लिये तैयार रहना होगा।

### मंयक का लय जबरदस्त

तेज गेंदबाज ने कहा ,'उसे यह याद रखना होगा कि खेल में चोट भी लगेगा । वह काफी रफ्तार से गेंद डालता है लेकिन उसकी लय जबर्दस्त है । पहले दो आईपीएल मैचों में किसी तेज गेंदबाज को मैन आफ द मैच चुना जाना अक्सर नहीं होता । मैं उम्मीद करता हूं कि वह तीनों प्रारूप खेलेगा । उसे अपेक्षाओं के दबाव की भी आदत डालनी होगी । उसे हर मैच में तो मैन आफ द मैच पुरस्कार नहीं मिलेगा ।'



### घरेलू क्रिकेट से गुजारना जरूरी नहीं

स्टार स्पोटर्स की कमेंट्री टीम में शामिल ब्रॉड ने यहां चैनल के स्टूडियो में बातचीत में कहा ,'मुझे नहीं लगता कि उसे घरेलू क्रिकेट से होकर गुजरने की जरूरत है । शीर्ष स्तर पर खेलकर उसका शरीर खुद ब खुद सख्त हो जायेगा ।'

### रनअप, लाइन और लैंग्थ काफी अच्छी

ब्रॉड ने कहा ,'उसका रनअप अच्छा है और उसे लाइन और लैंग्थ की भी अच्छी समझ है । किसी युवा गेंदबाज के लिये सबसे शीर्ष स्तर पर खेलना अच्छा सबक होता है । मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कम उम्र में शुरूआत करके ही बहुत कुछ सीखा । वह आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ सीख रहा है ।'

### पहले उतारने से ही फायदा होगा

इंग्लैंड के लिये 604 टेस्ट विकेट ले चुके ब्रॉड ने कहा कि 21 वर्ष के मयंक को शीर्ष स्तर पर उतारने से उसे फायदा ही होगा क्योंकि भारत को एक खास गेंदबाज मिल गया है । उन्होंने कहा , 'मैं तो उसे भारतीय टीम में देखना चाहूंगा । जरूरी नहीं कि वह खेले लेकिन ड्रेसिंग रूम में बहुत कुछ सीख सकत है । भारत को एक खास खिलाड़ी मिल गया है जिसे ढंग से मैनेज करने की जरूरत है ।'

## आईपीएल पाइंट टेबल


| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

## बाउंड्री मीटर

442 चौके
299 छक्के

## खबर संक्षेप



### फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है । भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी और चार टीमों के ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रही। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है । ब्राजील पांचवें स्थान पर है ।

### फिरोजा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे प्रज्ञानानंदा



**टोरंटो।** भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा यहां शुरू हुए कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे जबकि ऑल इंडियन मुकाबले में डी गुकेश और विदित गुजराती आमने-सामने होंगे। दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ियों फाबियानो करुआना और हिकारू नाकामूरा के बीच ऑल अमेरिकी मुकाबला होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में अजरबेजान के निजात अबासोव की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाची से होगी। महिला वर्ग के पहले दौर में भी दो भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली और कोनेरू हंपी आमने-सामने होंगी।

### ओल्टमेंस को राष्ट्रीय टीम का कोच बनाना चाहता है पाकिस्तान



**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने भारत के पूर्व कोच रहे मशहूर डच कोच रोलेंट ओल्टमेंस से राष्ट्रीय टीम का कोच बनने के लिये संपर्क किया है। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पीएचएफ में इस समय दो ईकाइयां है। पीएचएफ ने मलेशिया और पोलैंड में मई जून में होने वाले अजलन शाह कप और नेशंस कप के लिये पाकिस्तानी टीम का कोच बनने का अनुरोध किया है। पीएचएफ के एक धड़े के सचिव राणा मुजाहिद ने पुष्टि की है कि ओल्टमेंस से संपर्क किया गया है जबकि दूसरे धड़े के सचिव हैदर हुसैन ने चेताया है कि महासंघ को एफआईएच से निलंबन झेलना पड़ सकता है।

## आईपीएल : दिल्ली से पराजय के बाद चेन्नई जीत की राह पर लौटने उतरेगी

# मुस्ताफिजूर के बिना सुपर किंग्स का सामना आज सनराइजर्स हैदराबाद से

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है। दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी ।

इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था । उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे ।

### धोनी के ऊपर आने की संभावना कम

क्रिकेटप्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे ।उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाये थे । वैसे उनके ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं ।



### वीजा के लिए बांग्लादेश लौटे मुस्ताफिजूर

गेंदबाजी में चेन्नई को संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्ताफिजूर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं । अभी तक मुस्ताफिजूर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिये अच्छा प्रदर्शन कर रही थी ।

### मुस्ताफिजूर की जगह चौधरी ले सकते हैं

मुस्ताफिजूर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है । दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा । उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं ।

### भुवनेश्वर ने नई गेंद से निराश किया

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे । गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं । भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं । कप्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिये ।

## खास खबर

### भारत में डोपिंग के मामले सर्वाधिक



**नई दिल्ली।** विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है। वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3 . 2 प्रतिशत है । नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2 . 9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे । तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1 . 9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले । चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे । चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0 . 2 प्रतिशत रहे ।

- 2000 या अधिक टेस्ट कराने वाले देशों में भारत
- भारत के बाद दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका

**रूस ने 10186 नमूनों की जांच की** : डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0 . 8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे ।

### पंत पर लगा 24 लाख का जुर्माना



*विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है । पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी । बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा , 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है ।' इसमें कहा गया , 'यह इस सत्र में आईपीएल की आचार संहिता के तहत टीम का दूसरा अपराध था लिहाजा पंत पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया । इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है ।'*

# उबर कप नहीं खेलेगी सिंधु


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और शीर्ष दो युगल टीमों ने उबर कप से नाम वापिस ले लिया है लेकिन पुरूष वर्ग में मजबूत टीम 27 अप्रैल से चेंगडू में होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलेगी ।

फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधू ने छह टूर्नामेंट खेले हैं । उन्होंने पेरिस ओलंपिक से पहले रिकवरी के लिये पर्याप्त समय की जरूरत को देखते हुए नाम वापिस लिया है । महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो ने भी नाम वापिस ले लिया है। उनका फोकस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये दूसरे टूर्नामेंटों पर है । बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा ,'सिंधू चोट के बाद वापसी कर रही है और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये उसे समय चाहिये । युगल टीमों ने भी नाम वापिस ले लिया है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में काफी टूर्नामेंट खेले हैं और अब फोकस क्वालीफिकेशन पर है ।'भारत थॉमस कप में गत चैम्पियन है और इस बार भी मजबूत टीम उतारी है । इसमें पांच एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज हैं ।

## अजारेंका चार्ल्सटन ओपन के तीसरे दौर में



**चार्ल्सटन।** विक्टोरिया अजारेंका और अनहेलिना कालिनिना ने वर्षाबाधित चार्ल्सटन ओपन टेनिस में अपने अपने मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सत्र के पहले क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में 12वीं वरीयता प्राप्त अजारेंका ने एलिसाबेट्टा कोसियारेट्टो को 6-1, 6-2 से हराया। वहीं 15वीं वरीयता प्राप्त कालिनिना ने पूर्व चैम्पियन कैरोलिन वोज्नियाकी को 6-2, 6-3 से मात दी। बारिश के कारण मुकाबले देर से शुरू हुए और कई मुकाबले स्थगित करने पड़े ।

### पहले दस मैचों में आईपीएल की रिकॉर्ड दर्शक संख्या

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने देखा जो टूर्नामेंट के किसी भी सत्र से अधिक है जिसमें कोरोना महामारी के दौरान खेले गए सत्र भी शामिल हैं । डिजनी स्टार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से बीस फीसदी अधिक है । डिजनी स्टार (स्पोटर्स) के प्रमुख संजोग गुप्ता ने कहा , 'टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम आहलादित हैं ।

**कार्यालय सुयंक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जबलपुर म.प्र.**
**ब्लॉक-15, सिविक सेंटर, मढ़ाताल जबलपुर (म.प्र.)**
Email id- Jabalpur@mptownplan.gov.in
क्रमांक 548/ नग्रानि/ JBPL21032413073/21/ MAR/2024
Phone No.0761-2401981 जबलपुर, दिनांक 04/04/2024
परिशिष्ट-ट, प्रारूप-ड (नियम-14 (3) (तीन) देखिये)
धारा-29(3) के अधीन प्रस्तुत उपांतरण प्रस्ताव की दशा आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु सार्वजनिक सूचना:- जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है SHRI RAJKUMAR KHATWANI S/O LATE K.C. KHATWANI Address H.NO.16,CANTONMENT WARD, CHHAWANI KATANGA, GORAKHPUR, JABALPUR द्वारा पूर्व स्वीकृत मानचित्र में व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान के स्थान पर कमर्शियल कॉर्पोरेट ऑफिस ऑफिस चेम्बर, नर्सिंग होम स्वीकार्य गतिविधि में संशोधन बावत आवेदन म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29 (3) के तहत प्रस्तुत किया गया है (क) **परियोजना का नाम**- KHATWANI TOWER, (ख) **अवस्थिति (अवस्थिति/ ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक)** - मौजा औरिया, नं.ब. 01, प.ह.नं. 19/22 (नया 73), तहसील व जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 171/2 एवं 171/3 का कुल रकवा 0.464 हेक्टेयर यानि 4640 वर्गमीटर भूमि पर पूर्व स्वीकृत मानचित्र में व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान के स्थान पर कमर्शियल कॉर्पोरेट ऑफिस ऑफिस चेम्बर, नर्सिंग होम स्वीकार्य गतिविधि में संशोधन के संबंध में। (ग) **विकास का प्रयोजन**- पूर्व स्वीकृत मानचित्र में स्वीकार्य गतिविधि में संशोधन बावत। (घ) **स्वीकृति का पत्र क्रमांक**- 2144 से 2146 दिनांक 10.11.2020 पूर्व स्वीकृति अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उसे परियोजना से जुड़े व्यक्तियों के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उपांतिरिणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। प्रस्तावित उपांतरण का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा उपरोक्त कार्यालय में कार्यालीन समय के दौरान किया जा सकता है।
**संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जबलपुर**


## हार के बाद स्टिमक को बर्खास्त करने की सिफारिश की गई थी

# विश्व कप क्वालीफायर मैचों में प्रभारी बने रहेंगे इगोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आलोचनाओं का सामना कर रहे इगोर स्टिमक कुवैत और कतर के खिलाफ भारत के फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफाइंग मुकाबलों के प्रभारी बने रहेंगे क्योंकि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच से आगामी दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है।

भारतीय फुटबॉल के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति ने 26 मार्च को गुवाहाटी में घरेलू चरण के मुकाबले में अफगानिस्तान से मिली चौंकाने वाली हार के बाद क्रोएशिया की विश्व कप टीम के खिलाड़ी रह चुके स्टिमक को बर्खास्त करने की सिफारिश की थी लेकिन अब एक हफ्ते बाद एआईएफएफ ने फिलहाल उन्हें बरकरार रखा है।



### वर्चुअल बैठक में स्टिमक से चर्चा

अफगानिस्तान से हार के बाद एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे द्वारा गठित और उपाध्यक्ष एनए हारिस की अध्यक्षता वाली एक समिति ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक के दौरान स्टिमक के साथ चर्चा की।

### इतिहास में पहली बार तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका

एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य और तकनीकी समिति के अध्यक्ष विजयन ने कहा, 'मुझे खुशी है कि मुख्य कोच के साथ हमारी अच्छी चर्चा हुई। विश्व कप क्वालीफायर में हमारे दो मुकाबले बचे हैं। इतिहास में पहली बार हमारे पास तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका।'

### भारत को मैचों पर ध्यान केंद्रित करना होगा

विजयन ने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम अगले दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करें और राष्ट्रीय टीम के साथ मजबूती से खड़े रहें ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।' हारिस, विजयन और क्लाइमैक्स लॉरेंस सहित समिति के तीन सदस्य बैठक में शामिल नहीं हो सके।

### भारत के असफल रहने पर इस्तीफा देंगे

बैठक के दौरान स्टिमक से अफगानिस्तान के घरेलू मैच से पहले उनकी टिप्पणियों को स्पष्ट करने के लिए भी कहा गया, जहां उन्होंने कहा था कि अगर भारत क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहा तो वह इस्तीफा दे देंगे।

### अनमोल समेत 5 भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| अस्ताना

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब समेत पांच भारतीय खिलाड़ी कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए । अनमोल के अलावा देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई ।गत राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल ने यूएई की नूरानी रातु अजाहरा को दूसरे दौर में 21-11, 21-7 से हराया। अब उनका सामना जापान की सोरानो योशिकावा से होगा । वहीं इस साल चार फाइनल में पहुंचकर दो अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीतने वाली सिहाग ने अजरबैजान की केइशा फातिमा अजाहरा को 21-12, 21-12 से शिकस्त दी ।




### हवाई यात्रा को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश

# हवाई अड्डों पर भी रखी जायेगी नजर

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन वाले राज्यों में चार्टर्ड विमानों, हेलीकॉप्टरों एवं वाणिज्यिक विमानों के माध्यम से अनाधिकृत रूप से अस्त्र-शस्त्र निषिद्ध वस्तुओं अथवा बड़ी मात्रा में नकदी एवं बहुमूल्य धातुओं के परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से हवाई यात्रा करने वाले लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिये हैं। आयोग ने कहा कि मतदान वाले राज्यों में चुनावी प्रक्रिया के समय हवाई अड्डे पर यात्रियों व सामानों की तलाशी तथा जांच संबंधी सभी नियमों व पद्धतियों का बिना किसी अपवाद के कड़ाई के साथ पालन किया जाना चाहिए। आयोग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि विमान यातायात नियंत्रण एटीसी को निर्वाचन वाले राज्य में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी को चार्टर विमान या हेलीकॉप्टर की यात्रा योजना के बारे में कम से कम आधे घंटे पहले सूचित करना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक चुनाव वाले राज्यों में वाणिज्यिक एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले और उतरने वाले सभी निजी विमानों या हेलीकॉप्टरों का एटीसी विमान यातायात नियंत्रण द्वारा रिकार्ड रखा जायेगा तथा इसकी सूचना की एक प्रति संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी




तथा उस जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी। आयोग के निर्देशों के मुताबिक निजी या चार्टर विमान अथवा कामर्शियल फ्लाईट या हेलीकॉप्टर से यात्रा करने वाले यात्रियों के हाथ में ले जाये जाने वाले सामान सहित पूरे सामान की जांच हवाई अड्डे पर केन्द्राrय औद्योगिक सुरक्षा बल अथवा राज्य या केन्द्र शासित राज्यों के पुलिस अधिकारियों को बिना किसी छूट के पूरी जांच करनी होगी। आयोग के मुताबिक सुरक्षा अधिकारियों को जांच में 10 लाख रूपये की नगदी अथवा एक किलो सोना या इससे अधिक मूल्य का सोना.चांदी, हीरा जवाहरात पाये जाने पर आयकर विभाग को तुरंत सूचित करना होगा। सूचना प्राप्त होने पर आयकर विभाग द्वारा आयकर नियमों के अनुरूप सत्यापन किया जायेगा और सत्यापन के दौरान संतोषजनक स्पष्टीकरण न दिये जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इस तरह की बहुमूल्य धातु या नगदी की मुक्ति के पहले आयकर विभाग को निर्वाचन आयोग, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी को सूचित करना होगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सुरक्षा बल और आयकर विभाग को हवाई अड्डे पर यात्रियों की जांच बहुमूल्य धातुओं या नकदी की खोज से लेकर जब्ती अथवा मुक्त करने तक का पूरी प्रक्रिया का संपादन सीसीटीव्ही कैमरे की निगरानी में करना होगा।



## मुंबई अहमदाबाद के लिए 20 अप्रैल से सीधी उड़ान प्रारंभ होगी

**जबलपुर।** जबलपुर में अत्याधुनिक विमानतल तो बना दिया गया लेकिन फ्लाईटें अब कम हैं। जिसको लेकर यात्री लगातार सवाल उठा रहे हैं। जिसके चलते कई नई फ्लाईट इस महीने शुरु होने जा रही हैं। जबलपुर से एक बार फिर मुंबई और अहमदाबाद के लिए सीधी उड़ान प्रारंभ होगी। स्पाइस जेट द्वारा इन दोनों रूटों पर अपनी विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल से यह विमान सेवाएं शुरू की जाएंगी, जो 26 अक्टूबर तक अनवरत जारी रहेंगी। इनमें से मुंबई और अहमदाबाद आने-जाने के लिए जहां चार सीधी फ्लाइट्स हैं, वहीं चार फ्लाइट्स वाया शुरू की गई है। इन दोनों विमान सेवाओं के शुरू हो जाने के बाद एक बार फिर एयरपोर्ट पर फ्लायर्स का ग्राफ और मूवमेंट बढ़ेगा।

### यह फ्लाईट होंगी शुरु

जबलपुर से उड़ान- सुबह 7.00 बजे, अहमदाबाद पहुंचने का समय- सुबह 08.35 बजे, अहमदाबाद से उड़ान- शाम 05.00 बजे, जबलपुर पहुंचने का समय- शाम 06.30 बजे, मुंबई से उड़ान-सुबह 11.40 बजे, जबलपुर पहुंचने का समय- दोपहर 01.30 बजे, जबलपुर से उड़ान-दोपहर 02.20 बजे, मुंबई पहुंचने का समय- अपरान्ह 04.10 बजे।

## पूर्व सीएम शिवराज, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा व पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के विरुद्ध जमानत वारंट पर रोक



**जबलपुर।** हाई कोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने मानहानि के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह के विरुद्ध एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट द्वारा जारी जमानती वारंट पर रोक लगा दी।

एमपीएमएलए की विशेष न्यायाधीश विश्वेश्वरी मिश्रा की अदालत ने मानहानि के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह के विरुद्ध पांच-पांच सौ रुपये का जमानती वारंट जारी किया था। अदालत ने तीनों नेताओं को सात मई को हाजिर होने के निर्देश दिए थे। इस आदेश के विरुद्ध तीनों की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

**-मानहानि के प्रकरण में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती का मामला**

### हाई कोर्ट में तीनों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रविनंदन सिंह ने बहस की

प्रकरण के अनुसार तीनों नेताओं के विरुद्ध जबलपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में राज्यसभा सदस्य व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा द्वारा 10 करोड़ रुपये का मानहानि का दावा किया गया है। परिवाद में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण से संबंधित उन्होंने कोई बात नहीं कही थी। उन्होंने मध्य प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव मामले में परिसीमन और रोटेशन की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर रोक लगा दी तो भाजपा नेताओं ने साजिश करते हुए इसे गलत ढंग से पेश किया। सीएम शिवराज सिंह, वीडी शर्मा और भूपेंद्र सिंह ने गलत बयान देकर ओबीसी आरक्षण पर रोक का ठीकरा उनके सिर फोड़ दिया। जिससे उनकी छवि धूमिल करके आपराधिक मानहानि की है।

## ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों की सुनवाई बढ़ी

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट में लंबित ट्रांसफर याचिकाओं में आने वाले आदेश की प्रतीक्षा में हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों की सुनवाई बढ़ा दी। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की खंडपीठ ने अगली सुनवाई 29 अप्रैल को नियत की है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दायर एक दर्जन से अधिक याचिकाओं पर 19 अप्रैल को सुनवाई होना है। हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण से जुड़े करीब 90 याचिकाएं लंबित हैं।

## कॉलेजों में सत्र 2024-25 की ऑनलाइन ई-प्रवेश प्रक्रिया की पूर्व तैयारी के लिए आदेश जारी

जबलपुर।

बुधवार को प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और कॉलेजों के प्राचार्य को दिशा निर्देश जारी किए हैं। कॉलेजों में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। विभाग के आयुक्त द्वारा अनुमोदित इस आदेश को उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. तुलसीराम दहायत ने जारी किए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त गैर शासकीय अथवा निजी कॉलेजों को सत्र 2024-25 की ऑनलाइन ई-प्रवेश प्रकिया में शामिल होना है। इसके लिए अपने महाविद्यालय की प्रोफाइल को अपडेट करने एवं सत्यापन कराने के लिए दिए गए निर्देशों का पालन किया जाना है। इसमें हर कॉलेज को 16 अप्रैल 2024 तक ई-प्रवेश के पोर्टल के माध्यम से अपनी प्रोफाइल अद्यतन की कार्यवाही पूरी करना होगी। उक्त पोर्टल पर लॉगिन करने

**महाविद्यालय की प्रोफाइल अपडेट करने और दस्तावेजों का सत्यापन करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश**

के बाद अपनी महाविद्यालयीन प्रोफाइल में विगत वर्ष की गई प्रविष्टियों की जानकारी प्रदर्शित होगी। जिसे महाविद्यालय को अपडेट करना होगा। कॉलेज की अन्य जानकारी, जैसे प्राचार्य संबंधी, स्थान संबंधी, मोबाइल नम्बर बैंक संबंधी जानकारी सहित अन्य आवश्यक संशोधन किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य कुल 11 बिंदुओं के निर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें कॉलेजों को सत्र 2024-25 में स्वीकृत किए गए नए संकाय/विषय/डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रम की सम्यक जानकारी भी अपडेट करने को कहा है।

## स्टेशनों में गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना वसूला

**जबलपुर।** जबलपुर मण्डल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। सीनियर डीसीएम श्री विश्व रंजन के मार्गदर्शन में जबलपुर मण्डल के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को भी जागरुक किया जाता है। इसके अंतर्गत वाणिज्य एवं आरपीएफ विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने का अनुरोध किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जबलपुर रेल मंडल ने स्टेशन परिसर में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1395 मामले पकड़े। जिनसे कुल 01 लाख 54 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया। मार्च माह में सर्वाधिक 394 मामले गन्दगी करने वालों के पकड़े गए जिनसे कुल 51 हजार रूपये



### विद्युत नियामक आयोग को आपत्ति भेजी

## इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड में बदलाव से होंगे झगड़े

जबलपुर।

इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड में प्रस्तावित तीसरे संशोधन के कारण बिजली सप्लाई के अधिकार मिलने से सोसायटीज के पदाधिकारी चुनाव रंजिश तथा आपसी मनमुटाव के चलते भेदभाव निर्माण करेंगे, जिससे कॉलोनी रहवासियों में आपसी तनाव एवं झगड़े होंगे। यदि सोसायटी निष्क्रिय हो जाएगी या भंग हो जाएगी तो बिजली सप्लाई तथा बिलिंग आदि में अड़चनें पैदा होगी, जिसका खामियाजा रहवासियों को भुगतना पड़ेगा। यह आपत्ति नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मप्र विद्युत नियामक आयोग को भेजी है। उल्लेखनीय है कि आयोग ने क्लॉज नंबर 4.67 में संशोधन कर 4 प्रावधानों को जोड़कर कहा है कि एकल बिन्दु पर बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी, जिससे कॉलोनी की सोसायटी घरों या फ्लैट में बिजली सप्लाई कर सकेगी। मंच के अनुसार कॉलोनियों को सहकारी संस्थाएं अधिनियम के साथ-साथ म्युनिसिपल कार्पोरेशन एक्ट तथा रेरा कानून के तहत पंजीकृत करना जरुरी है, लेकिन संशोधन में केवल सरकार से पंजीकृत करने को कहा गया है। म्युनिसिपल कार्पोरेशन एक्ट तथा रेरा का उल्लेख नहीं किया गया है। इस असामंजस्य से अवैध कालोनियों के पदाधिकारी लाभ उठा सकते हैं, जिससे रहवासियों को नुकसान हो सकता है। संशोधन के अनुसार मीटर रीडिंग, बिलिंग आदि व्यवस्थाओं के खर्च हेतु सोसायटी अतिरिक्त वसूली कर सकेगी। इन अतिरिक्त राशियों के कारण बिजली के दाम बढ़ेंगे, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ होगा।

# 20 रूपये क्विंटल में होगा गेहूं अपग्रेडेशन

### उपार्जन केन्द्र पर गेंहू के लिए शुल्क निर्धारित

जबलपुर।

उपार्जन केंद्रों पर किसानों द्वारा लाये गये नॉन एफएक्यू गेंहू के अपग्रेडेशन हेतु शुल्क का निर्धारण करने जिला आपूर्ति नियंत्रक एवं सयुंक्त कलेक्टर नदीमा शीरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित की गई बैठक में कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं जिला उपार्जन समिति के सदस्यों से विस्तृत चर्चा के बाद लेबर चार्ज के रूप में 20 रुपये प्रति क्विंटल का शुल्क तय किया गया। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर आयोजित की गई इस बैठक में कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि उपार्जन केन्द्र पर पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्था रहेगी। पंजीकृत कृषक द्वारा स्लॉट बुंकिग के उपरान्त उपार्जन केन्द्र पर लाया गया गेंहू अमानक पाए जाने पर पंजी में दर्ज किया जाएगा। एवं किसान को अपग्रेडेशन कराने की सलाह दी जाएगी। किसान द्वारा स्वयं भी अपग्रेडेशन



कराया जा सकता है, जो कि निःशुल्क रहेगा। किसान द्वारा स्वयं अपग्रेड कराने पर कोई राशि देय नहीं होगी। किन्तु यदि किसान द्वारा स्वयं गेंहू का अपग्रेडेशन नहीं कराया जाता है एवं किसान उपार्जन संस्था के माध्यम से अपग्रेड कराना चाहता है तो अपग्रेडेशन में लगने वाला लेबर व्यय उपार्जन नीति अनुसार किसानों द्वारा देय होगा। जिसकी रसीद उपार्जन संस्था द्वारा किसान को प्रदाय की जायेगी। किसानों के प्रति क्विंटल गेंहू साफ-सफाई में लगने वाला लेबर व्यय अथवा अपग्रेडेशन दर पूरे जिले में एक समान रहेगी। बैठक में जिला उपार्जन समिति के सदस्यों एवं कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसान द्वारा समिति के माध्यम से गेंहू के अपग्रेडेशन हेतु लेबर व्यय 20 रूपये प्रति क्विंटल राशि किसान द्वारा देय होगी। जिसकी रसीद अनिवार्य तौर पर उपार्जन संस्था द्वारा किसान को दी जावेगी। अपग्रेडेशन हेतु लेबर व्यय की दर उपार्जन संस्था द्वारा उपार्जन केन्द्र में सहजगोचर स्थान पर बैनर लगाकर प्रदर्शित की जावेगी। किसानों को उपार्जन केन्द्र पर किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम दूरभाष क्रमांक 0761- 2990239 पर शिकायत दर्ज कराने हेतु अवगत कराने प्रेरित किया गया। उपायुक्त सहकारिता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जबलपुर को निर्देशित किया कि वे समस्त उपार्जन केन्द्रों में एक जैसे प्रारूप में एक दिवस में रसीद बुक प्रिंट करवाकर उपलब्ध कराए तथा लेबर व्यय की दर का बैनर लगवाना सुनिश्चित करें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240